ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 12 जून 2024
वर्ष 34, अंक 136, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



सुपर आठ से एक कदम दूर भारत 13

फिल्म गिल्ट 3 को मिली प्रतिक्रिया से खुश सारा खान 14

## ‘सरकारी परिवार’ को मोदी बांट रहे सत्ता की वसीयत

नई दिल्ली, एजेंसी



- राहुल गांधी ने परिवारवाद को लेकर किया मोदी पर पलटवार

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने परिवारवाद को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हमले का जोरदार जवाब देते हुए मंगलवार को कहा कि उनका परिवारवाद संघर्ष और बलिदान की परंपरा का है लेकिन मोदी सत्ता सुख की वसीयत बांट कर सरकारी परिवारवाद को बढ़ावा दे रहे हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि मोदी का सरकारी परिवारवाद है जहां सत्ता के करीबियों के बच्चों को वह सत्ता की वसीयत का सुख बांट रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीढ़ियों के संघर्ष, सेवा और बलिदान की परंपरा को परिवारवाद कहने वाले अपने ‘सरकारी परिवार’ को सत्ता की वसीयत बांट रहे।

कांग्रेस नेता ने राजग के 20 नेताओं के नाम गिनाए जिनमें एचडी कुमार स्वामी, जयंत चौधरी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, चिराग पासवान, राम मोहन नायडू, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, किरण रिजिजू, जेपी नड्डा, जितिन प्रसाद, कीर्ति वर्धन सिंह और अनुप्रिया पटेल शामिल हैं।

## ले. जनरल उपेंद्र द्विवेदी होंगे नए सेना प्रमुख



**नई दिल्ली।** वर्तमान में उप सेना प्रमुख के रूप में कार्यरत लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी सेना के नए प्रमुख होंगे। वे 30 जून दोपहर से अगले सेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालेंगे। मौजूदा सेनाध्यक्ष जनरल मनोज सी पांडे 30 जून को रिटायर हो रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने लंबे समय तक जम्मू-कश्मीर में सेवाएं दी हैं। सरकार ने 26 मई को थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे को एक महीने का सेवा विस्तार दिया था। इस वजह से वह 30 जून तक इस पद पर बने रहेंगे।

## काम में जुटी मोदी सरकार, नए मंत्रियों ने संभाला पदभार

नई दिल्ली, एजेंसी

परिवर्तन और निरंतरता का संकेत देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए केंद्र की नई सरकार ने मंगलवार को काम शुरू कर दिया। कैबिनेट मंत्री और राज्य मंत्री कार्यभार संभालने के लिए अपने-अपने कार्यालयों में पहुंचे। मंत्रियों को विभाग आवंटित किए जाने के एक दिन बाद कई मंत्रियों ने सुबह ही कार्यभार संभाला और अहम फाइलों पर हस्ताक्षर किए। कुछ लोगों ने प्रार्थना के साथ कार्यभार संभाला तो कुछ ने समर्थकों की नारेबाजी के बीच।

राजग 3.0 ने चुनाव परिणामों के एक सप्ताह बाद ‘कार्यभार संभाला’ जिसमें गठबंधन को 293 सीटों के साथ बहुमत मिला, जो 272 के बहुमत के आंकड़े से अधिक था। भाजपा को हालांकि 240 सीटें मिलीं। विदेश मंत्री जयशंकर ने कार्यभार संभालने के बाद कहा कि ‘भारत प्रथम’ और ‘वसुधैव कुटुम्बकम’ भारतीय विदेश नीति के दो मार्गदर्शक सिद्धांत होंगे। चीन के साथ संबंधों पर जयशंकर ने कहा कि उस देश की सीमा पर कुछ मुद्दे बने हुए हैं और उन्हें सुलझाने की कोशिश की जाएगी।



कृषि मंत्री शिवराज चौहान को बधाई देतीं भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज।

### दायित्व संभालने के साथ किए अहम फाइलों पर हस्ताक्षर

वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने केंद्रीय गृह मंत्री के रूप में लगातार दूसरी बार कामकाज संभाल लिया। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने स्वास्थ्य के साथ रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय का कार्यभार भी संभाल लिया। इसी मंत्रालय में राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने भी कार्यभार संभालने के बाद नड्डा से मुलाकात की। अश्विनी वैष्णव ने सूचना एवं प्रसारण मंत्री के तौर पर पदभार ग्रहण किया। उनके पास रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी जैसे महत्वपूर्ण विभाग भी हैं। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीब से गरीब लोगों की सेवा को अपने जीवन का ध्येय और सरकार का मुख्य उद्देश्य बना लिया है।

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। हरदीप सिंह पुरी ने भी पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री का कार्यभार संभाला। मनसुख मांडविया ने श्रम एवं रोजगार मंत्री का कार्यभार ग्रहण किया। केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने भी पदभार ग्रहण किया। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि दूरसंचार क्षेत्र और भारतीय डाक विभाग दोनों को वैश्विक और स्थानीय स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि वह संसद का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास करेंगे। नई महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने भी कार्यभार ग्रहण किया।




## राज्य में नई तबादला नीति को मंजूरी

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में 41 प्रस्तावों को दी स्वीकृति

### जिले में 3 वर्ष और मंडल में 7 वर्ष पूरे करने वाले कर्मचारियों को 30 जून तक मनचाहा तबादला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने अपने कर्मचारियों, अधिकारियों को दोहरा लाभ दिया है। लोकभवन में मंगलवार को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में 2024-25 के लिए नई स्थानांतरण नीति को मंजूरी दी गई। सभी मनचाहे स्थानांतरण 30 जून तक हो जाएंगे। नीति के तहत समूह क और ख के उन अधिकारियों का स्थानांतरण किया जा सकेगा, जिन्होंने जिले में 3 वर्ष और मंडल में 7 वर्ष पूरे कर लिए हैं। वहीं, समूह ग और घ में सबसे पुराने अधिकारियों का पहले ट्रांसफर किया जाएगा। मंत्रिमंडल ने 30 जून और 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले लाखों सरकारी कर्मचारियों को एक जुलाई और एक जनवरी से प्रस्तावित वेतन वृद्धि का लाभ देने का भी फैसला लिया। स्थानांतरण के क्रम में समूह क और ख के अधिकारियों के लिए अधिकतम 20 प्रतिशत तो वहीं समूह ग और घ के लिए अधिकतम 10 प्रतिशत की सीमा रखी गई है। मंगलवार को योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 42 प्रस्ताव रखे गए, जिनमें 41 को मंजूरी दी गई।

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कैबिनेट से पारित स्थानांतरण नीति के तहत अगर समूह ग और घ के लिए 10 प्रतिशत से ऊपर स्थानांतरण करना होगा तो इसके लिए मंत्री की अनुमति आवश्यक होगी। वहीं, समूह क और ख में 20 प्रतिशत से अधिक स्थानांतरण करने की आवश्यकता होगी तो उसकी अनुमति मुख्यमंत्री से लेना जरूरी होगा। बताया कि 8 आकांक्षी जिलों और 34 जिलों के 100 आकांक्षी विकासखंडों में रिक्त पड़े पदों को भरने की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

### प्रयागराज कुंभ के लिए 2500 करोड़ रुपये

प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ के लिए 2500 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। महाकुंभ की तैयारियों को देखते हुए 2019 की तुलना में 2025 में 3200 हेक्टेयर की जगह 4000 हेक्टेयर क्षेत्र में मेले का विस्तार किया गया है। अनुमान है कि मौनी अमावस्या पर करीब छह करोड़ लोग स्नान के लिए प्रयागराज आएंगे।

### बरेली व गाजियाबाद में निजी विवि को हरी झंडी, पांच के नाम बदले

राज्य सरकार ने पांच विश्वविद्यालयों के नामों में भी मामूली संशोधन किया है। इन विश्वविद्यालयों के नाम से राज्य शब्द को हटाया गया है। इनमें महाराज सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़, मां शाकुम्भरी देवी विश्वविद्यालय सहारनपुर, मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय मीरजापुर, मां पाटेश्वरी देवी विश्वविद्यालय बलरामपुर शामिल हैं जिनमें विश्वविद्यालय से पहले राज्य शब्द लगा था। वहीं, उप्र. राज्य विश्वविद्यालय मुरादाबाद को अब गुरु जंबेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के नाम से जाना जाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने दो नए निजी विश्वविद्यालयों को लेटर ऑफ इंटेंट देने का प्रस्ताव पारित होने की जानकारी साझा की। इसमें एचआरआईटी गाजियाबाद और दूसरा फ्यूचर विश्वविद्यालय बरेली है। दोनों ने सभी मानक पूरे कर लिए हैं।

### एक दिन पूर्व भी रिटायर हुए तो वेतन वृद्धि

मंत्रिमंडल ने लाखों सरकारी कर्मचारियों के हित में बड़ा फैसला लेते हुए साफ कर दिया कि 30 जून और 31 दिसंबर को रिटायर होने वालों को एक जुलाई और एक जनवरी से प्रस्तावित वेतन वृद्धि का लाभ मिल सकेगा। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अभी तक 30 जून और 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले कर्मचारियों को एक जुलाई या एक जनवरी को प्रस्तावित वेतन वृद्धि का लाभ नहीं मिल पाता था। लेकिन अब उन्हें वेतन वृद्धि का लाभ उनकी पेंशन और ग्रेच्युटी में मिल सकेगा।

### बुंदेलखंड के 26 प्रोजेक्ट को मंजूरी

कैबिनेट ने बुंदेलखंड क्षेत्र की 26 परियोजनाओं को भी स्वीकृति दी। इनकी कुल लागत 10858 करोड़ रुपये है। इसमें 1394 करोड़ रुपये की वृद्धि की गई है। मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि दो महीने में सभी परियोजनाओं को पूरा कर दिया जाएगा। आईआईटी कानपुर में स्कूल ऑफ मेडिकल रिसर्च एंड टेक्नालॉजी बनाया जाएगा। राज्य सरकार इसके लिए हर साल 10 करोड़ रुपये देगी। शेष मदद केंद्र से आएगी। नोएडा में भी 500 बेड के अस्पताल को मंजूरी मिली, जिसका निर्माण 15 एकड़ भूमि पर किया जाएगा।

## ओडिशा के नए सीएम होंगे मोहन माझी

भुवनेश्वर, एजेंसी

भाजपा के वरिष्ठ नेता मोहन माझी ओडिशा के नए मुख्यमंत्री होंगे तथा केवी सिंगदेव और पार्वती परिदा को उपमुख्यमंत्री बनाने की घोषणा की गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को भाजपा विधायक दल की करीब एक घंटे तक चली बैठक के बाद मुख्यमंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्रियों के नामों की घोषणा की।

राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में यहां पार्टी विधायक दल की बैठक में शामिल हुए। उन्होंने भाजपा विधायक दल के नेता के रूप में माझी के नाम की घोषणा की। उन्होंने बताया कि माझी के नाम का प्रस्ताव सुरमा पाढ़ी और पृथ्वीराज हरिचंदन ने रखा, जिसका बैठक में मौजूद सभी पार्टी विधायकों ने सर्वसम्मति से समर्थन किया।



- केवी सिंगदेव और पार्वती परिदा को उपमुख्यमंत्री का पद

राजनाथ सिंह ने कहा कि पार्टी ने सिंगदेव और परिदा को उपमुख्यमंत्री बनाने का फैसला किया है। शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को यहां जनता मैदान में होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल होंगे।

### चंद्रबाबू आज लेंगे आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ



**अमरावती।** तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू बुधवार को चौथी बार आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा और बंडी संजय कुमार के साथ-साथ कई अन्य नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। राजग नेताओं के अनुरोध के बाद राज्यपाल एस. अब्दुल नजीर ने मंगलवार को नायडू को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया।

## एक नजर

### कठुआ में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकी ढेर

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले के गांव में मंगलवार शाम आतंकियों ने हमला किया, जिसके बाद सुरक्षा बलों से हुई मुठभेड़ में एक संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया। एक नागरिक भी घायल हुआ है। शेष छिपे हुए आतंकवादियों के खिलाफ पुलिस का व्यापक अभियान जारी है। माना जा रहा कि इन आतंकियों ने सीमा पार से घुसपैठ की है। यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब हाल में आतंकवादियों ने श्रद्धालुओं को शिव खोरी मंदिर से कटरा ले जा रही एक बस पर पोनी इलाके में तेरयाथ गांव के पास रविवार को गोलीबारी कर दी थी। हमले के बाद बस खाई में जा गिरी थी। इस घटना में नौ लोगों की मौत हो गई थी और 41 लोग जख्मी हो गए थे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवादियों ने हीरानगर सेक्टर में कूटा मोड के पास सैदा सुखल गांव पर हमला किया। इसके बाद चलाए गए तलाशी अभियान में एक आतंकवादी मारा गया। उसके पास से एक एके राइफल और एक बैग बरामद किया गया है। आतंकी की पहचान और उसके समूह का पता लगाया जा रहा है।

### ज्योति विज बनीं फिक्की की महानिदेशक



**नई दिल्ली।** उद्योग संगठन फिक्की ने आज ज्योति विज को फिक्की के महानिदेशक के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की क्योंकि इस पद पर कार्यरत शैलेश पाठक ने अपने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दे दिया है। फिक्की ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि विज 1993 में फिक्की में शामिल हुईं, विभिन्न पदों पर काम कर चुकी हैं और वर्तमान में फिक्की की अतिरिक्त महानिदेशक हैं। फिक्की के अध्यक्ष डॉ. अनीश शाह ने कहा कि विज की नई भूमिका में स्वागत करते हुए खुशी हो रही है।

## प्रदेश में बिजली की खपत 29,500 मेगावाट पहुंची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### फिर टूटा रिकार्ड

- ऐसे ही रहा तो जल्द ही 30 हजार मेगावाट पर पहुंच सकती है मांग

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में प्रदेश में अधिकतम बिजली मांग का पिछला रिकॉर्ड टूट गया। मंगलवार को बिजली की अधिकतम मांग 29,500 मेगावाट पर पहुंच गई। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने भारी मांग को देखते हुए जल्द ही मांग के 30 हजार मेगावाट पर पहुंचने की संभावना जताई है।

कॉरपोरेशन सूत्रों के अनुसार बीते चार जून को बिजली की अधिकतम मांग 29,344 मेगावाट दर्ज हुई थी, पर मंगलवार को यह रिकॉर्ड टूट गया। मंगलवार को बिजली की अधिकतम मांग 29,500 मेगावाट दर्ज हुई, जबकि न्यूनतम मांग 22,779 मेगावाट रही। सूत्रों का कहना कि गर्मी के कारण बिजली की मांग लगातार बढ़ती जा रही है, क्योंकि गर्मी से राहत के लिए एयर कंडीशनर का इस्तेमाल बढ़ गया है। मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात कर स्थिति को काबू करने का प्रयास किया जा रहा है।

## नीट काउंसलिंग पर रोक से इंकार

नई दिल्ली, एजेंसी



- परीक्षा की शुचिता प्रभावित हुई है, एनटीए दे जवाब : सुप्रीम कोर्ट
- केंद्र और एनटीए के अलावा बिहार सरकार को भी नोटिस जारी

सुप्रीम कोर्ट ने कथित तौर पर प्रश्नपत्र लीक होने और अन्य गड़बड़ियों के आधार पर मेडिकल प्रवेश परीक्षा ‘राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा-स्नातक’ (नीट-यूजी) 2024 को फिर से कराने के अनुरोध वाली याचिका पर मंगलवार को केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से जवाब मांगा। हालांकि कोर्ट ने काउंसलिंग की प्रक्रिया पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है।

न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायामूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की अवकाश पीठ ने प्रश्नपत्र लीक होने और अन्य गड़बड़ियों के आरोपों पर संज्ञान लेते हुए कहा कि यह इतना आसान नहीं है कि आपने जो किया है वह सब पाक साफ है। शुचिता प्रभावित हुई है, इसलिए हमें जवाब चाहिए। पीठ ने हालांकि सफल अभ्यर्थियों को एमबीबीएस, बीडीएस और अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश देने के लिए काउंसलिंग की प्रक्रिया पर रोक लगाने से इंकार कर दिया। केंद्र और एनटीए के अलावा पीठ ने बिहार सरकार को भी नोटिस जारी किया। राज्य में परीक्षा में गड़बड़ी के आरोप लगे हैं।

पीठ ने कहा कि आपको कितना समय चाहिए? अदालत खुलने के तुरंत बाद? नहीं तो काउंसलिंग शुरू हो जाएगी। शीर्ष अदालत ने शिवांगी मिश्रा और अन्य द्वारा दाखिल याचिका को लंबित याचिका के साथ संलग्न कर एनटीए को जल्द से जल्द जवाब दाखिल करने को कहा। शीर्ष अदालत की पीठ में गर्मियों के अवकाश के बाद आठ जुलाई से नियमित सुनवाई शुरू होगी। एनटीए देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नीट-यूजी आयोजित करता है।

## विवि में दो बार प्रवेश देने की अनुमति होगी : यूजीसी

नई दिल्ली, एजेंसी

- किन्हीं कारणों से समय पर प्रवेश न ले पाने वाले छात्रों को सहूलियत

भारतीय विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों को अब विदेशी विश्वविद्यालयों की तर्ज पर वर्ष में दो बार प्रवेश देने की अनुमति मिल जाएगी और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने इस संबंध में योजना को मंजूरी दे दी है।

यूजीसी अध्यक्ष जगदीश कुमार ने यह जानकारी दी। कुमार ने बताया कि शिक्षण सत्र 2024-25 से जुलाई-अगस्त और जनवरी-फरवरी में दो बार प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी। कुमार ने कहा कि यदि भारतीय विश्वविद्यालय वर्ष में दो बार प्रवेश दे सकें, तो इससे ऐसे छात्रों को लाभ होगा, जो बोर्ड परीक्षा के परिणामों की घोषणा में देरी, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं या व्यक्तिगत कारणों से जुलाई-अगस्त सत्र में किसी विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने से चूक जाते हैं। उन्होंने कहा कि साल में दो बार विश्वविद्यालयों में प्रवेश से छात्रों को प्रेरणा बनाए रखने में मदद मिलेगी क्योंकि यदि वे वर्तमान सत्र में प्रवेश से चूक जाते हैं तो उन्हें प्रवेश पाने के लिए एक पूरा वर्ष इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

## पीएम ने सोशल मीडिया से ‘मोदी का परिवार’ हटाया

नई दिल्ली, एजेंसी



- प्रधानमंत्री ने समर्थकों से भी ऐसा करने की अपील की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया खातों पर नाम के आगे लिखा ‘मोदी का परिवार’ हटा दिया और समर्थकों से भी ऐसा करने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा नेतृत्व वाली राजग की चुनावी जीत ने प्रभावी रूप से वह संदेश दिया है, जो उसे देना चाहिए था।

लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान राजद नेता लालू प्रसाद यादव ने उन पर आरोप लगाया था कि उनका अपना कोई परिवार नहीं है।

प्रधानमंत्री ने पलटवार करते हुए कहा था कि भारत के लोग उनका परिवार हैं। इसके बाद भाजपा सदस्यों और बड़ी संख्या में उनके समर्थकों ने मार्च में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने नाम के आगे ‘मोदी का परिवार’ लिखा और इसका उपयोग एक अभियान के रूप में किया। मोदी ने ‘एक्स’ पर एक पोस्ट में कहा कि ‘मोदी का परिवार’ से मुझे बहुत ताकत मिली।

## लोस सदस्य बनने के बाद राज्यसभा में 10 सीटें रिक्त

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनावों के बाद राज्यसभा में 10 सीटें खाली हो गई हैं। राज्यसभा सचिवालय ने इन्हें अधिसूचित किया है। असम, बिहार और महाराष्ट्र में दो-दो, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और त्रिपुरा में एक-एक रिक्तियां हैं। ये रिक्तियां कामाख्या तासा (असम), सर्बानंद सोनोवाल (असम), मीसा भारती (बिहार), विवेक ठाकुर (बिहार), दीपेंद्र सिंह हुड्डा (हरियाणा), ज्योतिरादित्य सिंधिया (मप्र), उदयनराजे भोंसले (महाराष्ट्र), पीयूष गोयल (महाराष्ट्र), केसी वेणुगोपाल (राजस्थान) और बिप्लब कुमार देब (त्रिपुरा) से जुड़ी हैं।

## एनएसजी व आईटीबीपी को वीआईपी सुरक्षा से हटाया जाएगा

नई दिल्ली, एजेंसी

### बड़े बदलाव की उम्मीद : महत्वपूर्ण व्यक्तियों की सुरक्षा अर्द्धसैनिक बलों को सौंपने की तैयारी

नए मंत्रियों के प्रभार संभालने और अत्यधिक जोखिम का सामना कर रहे एक दर्जन से अधिक व्यक्तियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी एनएसजी एवं आईटीबीपी से अन्य अर्द्धसैनिक बलों को हस्तांतरित किए जाने के साथ, केंद्र सरकार की वीआईपी सुरक्षा व्यवस्था में एक बड़ा और आमूलचूल बदलाव नजर आने की उम्मीद है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्रालय के तहत आने वाले इस महत्वपूर्ण विषय की समीक्षा जल्द ही किए जाने की उम्मीद है और विभिन्न राजनीतिक हस्तियों, पूर्व मंत्रियों, सेवानिवृत्त नौकरशाहों तथा कुछ अन्य लोगों को दिया गया सुरक्षा कवर या तो वापस ले लिया जाएगा, घटाया जाएगा या बढ़ा दिया जाएगा।

सूत्रों ने बताया कि यह भी निर्णय लिया गया है कि अति विशिष्टि व्यक्तियों (वीआईपी) की सुरक्षा ड्यूटी से ‘ब्लैक कैट’ कमांडो को पूरी तरह से हटाने के काफी समय से लंबित प्रस्ताव को अब लागू किया जाएगा और सभी नौ व्यक्तियों की ‘जेड-प्लस’ श्रेणी की सुरक्षा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की वीआईपी सुरक्षा इकाई को सौंपी जाएगी। उन्होंने बताया कि भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के कर्मियों द्वारा कुछ वीआईपी को दी जा रही सुरक्षा सीआरपीएफ या केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के विशेष सुरक्षा समूह (एसएसजी) को सौंपी जा सकती है। एनएसजी कमांडो के निकट सुरक्षा बल द्वारा सुरक्षा पाने वालों में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री एवं बसपा सुप्रीमो मायावती, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह शामिल हैं।



### 2012 से बन रही एनएसजी को दायित्व मुक्त करने की योजना

एनएसजी को वीआईपी सुरक्षा कार्यों से मुक्त करने की योजना 2012 से ही बनाई जा रही है, जब एनएसजी कमांडरों ने एक ऐसी स्थिति का अनुमान लगाया था जिसमें देश के विभिन्न स्थानों पर एक ही समय पर आतंकी हमले हो सकते हैं और कमांडो को विभिन्न दिशाओं में भेजना पड़ सकता है। केंद्र सरकार ने एनएसजी को नया रूप देने और इसके कर्मियों का उपयोग अयोध्या में राम मंदिर के निकट और देश के दक्षिणी भाग में स्थित महत्वपूर्ण संपदा के आसपास कुछ अधिक जोखिम वाले क्षेत्रों में कमांडो की ‘हमलावर टीम’ को तैनात करने का निर्णय लिया है। वीआईपी सुरक्षा से एनएसजी को हटाए जाने पर, दो दशक से अधिक समय बाद ‘ब्लैक कैट’ कमांडो को इस दायित्व से मुक्त किया जाएगा।

## एक नजर

### सेतु निगम में अभियंताओं के 300 पद खाली

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश सेतु निगम में अभियंताओं के करीब 300 पद खाली है। इसमें 200 पद जूनियर इंजीनियर व 100 पद सहायक अभियंता के हैं। निगम में वर्ष 2009 के बाद कोई भर्ती नहीं हुई है। स्थिति यह है कि जहां एक पुल पर तीन जूनियर इंजीनियर तैनात होने चाहिए, वहां तीन से चार पुलों की जिम्मेदारी एक जूनियर इंजीनियर पर है। निगम में सहायक अभियंता (सिविल) के 184, सहायक अभियंता (यांत्रिक) के 56, जूनियर इंजीनियर (सिविल) के 272, जूनियर इंजीनियर (यांत्रिक) के 130 पद हैं। इनमें से 50 फीसदी पद रिक्त हैं। भर्ती न होने के कारण कई प्रकार की समस्याएं सामने आ रही हैं।

# अभियान तक ही सिमटा मोटा अनाज

## बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों के बच्चों को नहीं मिला लाभ

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

▸▸ लगभग 60 हजार टन मोटा अनाज खरीदने की है जरूरत

**अमृत विचार:** कक्षा 1 से 8 तक सरकारी विद्यालयों में बच्चों के लिए परोसे जाने वाले मध्यान्ह भोजन में मोटा अनाज अभी तक शामिल नहीं हुआ है। जबकि इसके लिए पिछले वर्ष जागरूकता अभियान चलाया गया। मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा ने इसे मध्यान्ह भोजन में शामिल करने के लिए कहा था। लेकिन मोटा अनाज अभियान तक ही सिमट कर रह गया।

जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों का कहना है ये अनाज केंद्र सरकार की ओर से मिलना था जो कि अभी तक नहीं मिला है। पूरे प्रदेश में 1.33 लाख से अधिक प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों का संचालन होता है इनमें 1.75 करोड़ बच्चे पढ़ाई करते हैं।

**बाजरे की रोटी या खिचड़ी दी जानी थी:** योजना के मुताबिक, मध्याह्न भोजन में छात्रों को बाजरे की रोटी या खिचड़ी परोसी जानी थी। मध्याह्न भोजन प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार लगभग 60 हजार टन मोटा अनाज खरीदने की जरूरत है। वर्तमान में सप्ताह में छह दिन बच्चों को सब्जियों या दाल के साथ गेहूं या चावल से बने व्यंजन परोसे जाते हैं।

### एफसीआई को भेजा था प्रस्ताव

अधिकारियों ने बताया कि मध्याह्न भोजन कार्यक्रम के लिए बाजरा उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार ने भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को एक प्रस्ताव भी भेजा था। लेकिन अभी तक केंद्र सरकार ने अपना निर्णय इस पर नहीं लिया है। यूपी में मध्याह्न भोजन का कुल बजट लगभग 3,000 करोड़ रुपये है। केंद्र सरकार लागत का 60 प्रतिशत देती है बाकी 40 प्रतिशत राज्य सरकार देती है।

> मोटे अनाज को लेकर विद्यालयों में बच्चों को जागरूक भी किया गया लेकिन मध्यान्ह भोजन में अभी तक इसे नहीं शामिल किया गया है।
>
> –विनय कुमार सिंह, अध्यक्ष, प्रा. शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसो.

> मोटा अनाज बच्चे-बड़े सभी के लिए जरूरी है। ये हमारे शरीर में कैल्शियम की पूर्ति तो करता ही है साथ में वजन भी नियंत्रित करने में सहायक है।
>
> –डॉ. हर्षिता, सीनियर डायटिशियन

# उपेक्षित जिलों में विवि खोलने को बनेगी नीति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



अधिकारियों के साथ बैठक करते उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय। अमृत विचार

▸▸ विदेशी विश्वविद्यालयों को उप्र में विश्वविद्यालय खोलने के लिए किया जाएगा आमंत्रित

**अमृत विचार:** प्रदेश के उपेक्षित जिलों में विश्वविद्यालय खोलने के लिए राज्य सरकार नई नीति बनाएगी। देश के टॉप विश्वविद्यालयों व विदेशी विश्वविद्यालयों को प्रदेश में विश्वविद्यालय खोलने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने इस सिलसिले में उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी किये। वह मंगलवार को विधानभवन में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय खोलने में प्रदेश सरकार समुचित सुविधाएं व सहायता उपलब्ध कराएगी। उन्होंने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर तक ले जाने के लिए अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श भी किया। बैठक में उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा एम.पी. अग्रवाल, विशेष सचिव नियोजन पुलिकत खरे समेत अन्य विभागीय अधिकारी शामिल हुए।

# ओबरा पावर प्लांट की अनुमानित लागत बढ़ी, 1000 करोड़ का लोन लेंगे

## मंत्रिमंडल से जलशक्ति विभाग की 26 परियोजनाओं को भी मिली हरी झंडी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लोकभवन में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव आचार संहिता लगने के दौरान शिथिल पड़ गईं परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जायेगा। मंगलवार को लोकभवन में राज्य मंत्रिमंडल की चुनाव के बाद पहली कैबिनेट बैठक हुई। इस बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए। एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए कैबिनेट ने ओबरा के पावर प्लांट की लागत बढ़ाने को मंजूरी दे दी। पहले इसकी लागत 11705 करोड़ रुपए थी, अब 13005 करोड़ रुपए लागत हो गई है। इसी के साथ बिजली विभाग में लोन लेने के लिए 1000 करोड़ का लोन 9.5 फीसद की दर से हुडको से लेने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। हुडको से 1000 करोड़ के लिए लोन की गारंटी सरकार लेगी। वहीं, बलिया के रसड़ा में ट्रांसमिशन सबस्टेशन की लागत 537 करोड़ लागत करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

मंत्रिमंडल से जलशक्ति विभाग की 26 परियोजनाओं को भी हरी झंडी दिखायी गई। इनमें ललितपुर, झांसी, महोबा, मिर्जापुर, महोबा जैसे जिलों से जुड़ी परियोजनाओं को मिली मंजूरी मिली है। ज्यादा परियोजनाएं नमामि गंगे से जुड़ी हैं।

वहीं, लखीमपुर में हवाई पट्टी के विस्तार को भी कैबिनेट से मंजूरी दी गई है। यहां हवाई अड्डा बनाए जाने के तहत गांवों की 655 एकड़ ज़मीन अधिग्रहण की जाएगी। इसके लिए 271 करोड़ रुपए को मंजूरी मिली है। उधर, मथुरा में जनसुविधाओं व शिल्पग्राम के लिए ग्राम समाज की 6.859 हेक्टेयर भूमि पर्यटन विभाग को निशुल्क सौंपी जाएगी।

### घाटमपुर तापीय बिजली परियोजना की पुनरीक्षित लागत मंजूर

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में घाटमपुर तापीय बिजली परियोजना की पुनरीक्षित लागत 19,406.12 करोड़ को मंजूरी दे दी गई। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम की ओर से स्थापित की जा रही घाटमपुर परियोजना के तहत 660 मेगावाट क्षमता की तीन इकाइयों का निर्माण होना है। इस परियोजना को कोयला मंत्रालय भारत सरकार के स्तर पर अनुमोदन मिल चुका है। मंत्रिपरिषद की ओर से बढ़ाई गई परियोजना की अतिरिक्त लागत का वित्तीय पोषण 70 प्रतिशत ऋण के जरिये व 30 प्रतिशत अंशपूंजी के माध्यम से होगा। इसके के साथ ही, 400 केवी, 220 केवी व 132 केवी जीआईएस उपकेन्द्र रसड़ा बलिया व संबंधित लाइनों के निर्माण के लिए पुनरीक्षित लागत 537.38 करोड रुपये को भी मंजूरी दे दी गई।

### जेवर के किसानों के लिए मुआवजे की स्वीकृति

एक अन्य महत्वपूर्ण फैसले में जेवर एयरपोर्ट के लिए अधिग्रहित की गई किसानों की जमीन के लिए मुआवजे की राशि को मंजूरी दी गई। इसका लाभ हजारों किसानों को मिलेगा। उम्मीद की जा रही है कि 2024 में पहले रनवे से विमान उड़ान भरेगा। इसके साथ दूसरे, तीसरे और चौथे चरण की भी तैयारी शुरू हो गई है। अब तीसरे-चौथे चरण के लिए जमीनों का अधिग्रहण शुरू हो गया है। जेवर के 14 गांव में करीब 2053 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। इस प्रक्रिया में गांव वालों को मुआवजा देने और जमीन अधिग्रहण के लिए करीब 15 हजार करोड़ का खर्च आएगा।

### पहली पेपरलेस बैठक

मंत्रिमंडल की बैठक में जिन 41 प्रस्तावों पर मुहर लगी है उनमें से 26 प्रस्ताव जल संसाधन विभाग के हैं। सरकार की यह पहली पेपरलेस कैबिनेट बैठक हुई है। इसमें सभी मंत्री टैबलेट के साथ पहुंचे थे। लोकसभा चुनाव के चलते चार महीने से कैबिनेट की बैठक नहीं हुई थी। चुनाव अधिसूचना से पहले 5 मार्च को आखिरी बैठक हुई थी।

# विद्यालय आये हैं या नहीं, बता देगा चेहरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सभी विद्यालयों में फेस रेकग्निशन मशीनें लगा दी गई हैं चेहरे से दर्ज होगी उपस्थिति

▸▸ अध्यापक विद्यालय से बीच में नदारद न हो सकें इसके लिए सीसीटीवी भी लगवाए गए

**अमृत विचार:** आश्रम पद्धति विद्यालय में अध्यापक समय से पहुंचें और कक्षाओं में छात्र-छात्राओं की पढ़ाई पर पूरा ध्यान दें इसके लिए बायोमैट्रिक्स (फेस रेकग्निशन) लगा दी गई हैं। अध्यापकों की उपस्थिति अब इसी से दर्ज होगी।

समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इनमें लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। विद्यालय आने के बाद अध्यापक उपस्थिति पंजिका में उपस्थिति दर्ज करने के बाद नदारद हो जाते थे। साथ ही कई अध्यापक समय पर विद्यालय नहीं पहुंचते थे। इसकी शिकायतें लगातार मिलने के बाद बायोमैट्रिक्स लगाने की कार्ययोजना बनाई गई और उसको अमली जामा पहना दिया गया। एक जुलाई से विद्यालय खुलने के साथ ही बायोमैट्रिक्स (फेस रेकग्निशन) से उपस्थिति दर्ज करानी होगी। अध्यापकों की मनमानी पर रोक लगाने के लिए विद्यालयों में सीसीटीवी भी लगवाए गए हैं। सीसीटीवी कक्षाओं में भी लगे हैं। कक्षाओं में अध्यापक कब पहुंच रहे हैं और कितनी देर पढ़ा रहे हैं इस पर भी निदेशालय में बैठे अधिकारी नजर रख सकेंगे क्योंकि निदेशालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि 70 से अधिक विद्यालयों में सीसीटीवी लग गए हैं। शेष 24 विद्यालयों में इस माह के अंत तक सीसीटीवी लग जाएंगे। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक कार्य में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## बाईपास लाइन का किया निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ:** पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर संजय सिंहल ने मंगलवार को ऐशबाग(एक्स.)-मानकनगर(एक्स.) खंड पर 25 केवी एसी, सिंगल फेस, 50 एचजेड ओएचई स्वतंत्र बाई पास लाइन का निरीक्षण किया।

इसके साथ ही संजय सिंहल ने ऐशबाग जं. पर स्टेशन अधीक्षक कक्ष, विद्युत यार्ड प्लान आदि का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विद्युत इंजीनियर निर्माण ओपी सिंह, लखनऊ मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक परिचालन विक्रम कुमार अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## एमबीए, डी फार्मा व बीटेक का परीक्षा परिणाम घोषित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने एमबीए, डी फार्मा और बीटेक के परीक्षा परिणाम घोषित किए हैं।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि परिणाम को विवि की वेबसाइट पर साझा किया गया है। एमबीए में एंटरप्रेन्योरशिप एंड फैमिली बिजनेस, ह्यूमन रिसोर्स, इंटरनेशनल बिजनेस शामिल हैं। वहीं बीटेक में सिविल, कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रानिक्स एण्ड काम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विषयों के परीक्षा परिणामों को सम्मिलित किया गया है।

# 13 जिले नहीं बना पाए कार्ययोजना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर 19 ग्राम पंचायत की जीपीडीपी अपलोड नहीं

▸▸ संबंधित ग्राम पंचायतों के विकास का बजट फंसेगा

**अमृत विचार :** 13 जिले गांवों के विकास की वर्ष 2024-25 की ग्राम पंचायत विकास योजना यानी जीपीडीपी तैयार नहीं कर पाए। इस वजह से 19 ग्राम पंचायतों की कार्ययोजना ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड नहीं की गईं। इससे संबंधित ग्राम पंचायत के विकास का बजट फंसेगा।

दरअसल, गांव के विकास कार्यों की योजना अक्टूबर और नवंबर में तैयार कर पंचायती राज विभाग के ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर स्वीकृति और बजट के लिए अपलोड की जाती है। इसमें सड़क, नाली, पंचायत भवन, विद्यालय समेत सभी निर्माण व अन्य विकास संबंधित कार्य दर्शाये जाते हैं।

पंचायती राज निदेशालय ने पिछले वर्ष अक्टूबर व नवंबर में बनी वित्तीय वर्ष 2024-25 की जीपीडीपी की समीक्षा की। इस दौरान ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर बाराबंकी, प्रतापगढ़, अलीगढ़, सुल्तानपुर, आजमगढ़, बागपत, चंदौली, फतेहपुर, गाजीपुर, हमीरपुर, कुशीनगर, मथुरा व सोनभद्र की 19 ग्राम पंचायतों की जीपीडीपी नहीं पाई। जबकि निदेशक अटल कुमार राय संबंधित जिला पंचायत राज अधिकारी को कई बार निर्देशित कर चुके हैं। इस बार कार्रवाई की चेतावनी देकर दो दिन में जीपीडीपी बनाकर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं।

# 125 करोड़ रुपये से होगा छात्रावासों का कायाकल्प

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में संचालित किए जा रहे हैं 221 छात्रावास

▸▸ मानक के अनुरूप बेहतर शैक्षणिक सुविधाओं से पूर्ण होंगे समाज कल्याण के छात्रावास

**अमृत विचार:** बाबू जगजीवन राम छात्रावास योजना के तहत प्रदेश में छह नए छात्रावास बनेंगे। साथ ही प्रदेश में संचालित 221 छात्रावासों को 125 करोड़ रुपये की लागत से कायाकल्प होगा।

समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने मंगलवार को विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि आधारभूत सुविधाओं के लिए समस्त छात्रावासों को 2-2 लाख एवं सर्वोदय छात्रावासों को 5-5 लाख की धनराशि समान रूप से दी जा रही है। उन्होंने विस्तृत रिपोर्ट के आधार पर आवश्यकतानुसार बजट उपलब्ध कराने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। मेस, शौचालय जैसी सुविधाएं मानक के अनुरूप प्रदान करने के लिए विभाग अन्य राज्यों में किए जा रहे कार्यों का अध्ययन कर रहा है। जिसके आधार पर सभी छात्रावास मॉडल के रूप में होंगे। उन्होंने भारत सरकार की ओर से संचालित बाबू जगजीवन छात्रावास योजना के तहत जौनपुर में 1, फिरोजाबाद-3, हाथरस-1 एवं सुल्तानपुर में 1 छात्रावास का भी निर्माण किए जाने की स्वीकृति मिल गई। साथ प्रथम किस्त की धनराशि 307.50 लाख रुपये स्वीकृत की गई।

बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 221 छात्रावास संचालित किए जा रहे हैं। जिनमें आवासीय सुविधा के साथ, फर्नीचर, विद्युत की सुविधा विद्यार्थियों को निशुल्क दी जा रही है। बैठक में डॉ. हरिओम प्रमुख सचिव समाज कल्याण, समीर वर्मा सचिव, कुमार प्रशांत निदेशक समाज कल्याण एवं राधेश्याम एमडी अनुगम उपस्थित रहे।

# सांसदों-मंत्रियों की रिपोर्ट हो रही तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 2019 के चुनाव में भाजपा को 63 सीटों पर मिली थी जीत

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिली हार के कारण तलाशने की कवायद में पार्टी जुटी है। इसी कड़ी में राज्य में चुनाव में हारे हुए अपने मंत्रियों और सांसदों के प्रदर्शन की रिपोर्ट भी पार्टी तैयार करेगी। सूत्रों के अनुसार ये रिपोर्ट केंद्रीय नेतृत्व को सौंपी जानी है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पहले मंत्रिगण इस विषय पर जानकारियां ले चुके हैं। इस लोस चुनाव में भाजपा ने 80 लोकसभा सीटों में केवल 33 सीटों पर विजय हासिल की जबकि, 2019 के चुनाव में भाजपा ने 63 सीटें जीती थी। इस बार हारने वाले प्रत्याशियों में सात भाजपा सरकार के मंत्री भी शामिल थे। वहीं पार्टी के लगभग एक दर्जन उम्मीदवारों ने अपनी हार का कारण अंदरूनी भितरघात को बताया।

# 16 वर्षों बाद गिरफ्तार हुआ फरार कैदी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ इलाज कराने के दौरान हुआ था फरार, पुलिस ने रखा था 25 हजार का इनाम

**अमृत विचार:** एसटीएफ की वाराणसी इकाई ने मंगलवार को कैंट स्टेशन से एक ऐसे कैदी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है, जो हत्या में सजायाफ्ता था और 16 वर्षों से फरार चल रहा था। पुलिस ने कैदी पर 25 हजार रुपए का इनाम भी रखा था।

हरैया बस्ती निवासी सुरेश मिश्रा उर्फ लाल बहादुर राम ने बांस काटने के विवाद में 12 फरवरी 2001 में गांव के ही विनोद मिश्रा की हत्या कर दी थी। 2007 में सुरेश मिश्रा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। 2008 में जेल में सुरेश मिश्रा को पीलिया हो गया।

कारागार प्रशासन ने वाराणसी के सरकारी अस्पताल में कैदी का इलाज कराने को भेजा था। इलाज के बाद स्वास्थ्य ठीक होते ही सुरेश पुलिस कर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया। इस दौरान पुलिस लगातार सुरेश मिश्रा को तलाशती रही, लेकिन वह नहीं मिला। पुलिस ने सुरेश पर 25 हजार का इनाम भी घोषित किया था। मंगलवार को एसटीएफ को सूचना मिली कि वह वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर नौ पर मौजद है और ट्रेन से कहीं जाने की फिराक में है। इस दौरान मौके पर पहुंची एसटीएफ टीम ने फरार कैदी को गिरफ्तार कर लिया।

## 13 से 20 तक होगी पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा

**अमृत विचार, लखनऊ:** साल 2024 की पॉलिटेक्निक की प्रवेश परीक्षा कराने की पूरी तैयारी कर ली गई है। यह कम्प्यूटर आधारित प्रवेश परीक्षा तीन पालियों में 13 से 20 जून तक आयोजित की जायेगी। प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने बताया कि पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा के लिए 4 लाख 12 हजार 759 अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गया है। यह परीक्षा तीन पॉलियों प्रातः 08 से 10:30 बजे तक, दोपहर 12 से 02:30 बजे तक एवं अपराह्न 04 से 06:30 बजे तक आयोजित की जायेगी।

विशेष सचिव प्राविधिक शिक्षा अन्नावि दिनेश कुमार ने मंगलवार को बताया कि 13 से 15 जून तक ग्रुप-ए का, 15 से 18 जून तक ग्रुप-ई का तथा अन्य ग्रुप की 18 जून को परीक्षाएं होंगी। उन्होंने बताया कि ये परीक्षा सभी जिलों के 207 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। ये परीक्षा 17 जून के दिन राजपत्रित अवकाश होने कारण परीक्षा स्थगित रहेगी। 19 और 20 जून को आरक्षित दिवस के रूप में रखा गया है। अभ्यर्थी प्रवेश पत्र परिषद के पोर्टल https://jeecup.admissions.nic.in से डाउनलोड कर सकते हैं।

# स्टेपनी में मिली थी 12 किग्रा अफीम, 10 वर्ष की सजा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ अपर सत्र एवं जिला न्यायालय (एनडीपीएस) ने सुनाया फैसला

▸▸ बरेली और शाहजहांपुर के निवासी हैं दोषी, एनसीबी थाने में दर्ज हुआ था मुकदमा

**अमृत विचार:** विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस) सुरेश चंद्र की अदालत ने अफीम की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किए गए तीन आरोपियों को 10-10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा एक-एक लाख रुपए के अर्थ दंड से भी दंडित किया है।

जानकारी के मुताबिक शाहजहांपुर के तिलहर निवासी सुनील वर्मा उर्फ राजीव व सर्वेश वर्मा और बरेली के फरीदपुर निवासी राजवीर को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के कार्मिकों ने 31 मई 2021 को लखनऊ-रायबरेली रोड स्थित दखिना टोल प्लाजा के पास गिरफ्तार किया था।

इस दौरान स्विफ्ट डिजायर कार को खुलवाकर छानबीन की तो कार की डिक्की में रखी स्टेपनी के टायर के अंदर छह पैकेटों में 12 किलो अफीम मिली। एनसीबी कार्मिकों द्वारा पूछताछ में पता चला कि यह अफीम तस्करी के लिए बरेली ले जाया जा रहा था। एनसीबी टीम ने तत्काल उक्त आरोपियों को गिरफ्तार किया और एनसीबी थाना लखनऊ में एफआईआर दर्ज किया। अपर सत्र एवं जिला न्यायालय (एनडीपीएस) में विशेष लोक अभियोजक राकेश पांडेय प्रकरण की पैरवी कर रहे थे।

# 20 तक बाढ़ परियोजनाएं हों पूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने की समीक्षा बैठक

**अमृत विचार:** कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया की समस्त निर्माणाधीन बाढ़ परियोजनाएं आगामी 20 जून तक हर हाल में पूर्ण करा ली जाएं। परियोजनाओं की गुणवत्ता की जिम्मेदारी संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता की होगी, इसलिए मुख्य अभियंता निर्माणाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण जरूर करें।

स्वतंत्रदेव सिंह उदयगंज स्थित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के मुख्यालय में विभागीय अधिकारियों के साथ बाढ़ पूर्व तैयारियों तथा अन्य विभिन्न विषयों पर समीक्षा बैठक में दिया। इस अवसर पर जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, प्रमुख सचिव सिंचाई अनिल गर्ग, प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष अखिलेश कुमार सचान, प्रमुख अभियंता परिकल्प एवं नियोजन संदीप कुमार, प्रमुख अभियंता (यांत्रिक) चेतन महेश्वरी आदि उपस्थित रहे।

# जलभराव रोकने लिए उठाएं प्रभावी कदम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



बैठक के दौरान नगर विकास मंत्री एके शर्मा।

▸▸ नाले-नालियों की सफाई समय से कराई जाए : एके शर्मा

**अमृत विचार:** नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि जलभराव व संचारी रोगों की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाये जाएं। उन्होंने कहा कि सभी निकाय मानसून आने से पहले ही नाले-नालियों की पूरी तरह सफाई कराएं। शहरों से पानी निकालने के लिए पम्पिंग की व्यवस्था दुरुस्त की जाय। नगर विकास मंत्री मंगलवार को जल निगम के फील्ड हास्टल में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने सभी नगर आयुक्तों व अधिशासी अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए भेजी गई धनराशि का समय से सदुपयोग किया जाय। बरसात में निकायों में जलभराव न हो। नाले-नालियों की सफाई समय से कराई जाए। शहरों से पानी निकालने के लिए पम्पिंग की व्यवस्था दुरुस्त की जाए। नगर विकास मंत्री ने कहा कि सभी निकायों में साफ-सफाई के कार्यों में सुधार हुआ है, लेकिन इसमें अभी और बेहतर करने की आवश्यकता है। इसके लिए जो भी बुनियादी सुविधाओं की जरूरत हो, उसका उपयोग किया जाए। बैठक में सचिव नगर विकास अजय कुमार शुक्ला, विशेष सचिव निदेशक नगर विकास नितिन बंसल, निदेशक सूडा डॉ अनिल कुमार पाठक आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### बड़े शहरों के सौन्दर्यीकरण पर दें विशेष ध्यान

नगर विकास मंत्री ने कहा कि राजधानी के साथ ही, अयोध्या, प्रयागराज, वाराणसी, गाजियाबाद समेत बड़े शहरों में साफ-सफाई व सौन्दयीकरण के कार्यों में विशेष ध्यान दिया जाय। सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाए।

## पिछले वर्ष की तुलना में कम हुईं रजिस्ट्री

**अमृत विचार, लखनऊ:** जिले में वर्ष 2022-2023 की तुलना में 2023-2024 में 8953 रजिस्ट्री कम हुईं हैं। जिले में वर्ष 2023-24 में निजी व व्यवसायिक भवनों की खरीदारी में कमी आई। इसका असर रजिस्ट्री कार्यालयों पर पड़ा है।

पूरे वर्ष 1,52,121 रजिस्ट्री कराई गईं। इनमें बैनामा, दानपत्र, लीज, बंधक आदि शामिल हैं। 2022-23 में 1,61,074 रजिस्ट्री हुई थीं। इस बार 8,953 रजिस्ट्री (5.55 फीसद) कम हुई। सबसे अधिक सरोजनी नगर में 33,342 रजिस्ट्री हुई। में लगभग दो हजार रजिस्ट्रियां हुईं। सहायक महानिरीक्षक निबंधक सतीश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जिले को 3,299 करोड़ रुपये का लक्ष्य मिला था। इसमें 3,136 करोड़ ही हासिल किया है।

# फर्जी नियुक्तियों की जांच शुरू, निदेशक ने मांगा जवाब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



अर्हता पूरी नहीं, बना दिया सहायक प्रोफेसर

प्रकाशित समाचार।

▸▸ कानपुर देहात के महाविद्यालयों में तैनात हैं शिक्षक, अमृत विचार ने उठाया था प्रकरण

▸▸ एक ही पैनकार्ड से बेसिक शिक्षा और उच्च शिक्षा विभाग से वेतन का किया था आहरण

**अमृत विचार:** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर से संबद्ध महाविद्यालय में फर्जी नियुक्तियों की जांच शुरू हो गई है। निदेशक उच्च शिक्षा ने महाविद्यालय प्रबंधन और बेसिक शिक्षा विभाग ने शपथ पत्र के साथ जवाब तलब किया है। मामला तब पकड़ में आया जब वेतन निकासी के लिए शिक्षकों ने एक ही पैन कार्ड का इस्तेमाल किया। यह महाविद्यालय कानपुर देहात जिले में हैं। मामले की जानकारी होने के 48 घंटे के भीतर निदेशालय ने संज्ञान लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। अमृत विचार ने इस जालसाजी की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

सीएसजेएमयू से संबद्ध कानपुर देहात के एक डिग्री कॉलेज में कार्यरत दो शिक्षक बेसिक शिक्षा विभाग से भी वेतन ले रहे थे। अभी तक की जांच में पता चला कि 2003 से 2015 तक दोनों ने प्राथमिक विद्यालय में तैनात रहकर वेतन उठाते रहे। इसी दौरान वे महाविद्यालय में भी पढ़ा रहे थे। यहां से भी उन्हें वेतन निर्गत हो रहा था। वेतन अलग बैंक के खातों में जा रहा था, लेकिन दोनों खातों में पैनकार्ड एक ही लगे थे। इसी पैनकार्ड से मामला पकड़ में आया। तीसरे मामले में महाविद्यालय के एक शिक्षक को नियमों को दरकिनार कर विभागाध्यक्ष बनाए जाने की बात सामने आई थी। आरटीआई में इसका खुलासा होने के बाद उच्च शिक्षा निदेशालय ने इस प्रकरण में भी जांच शुरू कर दी है।

### इन साक्ष्यों को बनाया आधार

7 फरवरी को आरंभ हुई जांच में उच्च शिक्षा निदेशालय की ओर से तीन सदस्यीय कमेटी गठित की गई। समिति के सदस्य डॉ. बीएल शर्मा, डॉ. केसी वर्मा और डॉ. जय सिंह ने मिलकर जांच के दौरान आईटीआर, चार स्थानों पर कार्य करने के दस्तावेज और 31 अगस्त 2003 के पश्चात अनुमोदित होने के साक्ष्य को जांच का हिस्सा बनाया।

> शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर शिकायती पत्र प्राप्त हुए थे। जांच कमेटी मामले की जांच में लगी है। कानपुर जनपद से संबंधित महाविद्यालय से जुड़े प्रकरण को लेकर प्राचार्य और बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया है। शिक्षकों को शपथ पत्र के माध्यम से जवाब देने के लिए कहा गया है। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
>
> डॉ. अमित भारद्वाज, निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय प्रयागराज

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया नि:शुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

**मौसम**

लू का प्रकोप बढ़ने की संभावना है दोपहर में घर से न निकलें।

45.0° अधिकतम तापमान | 31.0° न्यूनतम तापमान

**शहर में आज**

- एनआर स्टेडियम में द्वितीय एके मेमोरियल महिला क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच–9 :00 बजे।
- तीर्थ यात्रियों पर आतंकी हमले के विरोध में परिवर्तन चौक पर बजरंग दल का प्रदर्शन–11 :30 बजे।

**एक नजर**

### नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक 14 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव के बाद नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक 14 जून को होगी। बैठक में कार्यकारिणी के छह सदस्यों को हटाया जाएगा। कार्यकारिणी में कुल 12 सदस्य होते हैं। अभी भाजपा से रंजीत सिंह, शैलेंद्र वर्मा, गिरीश गुप्ता, सौरभ सिंह मूनू, रानी कनौजिया, पीयूष दीवान, उमेश सनवाल, हरिश्चन्द्र लोधी, अनूप कमल और सपा से सुरेन्द्र वाल्मीकि व लइक आगा हैं। इनमें से कौन हटेगा यह पर्ची निकालकर तय होगा। हटने वालों की जगह दूसरे सदस्यों के लिए चुनाव होगा। नए सदस्यों के चुनाव के बाद सदन की बैठक बुलायी जाएगी।

# एक हजार करोड़ के फर्नीचर व उपकरण खरीद में नियमों की अनदेखी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- केजीएमयू में हुई थी खरीद, शासन ने सतर्कता विभाग को सौंपी जांच
- जांच अधिकारी ने कुलपति से पर्चेज कमेटी सदस्यों के नाम और पते मांगे

**अमृत विचार :** किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी केजीएमयू समेत अन्य मेडिकल कॉलेजों में उपकरण और फर्नीचर खरीद में गड़बड़ी का आरोप लगा है। पर्चेज कमेटी ने तीन कंपनियों से खरीद कराई थी। आरोप है कि एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की खरीद में नियमों को अनदेखी की गई है। शिकायत में शासन ने जांच सतर्कता विभाग के अधिकारी रामचंद्र चौधरी को सौंपी है। जानकारों का मानना है कि इसमें पर्चेज कमेटी सदस्य समेत कई अफसरों गाज गिर सकती है।

केजीएमयू की पर्चेज कमेटी ने वर्ष 2016 में राजकीय मेडिकल कॉलेज व उससे संबद्ध अस्पतालों में उपकरण व फर्नीचर खरीदा था। एक हजार करोड़ से अधिक के उपकरण, फर्नीचर तीन फर्म से लिए गए। आरोप है कि नियमों की अनदेखी कर टेंडर को शार्टलिस्ट कर दिया गया। शासन के निर्देश पर सतर्कता विभाग ने केजीएमयू कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद को पत्र भेजकर पर्चेज कमेटी सदस्यों के नाम, नियुक्ति, वर्तमान पता तीन कार्यदिवस में मांगा है। सतर्कता विभाग के जांच अधिकारी को मामले की जांच सौंपी गई है। केजीएमयू कुलसचिव अर्चना ने पूरी रिपोर्ट बनाकर सतर्कता विभाग को भेज दी है।

# केजीएमयू में मरीजों को मिलेंगी पर्चे पर लिखी पूरी दवाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- सीएम फंड की दवाएं भी 80 फीसदी मरीजों को तीन से पांच दिन में मिल जाएंगी

**अमृत विचार :** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में मरीजों को सस्ती दवाओं के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। पर्चे पर लिखी पूरी दवाएं दी जाएंगी। ये जानकारी मंगलवार को पत्रकार वार्ता में उप चिकित्सा अधीक्षक प्रो. सुमित रूंगटा ने दी।

उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सर्वेश सिंह ने बताया कि हॉस्पिटल रिवॉल्विंग फंड (एचआरएफ) में मौजूद सभी दवाओं की सूची ई- हॉस्पिटल पर उपलब्ध हो गई है। मरीज को पर्चे पर लिखी दवाएं की जानकारी काउंटरों पर हो जाएगी। एचआरएफ या सेंट्रल स्टोर में दवा होने पर मरीज को उपलब्ध करा दी जाएगी। जो दवाएं एचआरएफ काउंटर पर नहीं होंगी, उन्हें वेंडर से मंगाया जाएगा। मरीज को तीन से पांच दिन में दवा मिल जाया करेगी।

**ओपीडी में भी शुरू होगा एचआरएफ काउंटर**

चिकित्सा अधीक्षक प्रो .डी .हिमांशू ने बताया कि जल्द ही ओपीडी में भी एचआरएफ काउंटर शुरू कर दिया जायेगा। जिससे वहां इलाज के लिए आये मरीजों को दवा के लिए दूर न जाना पड़े। काउंटर बनकर लगभग तैयार है। एचआरएफ काउंटर पर मौजूद दवाओं की सूची ओपीडी में लगी स्क्रीन पर उपलब्ध रहेगी। इससे डॉक्टरों को दवा लिखने में आसानी होगी। साथ ही डॉक्टरों की मांग पर भी एचआरएफ काउंटर पर दवाएं उपलब्ध करा दी जाएंगी।

प्रो. रूंगटा ने बताया कि असाध्य रोगों के लिए पीएम और सीएम फंड से मदद मिलने पर 80 फीसदी मरीजों को भी तीन से पांच दिन में दवा उपलब्ध करा दी जाएगी। जिन मरीजों की दवा या सर्जिकल सामान बाहर से मगानी पड़ेगी, अब केवल उन्हीं मरीजों को 10 से 15 दिन तक का समय लग सकता। निर्धारित समय पर दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी निजी वेंडरों को दी गई है। लापरवाही करने वाले वेंडरों से केजीएमयू करार खत्म कर देगा।

### 6 ट्रेनों में लगेंगे अतिरिक्त कोच

**अमृत विचार, लखनऊ:** छह ट्रेनों में स्लीपर और एसी के अतिरिक्त कोच लगेंगे। उत्तर रेलवे की वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने बताया कि 12424 नई दिल्ली - डिब्रुगढ़ राजधानी एक्स. में 12 को और वापसी में 12423 डिब्रुगढ़ - नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस में 14 जून को एक-एक थर्ड एसी कोच लगेगा। 12204 अमृतसर- सहरसा गरीब रथ एक्सप्रेस में 12 को , वापसी में 12203 सहरसा- अमृतसर गरीबरथ एक्सप्रेस में 13 को एक-एक थर्ड एसी कोच लगेगा। 4224 बुद्धपुर्णिमा एक्सप्रेस में 12 जून को और वापसी में ट्रेन नंबर 14223 बुद्धपुर्णिमा एक्सप्रेस 13 जून को एक स्लीपर कोच लगाकर संचालित किया जाएगा।





अकबर नगर में ध्वस्तीकरण कार्रवाई के बीच बच्चों, मवेशियों व गृहस्थी समेटकर घरों से निकले आवंटी, सामान सड़क किनारे जमा किया, लोडर वाहन आने पर उसमें लादा और एलडीए की ओर से आवंटित बसंतकुंज योजना के आवासों की ओर रवाना हो गए। अमृत विचार

# अकबर नगर में दूसरे दिन तोड़े गए 105 भवन

## जेसीबी ने 11 शोरूम, गोदाम और पोकलेन ने 12 मकान गिराए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** एलडीए ने अकबर नगर में दूसरे दिन दो शिफ्ट में 23 बुलडोजर लगाकर 105 आवासीय और व्यवसायिक भवन ध्वस्त कराए। ध्वस्तीकरण के दौरान एक पोकलेन बेसमेंट में पलट गई। चालक और पोकलेन को मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। चालक चोट किसी तरह की नहीं आई।

लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने ध्वस्तीकरण के लिए मंगलवार को जेसीबी और पोकलेन की संख्या बढ़ाई। अधिकारियों की टीम ने पहले पुलिस की मौजूदगी में गली-गली अनाउसमेंट कर लोगों को कार्रवाई की जानकारी दी। इसके बाद अकबर नगर द्वितीय में कुकरैल नदी व बंधे पर अवैध निर्माण तोड़ने की कार्रवाई शुरू की गई। सुबह और शाम की शिफ्ट में 11 जेसीबी से शोरूम, कॉम्पलेक्स, गोदाम, दुकान तोड़े गए। 12 पोकलेन से मकान ध्वस्त किए। कुल 105 भवन गिराए गए। शाम की शिफ्ट में करीब 7 बजे मलवा ढके बेसमेंट में एक पोकलेन पलट गई। चालक को बड़ी मुश्किल में बाहर निकाला गया।

**सभी 1800 विस्थापितों ने लिए आवास आवंटन पत्र**

मंगलवार को अकबर नगर में एलडीए ने शिविर लगाकर विस्थापितों को बसंतकुंज योजना में शहरी आवास के आवंटन पत्र बांटे। इस दौरान 182 परिवार कब्जा पाकर आवासों पर शिफ्ट हुए। अफसरों के मुताबिक सभी चयनित 1,800 विस्थापितों को आवंटन पत्र वितरित कर दिए हैं। इनमें कुल 523 परिवार आवासों पर शिफ्ट हो गए हैं।

**जेसीबी ने बनाया रास्ता तब बस्ती में उतरीं पोकलेन**

अयोध्या रोड पर दुकान, शोरूम, गोदाम आदि व्यवसायिक भवन ऊंचाई पर हैं। इसके पीछे बस्ती काफी नीचे हैं। गलियां संकरी होने के कारण अंदर बुलडोजर व बड़े वाहन पहुंच नहीं सकते हैं। ऐसी स्थिति में पहले सड़क पर जेसीबी से व्यवसायिक भवन गिराकर रास्ता बनाया गया, लेकिन मलबा से जेसीबी अंदर नहीं पहुंच सकीं। इसके बाद 12 पोकलेन मलबे से बस्ती में उतार कर मकान गिराए गए।



अकबर नगर में अवैध निर्माण ध्वस्त करतीं पोकलेन। अमृत विचार

**विरोध के चलते 20 तक तैनात रह सकती है आरएएफ**

अकबर नगर में ध्वस्तीकरण के दौरान पुलिस व पीएसी के साथ दो कंपनी रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) लगाई गई है। जिसकी अवधि 12 जून तक है। कार्रवाई के दौरान विरोध को देखते हुए पुलिस व प्रशासन ने आरएएफ की तैनाती अवधि 20 जून तक बढ़ाने की मांग शासन से की है।



अकबर नगर में धार्मिक स्थल तोड़ने की अफवाह के बाद जमा लोग। अमृत विचार

**धार्मिक स्थल तोड़ने की अफवाह के बाद अफसरों ने संभाली स्थिति**

**अमृत विचार, लखनऊ :** अकबर नगर में एक धार्मिक स्थल तोड़ने की अफवाह पर एकजुट हुए धर्म विशेष के लोगों ने विरोध किया। कुछ अराजकतत्वों ने इसका फायदा उठाकर हंगामा किया, माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। जिन्हें फोर्स ने लाठी भांजकर खदेड़ दिया। अफसरों ने विरोध करने वाले लोगों को समझाकर मामला शांत कराया। अकबर नगर में मंगलवार को ध्वस्तीकरण के दौरान पोकलेन से एक धार्मिक स्थल से सटा हुआ मकान तोड़ा गया। अराजकतत्वों ने माहौल बिगाड़ने के लिए धार्मिक स्थल तोड़ने की अफवाह फैला दी। कुछ देर में एक धर्म विशेष के कई लोग मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने कार्रवाई का विरोध करते हुए चालकों से पोकलेन रुकवा दी। उनका कहना था कि धार्मिक स्थल तोड़ने की सूचना नहीं दी गई। यही नहीं, लोगों ने लखनऊ विकास प्राधिकरण एलडीए के उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी को बुलाने को कहा। कुछ अराजकतत्वों ने माहौल बिगाड़ने के लिए कर्मचारियों और चालकों से नोकझोंक भी किया। मामला बिगड़ता देख पुलिसकर्मी पहुंच गए। इस बीच अराजकतत्वों पर फोर्स ने लाठी भांजकर खदेड़ दिया। कुछ देर बाद मोहल्ले में ही भ्रमण कर रहे एलडीए उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी व डीसीपी रवीना त्यागी भी फोर्स के साथ पहुंच गईं। एकजुट हुए धर्म विशेष के लोग अकबर नगर के बाहर के बताए गए। जिन्हें अफसरों ने समझाया और कहा धार्मिक स्थल नहीं तोड़ा गया है। उससे लगा एक कमरे का मकान गिराया है। संबंधित परिवार को आवास आवंटित करके कार्रवाई की है।

# विस्थापितों को बसंतकुंज में मिले अधूरे आवास

## मकानों में दरवाजे, खिड़की, वायरिंग और पेयजल व्यवस्था नहीं

- मकानों के प्रवेश द्वार पर खोदा गया है गहरा कच्चा नाला
- शौचालयों से उठ रही बदबू से परेशान हो रहे आवंटी

संवाददाता, काकोरी

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अकबरनगर के विस्थापितों को बसंतकुंज योजना में जो आवास आवंटित किए हैं, वह अभी अधूरे हैं। किसी में दरवाजे नहीं हैं तो किसी में खिड़कियां नहीं हैं। ज्यादातर में वायिरंग का कार्य भी नहीं हुआ है और पानी की आपूर्ति भी नहीं है। कई आवासों तक पहुंचने के रास्ते पर नाला खोदा पड़ा है। अव्यवस्थाओं के चलते मंगलवार को अकबरनगर से गए कई विस्थापितों का सामान बाहर सड़क पर ही रखा रहा।

अकबर नगर बस्ती के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई सोमवार से शुरू हो गई है। दर्जनों बुलडोजर रात दिन मकानों को जमीदोज कर रहे हैं। यहां के निवासियों को कैंप लगाकर प्रधानमंत्री आवास के आवंटन पत्र बांटे जा रहे हैं। सिर पर छत की आस में भयभीत लोग आवंटन पत्र लेकर गृहस्थी का सामान बटोर लगातार बसंतकुंज योजना की ओर बढ़ रहे हैं। जो नहीं पहुंचे उन्हें सुविधायुक्त नए घर की उम्मीद है। लेकिन जो पहुंच गए वे किस्मत को कोस रहे हैं। यहां पहुंचने पर पता चला कि उन्हें जो आवास दिए गए वो रहने के लायक नही हैं। कॉलोनी में नाली, सड़क तो दूर बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं तक नही हैं। घर के अंदर दाखिल होने पर पता चला कि दरवाजे नही हैं। जिस घर में कीवाड़ लगे भी हैं तो उनमें कुंडी नही है। शौचालय इतने बदबूदार हैं कि उसमें जाते ही गस खाकर गिर जाएं। जिनके पास पैसे हैं वे प्लंबर और लाइनमैन बुलाकर हालात रहने लायक बनाने का प्रयास कर रहे। लेकिन जो वर्षों से बसाए मकान टूटने के बाद बेघर होने के साथ बेरोगार भी हो गए वे सड़क पर ही सामान रखकर रात गुजार रहे। बावजूद इसके विस्थापितों के पहुंचने का सिलसिला जारी है।



बसंतकुंज योजना में आवंटित आवासों के सामने खोदा गया गहरा नाला।

**रोजगार छिना, कैसे लगवाएं दरवाजे और खिड़कियां**




अधूरी वायरिंग और वॉस बेसिन में पानी न आने की जानकारी देतीं महिलाएं।

सईदा बानो, सब्बो, रेशमा और मोहम्मद कलाम का परिवार काफी बड़ा है। अकबर नगर में कोई घर में परचून की दुकान चलाकर तो कोई कॉलोनी के बाहर मेन रोड पर ठेला लगाकर जीवन यापन कर रहा था। ध्वस्तीकरण के बाद रोजी–रोटी भी छिन गई। ये परिवार के साथ अब बसंतकुंज योजना में सड़क पर सामान रखकर रात बिता रहे हैं। सब्बो ने बताया कि घर में पानी की सप्लाई नही है। आसपास हैंडपंप भी नहीं कि प्यास बुझा सकें। ध्वस्तीकरण की जद में आए विजय कुमार ने बताया कि रोजी–रोटी भी छिन गई। अब नए मकान में दरवाजा कैसे लगवाएं। बिजली कनेक्शन के लिए पैसा जुटाना तो बहुत बड़ी बात है।



वायरिंग का काम करते लोग।

> सोमवार को 352 लोगों को आवंटित आवासों की चाबी देकर कब्जा दिया गया था। मंगलवार दोपहर तक 147 लोगों ने अपने मकान पर कब्जा ले लिया है।
>
> –विवेक श्रीवास्तव, सचिव एलडीए

**गोलमाल** जिले के अस्पतालों के रिकार्ड में हीट स्ट्रोक का एक भी मरीज दर्ज नहीं

# 45 को हीट स्ट्रोक, अस्पतालों में रिकॉर्ड नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ जिले में मार्च से अब तक 45 लोग हीट स्ट्रोक का शिकार हुए, इसकी रिपोर्ट स्वास्थ्य निदेशालय ने शासन को भेजी है। मजे की बात ये है कि जिले के अस्पतालों के रिकार्ड में हीट स्ट्रोक का एक भी मामला दर्ज नहीं है।

गर्मी और लू का असर लगातार बढ़ रहा है। गर्मी जनित बीमारियों से पीड़ित 250 से 300 मरीजों प्रतिदिन प्रमुख अस्पतालों की ओपीडी पहुंच रहे हैं। इनमें बड़ी संख्या में मरीजों को भर्ती भी करना पड़ रहा है। इसके बावजूद बलरामपुर, सिविल और लोकबंधु अस्पताल के रिकार्ड में हीट स्ट्रोक का एक भी केस दर्ज नहीं है। बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण का दावा है कि अभी तक उनके यहां हीट स्ट्रोक का एक भी मरीज भर्ती नहीं हुआ है। यही स्थिति सिविल अस्पताल की भी है। लोकबंधु अस्पताल में गर्मी से प्रभावित करीब 25 मरीज भर्ती हैं, लेकिन डॉक्टरों का दावा है कि इसमें कोई हीट स्ट्रोक से पीड़ित नहीं है।



अस्पताल में भर्ती गर्मी जनित बीमारियों के मरीज। अमृत विचार

**महज चार दिन में 22 मामले**

शासन की मांग पर स्वास्थ्य विभाग ने 27 मई से 1 जून के बीच का आंकड़ा भेजा है। इसमें लखनऊ के 22 केस दर्शाएं गए हैं। 1 जून के बाद हीट वेव (लू) भी चल रही है। इसकी पुष्टि मौसम विभाग भी कर रहा है। इसके बावजूद हीट स्ट्रोक के मरीज न होने का दावा समझ से परे है। जानकारों का कहना है कि यदि चार दिन में 22 केस दर्ज हुए हैं तो एक दिन में अमूमन पांच केस होते हैं। इस अनुपात में जून के 10 दिन में 50 केस से अधिक दर्ज होने चाहिए।

> हीट स्ट्रोक के अभी तक 45 मामले पोर्टल पर दर्ज हैं। राहत की बात यह है कि गर्मी की वजह से एक भी मरीज की जान नहीं गई है। सभी अस्पतालों से आंकड़े मांगे जाते हैं।
>
> –डॉ. मनोज अग्रवाल, सीएमओ

# साहब ! हमभी अकबर नगर के निवासी, चाहिए आवास

**अमृत विचार, लखनऊ :** अकबर नगर में मकान गिराने की कार्रवाई तेज हुई तो ज्यादातर परिवार ने मकान खाली कर दिए। हर कोई निराश होकर अपनी गृहस्थी समेटने में लगा रहा। बच्चे भी परेशान रहे।

मंगलवार को परिवारों ने खाने-पीने का सामान, बिस्तर, कपड़े, चूल्हा, सिलिंडर आदि सामान वाहनों से बसंतकुंज में आवंटित आवासों पर पहुंचाया और शिफ्ट हुए। सामान ढोने के लिए नगर निगम ने 47 लोडर लगाए थे। कई परिवार ऐसे थे जो सड़क पर सामान रखकर बैठ गए तो कुछ ने ठेला या ई-रिक्शा में सामान रखा। कार्रवाई के दौरान कुछ बाहरी महिलाएं भी बच्चों को लेकर आईं, जिन्होंने अकबर नगर का निवासी बताया और झुग्गी-झोपड़ी तोड़ने की बात कहकर आवास मांगे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### गड्ढे न भरे तो होगा बिजली उपकेंद्र पर प्रदर्शन



अमृत विचार, लखनऊ : कमता में अंडरग्राउंड केबल बिछाने का काम अधूरा होने से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। पूर्व पार्षद रूद्र प्रताप सिंह ने सोमवार को चिनहट के एक्सईएन खालिद सिद्दीकी को पत्र लिखकर काम जल्द पूरा करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बारिश होने पर पानी भरने पर गड्ढे जानलेवा हो जाएंगे। इस्माइलगंज वार्ड में अभी भी लोग गड्ढे में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। जल्द गड्ढे नहीं भरे गए तो उपकेंद्र पर प्रदर्शन किया जाएगा।

### कंट्रोल रूम में करें खाद की कालाबाजारी की शिकायत

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी में सहकारी या निजी उर्वरक बिक्री केंद्रों पर यूरिया की उपलब्धतता, ओवररेटिंग, कालाबाजारी और जमाखोरी की शिकायत किसान कृषि विभाग के कंट्रोल रूम में कर सकते हैं। इसके लिए जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने बताया कि किसान कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 9198938099 पर शिकायत कर सकते हैं। इसके अलावा मेरे सीयूजी नंबर 7839882167 पर शिकायत के समाधान के लिए सम्पर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि खरीद करते समय किसान पीओएस मशीन की रसीद अवश्य लें।

### 14 से शुरू होगी निविदा की प्रक्रिया

अमृत विचार, लखनऊ : रोडवेज के बेड़े में आधुनिक इलेक्ट्रिक बसों को शामिल करने की कवायद तेज हो गई है। 14 जून से राज्य सड़क परिवहन निगम 5000 इलेक्ट्रिक बसों की आपूर्ति, संचालन और रखरखाव के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू होगी। इलेक्ट्रिक बसों का संचालन सार्वजनिक परिवहन में क्रांति लाने की निगम की योजना के पहले चरण को चिह्नित करती है। राज्य के परिवहन नेटवर्क को मजबूत, विस्तारित करने के तौर पर 50,000 बसों के बेड़े को शामिल करने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

# नालियों में सिल्ट मिली, कटेगा सफाई कर्मियों का वेतन

## प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने लिया चार वार्डों में सफाई व्यवस्था का जायजा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- कहा, बारिश के पहले करा लें हैदर कैनाल नाले की सफाई
- सफाई निरीक्षकों को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश



प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना को हैदर कैनाल नाले की ठीक से सफाई न होने संबंधी जानकारी देतीं महापौर सुषमा खर्कवाल साथ में बाबू बनारसी दास वार्ड के पार्षद आशीष कुमार हितैषी इस दौरान नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह भी मौजूद रहे। अमृत विचार

अमृत विचार : शहर की साफ सफाई का हाल जानने निकले प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना को नालियों में सिल्ट और गंदगी मिली। इस लापरवाही पर उन्होंने नाराजगी जताई और सफाईकर्मियों का तीन दिन का वेतन काटने और सफाई निरीक्षकों को कारण बताओ नोटिस काटने के निर्देश दिए।

प्रदेश के संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री और लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना मंगलवार को सुबह सात बजे राजधानी की सफाई व्यवस्था का हाल जानने निकले। उन्होंने चार वार्डों में औचक निरीक्षण किया। रानी लक्ष्मीबाई वार्ड में लाटूश रोड पर नाली में सिल्ट भारी थी। इस पर प्रभारी मंत्री ने नगर निगम अधिकारियों को संबंधित बीट इंचार्ज राजू एवं सफाई निरीक्षक संजीव कुमार के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई के निर्देश दिये।

जगदीश चन्द्र बोस वार्ड में घसियारी मंडी के पास निर्माणाधीन नाले में भी गंदगी भरी मिली। यहां भी बीट इंचार्ज राहुल व सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मुकेश कुमार के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। यदुनाथ-सान्याल वार्ड में कहीं-कहीं नाली में सिल्ट व गंदगी मिली।

प्रभारी मंत्री ने लालकुआं वार्ड के ऐपी सेन रोड पर बड़े नाले की सफाई कराने, किनारे की दीवार बनवाने और बाबू बनारसी दास वार्ड में पुराना किला के पास हैदर कैनाल नाले की बारिश से पहले सफाई करने के साथ नाले को कवर करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, पंकज कुमार श्रीवास्तव, डा. अरविन्द कुमार राव व अरुण कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता (सिविल) महेश वर्मा, मुख्य अभियंता मनोज प्रभात, महाप्रबन्धक जलकल मनोज आर्या, जोनल अधिकारी अमरजीत सिंह, नगर अभियंता सतीश रावत, सहायक अभियंता किशोरी लाल और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## विज्ञापन एजेंसी पर अधिकारी मेहरबान

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- बिना अनुमति दूसरी जगह लगे 35 से अधिक यूनिपोल नहीं हटाए

अमृत विचार : बिना अनुमति दूसरी जगह विज्ञापन लगाने वाली एजेंसी पर नगर निगम के अधिकारी मेहरबान हैं। सिग्मा ने शहर के 35 स्थानों पर अवैध तरीके से यूनिपोल लगा दिए लेकिन नगर निगम के प्रचार विभाग ने इन्हें हटवाया तक नहीं। इस मामले में केवल जांच कमेटी बनाकर मामले को दबा दिया।

एजेंसी पर कार्रवाई से अधिकारी बच रहे हैं। विज्ञापन से आय बढ़ाने के लिए नगर निगम ने शहर के मुख्य मार्गों पर यूनिपोल लगाने के लिए तीन महीने पहले टेंडर निकाला था। विज्ञापन एजेंसी सिग्मा को 285 यूनिपोल लगाने, एलईडी यूनिपोल और बस शेल्टर पर विज्ञापन लगाने का काम मिला था।

एजेंसी ने कमेटी द्वारा चयनित स्थलों पर यूनिपोल लगाने की जगह दूसरे स्थलों पर मनमाने तरीके से लगा दिए। इसकी शिकायत नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह से की गई। जिसके बाद आनन-फानन जांच कमेटी बनाकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।

### नियमों का उल्लंघन

मुम्बई में होर्डिंग गिरकर 8 लोगों की मौत के बात एसडीआरएफ ने नगर निगम को पत्र लिखकर निर्देश जारी किए थे। जमीन पर जहां पोल लगाए जाएंगे उसकी मिट्टी की स्वायल टेस्टिंग कराई जाए। नगर निगम की उपविधि में भू विज्ञापन 20 फिट से अधिक ऊपर नहीं जाना चाहिए। सिग्मा इससे अधिक ऊंचाई तक यूनिपोल लगा रही है। एलईडी विज्ञापन चौराहे के बीच से 30 मीटर की दूरी पर लगने चाहिए लेकिन चौराहों पर लगे हैं। एलईडी स्क्रीन पर विज्ञापन 20 सेकेंड से अधिक समय तक न चले। एलईडी स्क्रीन ड्राइवर के सामने न पड़े।

## एक लाख सालाना आय वाले भी ले सकेंगे शादी अनुदान

अमृत विचार, लखनऊ : पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से संचालित शादी अनुदान योजना में बड़ी राहत दी गई है। योजना का लाभ लेने वाले परिवारों की आय सीमा बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दी गई है।

बता दें कि अभी तक उक्त योजना के तहत शहरी क्षेत्रों के 56,460 रुपये और ग्रामीण क्षेत्रों के 46,080 रुपये की सालाना आय वाले परिवार ही शादी अनुदान योजना के लिए आवेदन कर सकते थे। अब दोनों के लिए आय सीमा बढ़ाकर एक लाख रुपये सालाना कर दी गई है। पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री की ओर से बुलाई गई बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में 154 पद रिक्त हैं। विभागीय मंत्री नरेंद्र कश्यप ने रिक्त पदों को जल्द भरने के निर्देश दिए। उन्होंने 2024-25 के लिए छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के आवेदनों और भुगतान की समीक्षा की। उन्होंने जगद्गुरु रामभद्राचार्य राज्य दिव्यांग विश्वविद्यालय चित्रकूट के संकायों में दिव्यांग और सामान्य छात्रों के प्रवेश और संकाय संचालन के लिए रिक्तियों और नियुक्तियों की स्थिति की समीक्षा की। कहा कि योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को नोटिस जारी किए जाएं। बैठक में दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव सुभाष चन्द्र शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# तालाब पाटकर बने मकानों पर चला बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- अमराईगांव में अतिक्रमण मुक्त कराई 20 करोड़ की जमीन
- तालाब की जमीन पर बना लिए थे अस्थाई और पक्के निर्माण

अमृत विचार : अमराईगांव में तालाब पाटकर बनाए गए मकानों पर मंगलवार को नगर निगम का बुलडोजर चल गया। अस्थायी और पक्के निर्माण ध्वस्त कर करीब 20 करोड़ की भूमि कब्जा मुक्त कराई। माढ़रमऊ में भी तालाब और बंजर भूमि कब्जा मुक्त कराई गई।

नगर निगम क्षेत्र के अमराईगांव में गाटा संख्या 351 क्षेत्रफल 3.056 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में तालाब में दर्ज है। कुछ लोगों ने तालाब पाटकर अस्थायी और पक्के निर्माण कर लिए थे। नगर निगम और राजस्व विभाग की टीम ने पैमाइश कर अवैध निर्माण चिन्हित किये गए। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के आदेश पर मंगलवार को जेसीबी से अवैध्र निर्माण ध्वस्त कर दिए बए। तहसीलदार अरविंद पांडे और नायब तहसीलदार संजय सिंह के नेतृत्व में हुई कार्रवाई करने वाली टीम में लेखपाल सुभाष कौशल, राकेश यादव, लालू प्रसाद, आलोक कुमार, तहसील के लेखपाल एवं नगर निगम ईटीएफ की उपस्थिति रहे। पक्के निर्माण पर पीपी एक्ट के तहत वाद दायर किया गया है।

### 17 करोड़ की जमीन खाली कराई

नगर निगम की टीम ने गाढ़ामऊ में 17 करोड़ रुपये मूल्य की जमीन खाली कराई। गाटा संख्या-91 क्षेत्रफल 0.535 हेक्टेयर, गाटा संख्या-68 क्षेत्रफल 0.051 हेक्टेयर, गाटा संख्या-143 क्षेत्रफल 0.837 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में तालाब तथा गाटा संख्या-217 क्षेत्रफल 0.266 हेक्टेयर राजस्व अभिलेखों में बंजर में दर्ज है। इस भूमि पर लोगों द्वारा किये गए अतिक्रमण ध्वस्त किए गए। कार्रवाई तहसीलदार संजय सिंह कनौजिया के नेतृत्व में तहसीलदार संजय कटियार, राजस्व निरीक्षक अविनाश चन्द्र तिवारी और लेखपालों की उपस्थिति में की गई।



निरीक्षण के दौरान एसडीएम सरोजनीनगर को निर्देश देतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब।

### झील का सीमांकन कराकर अतिक्रमण ध्वस्त कराएं

अमृत विचार, लखनऊ : झील के संपूर्ण क्षेत्र को चिह्नित करने के साथ ही सीमांकन किया जाए। सीमांकन और चिह्नित करने के दौरान अतिक्रमण मिले तो उसे तत्काल ध्वस्त किया जाए। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने मंगलवार को मवैया हैबतमऊ झील का निरीक्षण करने के दौरान उक्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिया कि झीलों के जीर्णोद्धार/सौंदर्यीकरण के काम बेहतर तरीके से किया जाए। झील में जमी सिल्ट की साफ-सफाई ठीक से कराई जाए। उन्होंने पाथवे, लाइटिंग, गॉर्डरूम, हार्टीकल्चर और बैठने के लिये बेंच आदि व्यवस्था कराई जाए। साथ ही ग्रिल का काम भी कराया जाए। झील का आकर्षण बढ़ाने के लिए बोटिंग सुविधा भी कराई जाए। इस दौरान अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, एसडीएम सरोजनीनगर फाल्गुनी सिंह आदि मौजूद रहे।

## सह-शिकायतकर्ता बनाने के लिए आवेदन पत्र रेरा पोर्टल पर अपलोड

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- शिकायत के निस्तारण के बाद भी सह आवंटी कर रहे थे शिकायत
- यूपी रेरा ने हिन्दी और अंग्रेजी में डाला आवेदन पत्र का फार्मेट

अमृत विचार : उप्र भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने आवंटी के साथ सह आवंटी होने पर शिकायतकर्ता के रूप में पोर्टल पर नाम जोड़ने के लिए आवेदन पत्र अपलोड कर दिया है। रेरा ने 5 मार्च को इसका आदेश जारी किया था।

आवंटियों की सुविधा के लिए आवेदन पत्र का मॉडल हिन्दी और अंग्रेजी में पोर्टल पर उपलब्ध करा दिया है। शिकायतकर्ता द्वारा आवेदन पत्र के साथ एग्रीमेंट फॉर सेल या एलॉटमेंट लेटर की प्रति संलग्न की जाएगी। जिसके आधार पर सह-आवंटी को भी बतौर सह-शिकायतकर्ता दर्ज करने की कार्यवाही की जा सके।

रेरा अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने बताया कि कुछ मामलों में आवंटियों द्वारा सह-आवंटी को बतौर सह-शिकायतकर्ता नहीं शामिल किया गया। रेरा की पीठों ने संबंधित पक्षों को सुनकर शिकायत का निपटारा कर दिया। बाद में सह-आवंटी द्वारा रेरा में आकर अपना पक्ष रखा गया और कहा गया कि प्रथम आवंटी द्वारा सह-आवंटी को जान-बूझ कर शिकायत में बतौर शिकायतकर्ता नहीं दर्ज किया गया। उन्हें पीठ में सुनवाई का अवसर नहीं मिला। इसके बाद यूपी रेरा ने निर्णय लिया कि आवंटियों द्वारा फाइल की गयी शिकायतों में सह-आवंटी को बतौर सह-शिकायतकर्ता दर्ज किया जाएगा।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई-निविदा सूचनाः ओटी-08-2024

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर-II/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिये "खुली" निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्रम सं.-1,** निविदा सं.: ओटी-08-2024, कार्य का विवरणः दोहरीकरण/तीसरी लाईन/आमान परिवर्तन/यार्ड रीमाडलिंग/प्री-एनआई/एनआई/वीआईपी/मिनिस्टर प्रोग्राम एवं अन्य आकस्मिक अवसरों पर अथवा निर्माण इकाई के अन्य यूनिटों द्वारा माँग पर अस्थाई रूप से उचित एवं पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था। उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण, गोरखपुर के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत जहाँ कहीं भी आवश्यक हो (एक वर्ष की अवधि हेतु) अनुमानित लागतः ₹ 96,90,143.70, बयाना राशिः ₹ 1,93,800/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः ₹ निल, कार्य पूर्ण करने की अवधिः 12 माह। निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समयः 02-07-2024 को 15:00 बजे,

**नोटः** • इस निविदा के विरूद्ध कोई मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* को देखें। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर-II/निर्माण
मुजाधि/विद्युत-61 गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# एस्टीमेट बना नहीं, खंभे लगाए और खींच दिए तार

## मौके पर पहुंचे एसडीओ, जेई ने लाइनमैन के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता

अमृत विचार : लेसा के इटौंजा उपकेंद्र के लालपुर गांव में एस्टीमेट बनने से पहले ही लाइनमैन ने किसान के मुर्गी फार्म हाउस के लिए तीन खंभे लगाकर लाइन खींच दी। सूचना पर एसडीओ और जूनियर इंजीनियर ने मौके पर जाकर जांच की। जूनियर इंजीनियर ने लाइनमैन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। लालपुर गांव के निवासी रामकुमार पाल का गांव के बाहर मुर्गी फार्म हाउस है। उन्होंने बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन किया था।

अभी एस्टीमेट नहीं बना है, इसके बावजूद सोमवार को तीन खंभों गाड़कर लाइन खींच दी गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना इटौंजा उपकेंद्र पर दी। जिसके बाद एसडीओ राजकुमार यादव पुलिस बल के साथ पहुंचे। एसडीओ ने बताया कि जूनियर इंजीनियर योगेश यादव एस्टीमेट बनाने की कार्रवाई कर रहे थे, उससे पहले ही लाइन दौड़ा दी गई। मामले की रिपोर्टएक्सईएन को भी भेज दी है।

### कनेक्शन के लिए आवेदकों का उत्पीड़न कर रहे अभियंता

लखनऊ : शबीब शाह ने बताया कि दुबग्गा उपकेंद्र में 26 मई 2024 को घरेलू कनेक्शन के लिए आवेदन किया, अभी तक कनेक्शन नहीं मिला है। इसी प्रकार इमरान खान ने बताया कि बिजनौर उपकेंद्र में एक जून 2024 को आवेदन किया, अभी कनेक्शन नहीं किया गया है। उत्तर प्रदेश अपना व्यापार मंडल के वरिष्ठ प्रवक्ता अजय यादव ने आरोप लगाया कि अवर अभियंता कनेक्शन स्वीकृत करने के नाम पर आवेदकों का उत्पीड़न कर रहे हैं। उन्होंने मध्यांचल विद्युत निगम एमडी से शिकायत कर अभियंताओं पर कार्रवाई की मांग की है।

### कैंट, अर्जुनगंज अहिबरनपुर में आज नहीं आएगी बिजली

अमृत विचार लखनऊ : बिजली कार्य होने के चलते बुधवार को कैंट, अर्जुनगंज, अहिबरनपुर सहित कई इलाकों में बिजली सप्लाई ठप रहेगी। कैंट में सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक बिजली बंद रहेगी। अर्जुनगंज में सुबह 10 से शाम पांच बजे तक बिजली गुल रहेगी। डालीबाग उपकेंद्र के अंतर्गत बटलर रोड तिराहे पर ट्रांसफार्मर में मरम्मत के चलते सुबह 10 से शाम चार बजे तक बिजली गुल रहेगी। इससे न्यू बेरी रोड, रूद्रा ट्वीन टावर, श्रीराम अपार्टमेंट, पैरामाउंट अपार्टमेंट, ट्यूलिप अपार्टमेंट, सृष्टि अपार्टमेंट, शालीमार इमरल्ड, सिडबी अपार्टमेंट, क्लासिक अपार्टमेंट, केके अपार्टमेंट, अलाया होम व एसए अपार्टमेंट सहित कई इलाके प्रभावित रहेंगे। अहिबरनपुर उपकेंद्र के पक्का पुल फीडर सुबह नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक बिजली गुल रहेगी।

### बिजली दरों में कमी का मुद्दा उठाएगा उपभोक्ता परिषद

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा है कि बिजली दरों पर जुलाई में नियामक आयोग में होने वाली सुनवाई में बिजली दरों में कमी किए जाने का मुद्दा उठाया जाएगा। परिषद इससे पूर्व ऊर्जा मंत्री और मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उपभोक्ताओं की बातें रखेगा। मांग करेगा कि बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं के निकल रहे 33122 करोड़ रुपये के एवज में बिजली दरों में कमी का प्रस्ताव दाखिल किया जाए। मंगलवार को जारी बयान में अवधेश वर्मा ने कहा है कि उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन द्वारा बिजली के नये कनेक्शन की दरों में 50 से 100 फीसदी तक वृद्धि का प्रस्ताव दाखिल किया जाना गलत है।

## पर्यटन विकास के लिए चिन्हित हुए 229 गांव

अमृत विचार, लखनऊः ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ पर्यटन विभाग ने एमओयू साइन किया है। पर्यटन भवन में हुए इस एमओयू पर पर्यटन विभाग की ओर से प्रमुख सचिव पर्यटन व संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम और राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से मिशन निदेशक दीपा रंजन ने हस्ताक्षर किये। इस पांच वर्षीय समझौते से ग्रामीण पर्यटन भी बढ़ेगा और ग्रामीणों की आजीविका भी बढ़ेगी।

इस मौके पर व्मौजूद प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस समझौते का उद्देश्य स्थाई आजीविका विकास और वित्तीय सेवाओं तक बेहतर पहुंच के माध्यम से ग्रामीणों को सशक्त बनाते हुए पर्यटन के बुनियादी ढांचे का विकास करना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने से स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही आजीविका के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने बताया कि पर्यटन विकास के लिए प्रदेश में 229 गांवों की पहचान पहले ही कर ली गई है।

## चंदन हॉस्पिटल और ऑर्गेनिस्ट लाइफ ने दर्ज की जीत

अमृत विचार, लखनऊः किरण फाऊंडेशन और यसएयस हुंडई की देखरेख में आयोजित अर्जुन अंडर-12 क्रिकेट लीग में मंगलवार को खेले गए मुकाबले में चंदन हॉस्पिलट ने लखनऊ थंडर को शिकस्त दी।

पहले बल्लेबाजी करते हुए चंदन हॉस्पिटल ने 30 ओवर में 5 विकेट खोकर 190 रन बनाए। हर्षवर्धन ने 102 रनों की पारी खेली। लखनऊ थंडर की तरफ से आयुष और अक्षांश प्रतीक ने एक-एक विकेट लिया।

जवाब में लखनऊ थंडर की टीम 30 ओवर में 8 विकेट खोकर 129 रन ही बना सकी। अर्जुन ने 22, अजिंक ने17 और आयुष ने 19 रन बनाये। चंदन हॉस्पिटल की ओर से वारिस ने 3, आदर्श ने 2 विकेट लिये। इस मैच में शतकवीर हर्षवर्धन को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

दूसरे मुकाबले में ऑर्गेनिस्ट लाइफ ने पर्पल सीज को हराया। ऑर्गेनिस्ट लाइफ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 28.3 बाल में 225 रन बनाये।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**NOTICE**

We (Vetlife Medicare Private Limited) have lost our Original Form 38 Serial No's CC3839366, CC3839367, CC3839368, CC3839369 & CC3839370. These Form 38 should not be used by any other person or Firm.

मैं पुष्पा अधिकारी पत्नी सुन्दर सिंह अधिकारी देवलचौड़, रामपुर रोड, हल्द्वानी, नैनीताल, अपने पुत्र संजय अधिकारी नं.- 4200713N, के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम (PUSPA ADHIKARI) दर्ज है जबकि मेरा सही नाम (PUSHPA ADHIKARI) है। मेरे पुत्र के रिकॉर्ड में (PUSHPA ADHIKARI) दर्ज किया जाये।

**सूचना**

मैं, रामसेवक शर्मा पुत्र कल्लू राम निवासी-356/340/688 अशोक विहार, आलम नगर, लखनऊ सूचित करता हूं कि मैंने अपने पुत्र अनुज शर्मा को गलत चाल-चलन व दुर्व्यवहार से तंग आकर इसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इसके किसी भी कृत्य का मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता न होगा।

**सूचना**

मैं सुन्दर सिंह अधिकारी (SUNDER SINGH ADHIKARI), देवलचौड़, रामपुर रोड, हल्द्वानी, नैनीताल, अपने पुत्र संजय अधिकारी नं.- 4200713N, के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम (SUNDAR SINGH ADHIKARI) दर्ज है जबकि मेरा सही नाम (SUNDER SINGH ADHIKARI) है। मेरे पुत्र के रिकार्ड में (SUNDER SINGH ADHIKARI) दर्ज किया जाये।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम 'लल्लू' (LALLU) था, अब मैंने अपना नाम 'लल्लू कुरैशी' (LALLU QURAISHI) रख लिया है, वर्तमान में मुझे नये नाम से जाना व पढ़ा जाय।- 'लल्लू कुरैशी' (LALLU QURAISHI) **निवासी:- मोहल्ला -मस्जिद, वार्ड नं0-11, मैलानी, जि.-लखीमपुर खीरी-262803, उ0प्र0**

**सूचना**

मेरे बैंक आफ बडौदा खाते में मेरा नाम वीरेन्द्र कुमार दर्ज है। जबकि मेरे पैनकार्ड, आधार कार्ड में वीरेन्द्र कुमार राजपूत दर्ज है। जो दोनों नाम मेरे ही है अन्य किसी भी व्यक्ति के नहीं हैं। मुझे दोनों नामों से जाना पहचाना जाता है। **- बीरेन्द्र कुमार राजपूत पुत्र जसीराम, निवासी-सिकंदरपुरा, राठ (हमीरपुर) उप्र**

**आवश्यकता है**

**सरस्वती इण्टर कालेज मोतीझील इटावा में**

**विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान कानपुर प्रान्त से सम्बद्ध**

1- प्रशिक्षित प्रवक्ता भौतिक विज्ञान-(योग्यता- B-Tech/M.Sc/B.ed)
2- प्रशिक्षित स्नातक (योग्यता- किसी एक वर्ग से स्नातक साथ में Computer / संगीत में दक्ष को वरीयता) आवेदन करने की अन्तिम तिथि- 29 जून 2024, साक्षात्कार---01 जुलाई 2024 सुबह 09:00 बजे से
C.B.S.E बोर्ड से शिक्षा प्राप्त अभ्यर्थियो के लिए वरीयता

**प्रधानाचार्य**
मोबा-9305446767
**प्रबन्धक**
सरस्वती इण्टर कालेज मोतीझील इटावा, पिन-कोड-206001

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे पिता साहित्य भूषण सिंह पुत्र स्वर्गीय गिरजा कुमार सिंह, निवासी-ग्राम सिकटिया, पोस्ट-लगडी कुशीनगर के निवासी थे, उनकी मृत्यु दिनांक 22- 01-2016 को हो गयी है तथा मेरी माता सारदा देवी पत्नी साहित्य भूषण सिंह की भी मृत्यु 02-06- 2016 को हो गयी है यदि इस मृत्यु तिथि पर किसी को आपत्ति है तो 15 दिन के अंदर रजिस्टार जन्ममृत्यु सिकटिया के यहां आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा मृत्यु को सही मानते हुए अग्रिम कार्रवाई करें। **- अनिल सिंह पुत्र साहित्यभूषण सिंह, ग्राम सिकटिया, मोतीचक, कुशीनगर**

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता/सेतु कर्मशाला, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई.- निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | निविदा सं0 | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 04/डब्ल्यू0/बीडब्ल्यूएस/सीबी/एल0के0ओ/2024-25 | मुरादाबाद मंडल के अंतर्गत पीएससी स्लैब के साथ 12.2 मीटर तक स्टील गर्डर के प्रतिस्थापन के लिए पीएससी स्लैब का कास्टिंग का कार्य पुल सं0 40UP(1*6.1m), 190UP(4*6.10m), 124(1*6.10m+2*12.20m+1*6.10m), 44DN(1*6.10m+1*12.20m+1*6.10m), 846DN (3*9.14m), 846UP(3*9.14m),899UP(1*9.14m), 17(1*7.92m), 25(1*7.92m), 73(3*9.14m), 894A(1*12.20m), 894AUP(1*12.20m), 46(1*12.17m), 59(1*12.19m), 61(3*12.2m), 9UP(1*12.16m), 59DN(5*12.16m), 34(1*12.19m), 114(1*12.20m) और स्लैब कास्टिंग कार्य से संबंधित सुविधाओं का विकास करना |
| 2 | अनुमानित लागत | रू0 97023944.18 |
| 3 | बोली सुरक्षा राशि | रू0 635200/- |
| 4 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह |
| 5 | निविदा डालने की प्रारम्भिक तिथि | 24.06.2024 |
| 6 | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि तथा समय | निविदा 08.07.2024 को 15:00 बजे तक जमा किए जा सकेंगे एवं निविदा उसी दिन खोली जायेगी। |
| 7 | | न्यूनतम पात्रता की शर्तें: |
| अ | तकनीकी | (ए) निविदा कार ने पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा या प्रर्याप्त रूप से पूरा किया हो, जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गयी थी, उससे पहले के महीने के अन्तिम दिन को समाप्त करना होगा। तीन समान कार्य जिनकी लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 30 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। या दो समान कार्य जिनका लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 40 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। या एक समान कार्य की लागत, निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60 प्रतिशत के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए। |
| ब | वित्तीय | निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार V/N (वी/एन) या 'V' (वी) जो भी कम होय जहाँ V (वी) = निविदा की विज्ञापित मूल्य करोड़ रूपये में। N (एन) = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गयी है। औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना, पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कुल संविदात्मक भुगतान के औसत के रूप में की जायेगी, लेखा परीक्षित बैलेन्स शीट के अनुसार। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन-पत्र अभी तक तैयार/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष की लेखा परीक्षित तुलन-पत्र पर विचार किया जाएगा। |
| 8 | एक समान कार्य | किसी भी पुल के काम में प्री-स्ट्रेस्ड कंक्रीट गर्डर/पीएससी स्लैब का निर्माण एक अलग या संयुक्त कार्य में। |
| 9 | वेबसाइट का विवरण एवं कार्यालय का नाम जहाँ निविदा का विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in, कार्यालय उप मुख्य अभियन्ता/से0 कर्म0, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ। |

नोट :- 1. ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। 2. समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। 3. मैनुउल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। 4. निविदा प्रपत्र की लागत जो निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है। 5. बोली सुरक्षा राशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग, पेमेंट गेटवे या बैंक गारंटी जैसा कि निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है, द्वारा स्वीकृत की जायेगी। **निविदा सू0सं0-04/डब्ल्यू0/बीडब्ल्यूएस/सीबी/एल0के0ओ/2024-25**
**दिनांक 10.06.2024** **1740/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कुर्बानी के फोटो, वीडियो सोशल मीडिया पर न डालें

## बकरीद को लेकर हुई बैठक में मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने की अपील

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




बकरीद को लेकर हुई बैठक को संबोधित करते मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली।

अमृत विचारः ईद-उल-अजहा (बकरीद) की तैयारियों के सम्बन्ध में ऐशबाग ईदगाह स्थित इस्लामिक सेंटर ऑफ़ इंडिया ने मंगलवार को अहम बैठक बुलाई। इस बैठक में जिला प्रशासन, पुलिस कमिश्नरेट और नगर निगम के अधिकारियों के अलावा धर्मगुरुओं ने शिरकत की। इस्लामिक सेंटर ऑफ़ इंडिया के चेयरमैन मौलाना खालिद रशीद की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, सफाई, बिजली व पानी की आपूर्ति और यातायात व्यवस्था को लेकर विचार विमर्श किया गया। बकरीद का त्योहार 17 जून को है। इस मौके पर बड़ी संख्या में मुसलमान ईदगाह और शहर की विभिन्न मस्जिदों में नमाज अदा करेंगे। ईदगाह में बकरीद की नमाज सुबह 10 बजे से होगी।

इस बैठक में मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने कहा कि जिला प्रशासन और नगर निगम की जिम्मेदारी है कि बकरीद से पहले ईदगाह और सभी मस्जिदों के आसपास सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराएं और बिजली व पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें। मौलाना ने कहा कि बकरीद की कुर्बानी 17, 18 व 19 जून को होगी। कुर्बानी के जानवरों के आने-जाने में किसी भी तरह की रुकावट न लगाई जाए। मौलाना ने मुसलमानों से भी कहा है कि कुर्बानी की तस्वीरें व वीडियो सोशल मीडिया पर न डाली जाएं। मौलाना ने कहा कि बकरीद के दिन आवारा जानवरों को नमाज के समय बंद रखा जाए। वजू के लिए मस्जिदों के पास पानी के टैंकरों का इंतजाम किया जाए। उन्होंने कहा कि त्योहार के मौके पर शहर और प्रदेश की गंगा-जमुनी तहजीब का ख़ास ख्याल रखा जाए। यह मौका यह सन्देश देने का भी है कि यहां सभी धर्मों के लोग मिलजुलकर रहते हैं।

इस बैठक में संयुक्त पुलिस आयुक्त उपेन्द्र कुमार अग्रवाल ने कहा कि अमन कायम रखने में प्रशासन के साथ नागरिकों की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि कुर्बानी के लिए जानवरों के आने-जाने में कोई रुकावट नहीं डाली जायेगी। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर कुर्बानी न की जाए। गोश्त को खोलकर न ले जाया जाए। जानवरों के खून और बेकार अवयवों को नाली में न बहाया जाए। इस सिलसिले में क़ानून पर पूरी तरह से अमल किया जाए। डीसीपी वेस्ट दुर्गेश कुमार ने कहा कि बकरीद के मौके पर सुरक्षा की अच्छी से अच्छी व्यवस्था की जायेगी। राजधानी के अमन के साथ किसी को भी खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। एडीसीपी वेस्ट विश्वजीत श्रीवास्तव ने कहा कि शहर के जिम्मेदार लोगों के साथ मिलकर हम काम करते हैं और सभी त्योहार गंगा-जमुनी तहजीब के साथ ही मनाये जाते हैं। बैठक में एडीशनल म्युनिस्पल कमिश्नर अरुण कुमार गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त किये।

## एक नजर

### नियुक्त होंगे कार्यक्रम समन्वयक

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के संचालन के लिए अंशकालिक कार्यक्रम समन्वयक और एसोसिएशन कार्यक्रम समन्वयक की नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे गए हैं। आवेदन पत्र 24 जून शाम 5 बजे तक विश्वविद्यालय के पते पर और एक प्रति कुलसचिव के ईमेल आईडी पर भी भेजना होगा।

### एकेटीयू: 8 हजार छात्रों ने कराया पंजीकरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के बीटेक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए पंजीकरण शुरू हो गया है। पहले दिन करीब 8 हजार छात्रों ने पंजीकरण कराया। तीन हजार से अधिक ने पंजीकरण प्रक्रिया पूरी की। पंजीकरण 10 जुलाई तक चलेगा। पहले राउंड के अलावा सिर्फ स्पेशल राउंड में ही पंजीकरण होगा। अभ्यर्थी यूपी टेक पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

### लविवि: दूसरी पाली में छह छात्रों ने दी परीक्षा

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में सोमवार को तीन पालियों में परीक्षाओं के आयोजन हुए। पहली पाली में 22 हजार 161 छात्र सम्मिलित हुए। दूसरी पाली में छह छात्रों ने परीक्षा दी। वहीं तीसरी पाली में उपस्थित छात्रों की संख्या 15 हजार 102 रही। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी का कहना है कि लखनऊ विवि परीक्षाओं के आयोजन करा रहा है। संबद्ध महाविद्यालयों में भी परीक्षाएं आयोजित हो रही हैं। दूसरी पाली में एक छात्र और पांच छात्राएं सम्मिलित हुईं। कुल तीन पालियों में 37 हजार 269 छात्रों ने परीक्षा दी है।

### विषम परीक्षाओं का परिणाम जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में हाल ही में सम्पन्न हुई विभिन्न विषम परीक्षाओं का परीक्षाफल घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम भाषा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी देखा जा सकता है।

### छात्राओं ने सीखी बांग्ला भाषा

**अमृत विचार, लखनऊ :** एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कॉलेज में कल्चरल क्लब, अतुल प्रसाद सेन सांस्कृतिक मंच की ओर से बांग्ला भाषा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। बांग्ला भाषा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस कार्यशाला में विद्यार्थियों के अलावा आमजन ने भी प्रतिभाग किया। प्रशिक्षक बासब दत्ता ने कार्यशाला के दौरान सरल, सहज और व्यवहारिक रूप से बांग्ला भाषा को सिखाया। इस दौरान काफी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# पुनर्वास विश्वविद्यालय में शुरू होंगे 10 नए पाठ्यक्रम

## दिव्यांग छात्रों को नए सत्र से मिलेगी राहत, बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय नए सत्र में 10 नए पाठ्यक्रम शुरू करने जा रहा है। इसको लेकर कुलपति प्रोफेसर संजय सिंह ने अंतिम मुहर लगा दी है। कुलपति का कहना है कि नए पाठ्यक्रमों के लिए समिति सदस्यों की ओर से सुझाव दिए गए, जिसके आधार पर निर्णय लिया गया। नए पाठ्यक्रमों की मदद से छात्रों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

कुलपति प्रो. संजय सिंह ने बताया कि जुलाई से शुरू होने वाले शैक्षणिक सत्र में पहला पाठ्यक्रम अंग्रेजी एवं अन्य विदेशी भाषा विभाग से जुड़ा है। एक वर्षीय सर्टिफिकेट कोर्स कम्युनिकेटिव इंग्लिश है। दूसरा कोर्स अर्थशास्त्र विभाग में शुरू होगा। इसके अंतर्गत यूनिवर्सिटी इंडस्ट्रीज लिंकेज को बढ़ावा देने के लिए ऑटोमोबाइल इंश्योरेंस पाठ्यक्रम शुरू होगा। विज्ञान संकाय के अंतर्गत पीसीएम, पीएससी और आईटी एंड कम्युनिकेशन स्किल, वाणिज्य विभाग में इंडियन नॉलेज सिस्टम, टैली एंड अकाउंटिंग और इंडियन कैपिटल मार्केट, प्रबंध शास्त्र विभाग में इन्वेस्टमेंट एंड पोर्टफोलियो मैनेजमेंट और संगीत विभाग में एक वर्षीय इंडियन क्लासिकल वोकल म्यूजिक पाठ्यक्रम शुरू किया जाएगा।



पुनर्वास विवि में बैठक करते कुलपति प्रो. संजय सिंह। अमृत विचार

### जल्द निर्णय लेने के लिए बनेगी कमेटी

कुलपति ने कहा कि विवि से जुड़े कोई भी निर्णय लेने के लिए विद्या परिषद की कमेटी बुलाना अब तक अनिवार्य रहा है। लेकिन कई बार कमेटी के सदस्यों के उपस्थित न होने पर निर्णय लेने में विलंब हो जाता है। इन्हीं कारणों को ध्यान में रखते हुए प्रतिनिधि सदस्यों की समिति बनेगी। समिति के अध्यक्ष कुलपति और कुलसचिव होंगे। यह समिति एकेडमिक काउंसिल विद्या परिषद के स्थान पर निर्णय ले सकती है।

### सीयूईटी के माध्यम से होंगे यूजी और पीजी पाठ्यक्रम

कुलपति ने बताया कि स्नातक (यूजी) और परास्नातक (पीजी) स्तर पर सभी प्रवेश सीयूईटी के माध्यम से होंगे। अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (इंजीनियरिंग) में प्रवेश के लिए एकेटीयू, जेईई मेन और सीयूईटी के माध्यम से प्रवेश लिए जाएंगे।

# शिक्षकों के पारस्परिक अंतर्जनपदीय तबादले का आदेश

## आज से शुरू होगी ऑनलाइन प्रक्रिया, एक सप्ताह में रिलीविंग आर्डर होंगे जारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक विद्यालयों में तैनात शिक्षकों के पारस्परिक अंतर्जनपदीय स्थानान्तरण का आदेश परिषद सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने मंगलवार को जारी कर दिया है।

इस संबंध में सभी जनपदों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को भी आदेश की कॉपी भेज दी गई है। शिक्षकों के तबादले का तिथिवार पूरा शेड्यूल भी निर्धारित है। इस बार उन शिक्षकों को बड़ी राहत दी गई है जिन्होंने एक बार तबादले का लाभ लिया था और दोबारा उनका आवेदन निरस्त कर दिया गया था। ऐसे शिक्षक अपने आवेदन को रीसेट कर कोई जरूरी संशोधन है तो कर सकते हैं।

बता दें कि आवेदन निरस्त होने के बाद कई शिक्षक ऐसे भी थे जिनके आवेदन मान्य नहीं किये गये थे लेकिन अब कोर्ट के आदेश पर इन शिक्षकों को राहत दी जा रही है। प्रक्रिया 12 जून बुधवार से शुरू हो जाएगी।

**बीएसए को सत्यापन करने का आदेश :** रीसेट आवेदन पत्रों की जांच और सत्यापन करने का आदेश बेसिक शिक्षा अधिकारियों को दिया गया है। सभी बीएसए इसका सत्यापन निर्धारित समय अविधि में करेंगे। ताकि आगे की प्रक्रिया रफ्तार पकड़ सके। इसके लिए 13 से 14 जून तक का समय बीएसए को दिया गया है।



पारस्परिक अंतर्जनपदीय तबादले का आदेश जारी कर दिया गया है। ये प्रक्रिया एक सप्ताह में पूरी की जाएगी। पारदर्शिता के साथ सब कुछ ऑनलाइन है। शिक्षक किसी भी तरह के प्रलोभन में न फंसे।

**-सुरेन्द्र तिवारी, सचिव, बेसिक शिक्षा परिषद**

### ▶▶ चार दिनों तक पेयर बनाने का मौका

पारस्परिक अंतर्जनपदीय तबादले के लिए इच्छुक जिन शिक्षकों के अभी तक पेयर नहीं बने हैं उनको चार दिनों का मौका दिया गया है। आदेश के मुताबिक, इसके लिए शिक्षकों के पास 15 से 18 जून तक का मौका है।

### ▶▶ एक दिन में ही कार्यमुक्त होंगे शिक्षक

जिन शिक्षकों के आवेदन व पेयर सही मिलेंगे उनको एक ही दिन में कार्यमुक्त कर दिया जायेगा। इस संबंध में बीएसए को निर्देशित करते हुए कहा गया कि 19 जून को हर हल में शिक्षकों को कार्यमुक्त कर दिया जाए ताकि अपने तबादला पाए जनपद में वह समय से स्कूल में कार्यभार ग्रहण कर सकें।

## लविवि के कुलपति ने शिक्षक हाल का किया उद्घाटन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने आईएमएस के नवीनीकृत संकाय (शिक्षक) हॉल का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों से संवाद स्थापित किया गया। इस अवसर पर प्रतिकुलपति प्रो. मनुका खन्ना, डीन, योग, प्रो. अशोक सोनकर, डीन, फार्मेसी, प्रो. पुष्पेंद्र त्रिपाठी आदी उपस्थित रहे।



आईएमएस के शिक्षक हॉल का उद्घाटन करते कुलपति आलोक कुमार राय।

## नेशनल एरोबिक्स चैम्पियनशिप में छात्रा ने जीते 4 पदक

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल गोमती नगर द्वितीय कैम्पस के कैम्ब्रिज इंटरनेशनल की कक्षा-8 की छात्रा नूरा इनायती ने आगरा में आयोजित 14वें नेशनल एरोबिक्स फेडरेशन कप में 4 सिल्वर मेडल के साथ रनर-अप ट्रॉफी अर्जित की है। छात्रा अब बैंकॉक में अगस्त में आयोजित होने वाली एशियन चैम्पियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व करेगी।

# नीट परीक्षा परिणाम को लेकर राजनीतिक संगठन भी मुखर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नीट परीक्षा परिणामों को लेकर राजनीतिक संगठन भी मुखर होने लगे हैं। समाजवादी छात्र सभा और आम आदमी पार्टी ने नीट परीक्षा परिणामों पर सवाल उठाते हुए जांच की मांग कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा है।

मंगलवार समाजवादी छात्रसभा एकजुट हुई। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार यादव और राष्ट्रीय महासचिव दिलीप कृष्णा की उपस्थिति में जिला कार्यकारिणी जिलाध्यक्ष ओम लोधी के साथ कलेक्ट्रर परिसर पहुंची। छात्र सभा उपाध्यक्ष ने नीट परीक्षा परिणामों को लेकर आरोप लगाते हुए कहा कि सैकड़ों अभ्यर्थियों के 100 नंबर आए हैं। एक ही परीक्षा केंद्र पर इतने अंक आना सवाल खड़े कर रहा है। एडीएम से मिलकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपने के दौरान छात्र सभा के पदाधिकारियों की ओर से निष्पक्ष जांच की मांग की गई।



कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर नीट परीक्षा परिणाम को लेकर जांच की मांग करते आप पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

उधर, आम आदमी पार्टी की ओर से व्यवस्थाओं पर सवाल उठाए गए। लखनऊ जिला कार्यकारिणी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीरा सक्सेना के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता कलेकट्रेट पहुंचे। नीट परीक्षा परिणामों का विरोध जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की गई, साथ ही राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा गया।



एडीएम को ज्ञापन सौंपते समाजवादी छात्र सभा के पदाधिकारी व सदस्य। अमृत विचार

## कौशल विकास के लिए छात्रों को किया प्रोत्साहित

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज में स्कोप एंड बेनिफिट्स ऑफ इनटर्नेशनल करियर आपारचूनिटिज विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में सत्येन्द्र कुमार सिंह एवं प्रतिषेक दास ने इनटर्नेशन करियर आपारचूनिटिज एंव इसके इंटर्नशिप प्रक्रिया के बारे में एमबीए छात्र - छात्राओं के साथ चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को कौशल विकास के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभाग के शिक्षक डॉ. विनय चतुर्वेदी, डॉ. गजेन्द्र गुप्ता, डॉ. वर्षा शुक्ला, आरजू गुप्ता एवं शेफाली सिंह मौजूद रहे।

# कॉलेजों में एनसीसी के लिए किया जाएगा जागरूक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इंटर कॉलेज हो या फिर महाविद्यालय हो सभी जगह एनसीसी के प्रति छात्र-छात्राओं को जागरूक किया जायेगा। इस संबंध में एनसीसी निदेशालय सभी कॉलेजों में ऑनलाइन मॉनीटरिंग करेगा। एनसीसी कैडेट्स में हर वर्ग के बच्चों की भागीदारी बढ़े इसको ध्यान में रखते हुए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

अभी बहुत से छात्र-छात्राओं में एनसीसी को लेकर ये भ्रम है कि इससे उनके करियर में क्या फायदा होगा। इन्ही सब बातों को लेकर नये छात्र-छात्राओं को जागरूक किया जायेगा। अधिकारियो का कहना है कि एनसीसी का प्रशिक्षण हमें अनुशासन में रहना तो सिखाता ही है, साथ में पढ़ाई के साथ-साथ एक विशेष प्रशिक्षण भी मिल जाता है। जागरूकता के लिए कार्यक्रम बालक व बालिका दोनो ही कॉलेज में चलेगा।



▶▶ ऑनलाइन भी जानकारी देगा एनसीसी निदेशालय

▶▶ बालक व बालिका दोनों ही कॉलेजों में चलेंगा अभियान

बता दें कि 19वीं यूपी गर्ल्स बटालियन की कैडेट संचिता सिंह का भारतीय वायु सेना में अधिकारी के रूप में चयन हुआ है। भारतीय नौसेना (अग्निवीर) में इस बटालियन के दो कैडेट्स मनु सिंह व वर्षा यादव का चयन हुआ। छात्रा कैडेट अनुदेशिका के रूप में कैडेट नीति सिंह व कैडेट भावना सक्सेना कभी चयन हुआ है। जोकि एक बड़ी उपलब्धि है। इसी तरह से अन्य कैडैट्स को भी मौका मिल सकता है।

# प्रतिमा, चांदनी व अक्शा ने अपनी टीमों को दिलाई जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्लेयर ऑफ द मैच प्रतिमा के हरफनमौला खेल की बदौलत सीएएल रेड ने द्वितीय एके मेमोरियल महिला क्रिकेट टूनामेंट के लीग मैच में सीएएल ब्लू को 4 विकेट से हरा दिया।

आर्यावृत क्रिकेट ग्राउंड पर मंगलवार को खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएएल ब्लू ने 19.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 102 रन बनाए। निधि सिंह ने आतिशी बल्लेबाजी की और 44 गेंदों में 8 चौको की सहायता से 52 रन बनाए। सीएएल रेड की ओर से प्रतिमा, अरीशा मुस्तफा और नुपूर ने 2-2 विकेट चटकाए।

जवाब में सीएएल रेड ने 18.2 ओवर में 6 विकेट खोकर 103 रन बनाए और जीत दर्ज की। प्रतिमा ने नाबाद 29 रन बनाए। वहीं वीना ने 20 रनों की पारी खेली। सीएएल ब्लू की ओर से निधि सिंह ने 2 विकेट चटकाए।



प्रतिमा



चांदनी शर्मा



अक्शा खान

▶▶ द्वितीय एके मेमोरियल महिला क्रिकेट टूर्नामेंट

**चांदनी की गेंदबाजी से स्ट्राइकर्स जीता :** टूर्नामेंट के एक अन्य लीग मैच में प्लेयर ऑफ द मैच चांदनी शर्मा के खेल की बदौलत एके स्ट्राइकर्स ने सीएएल ऑरेंज को 8 विकेट से हराया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएएल ऑरेंज की टीम 19.2 ओवर में 82 रन बना कर सिमट गई। कोमल होरा ने 32 और प्रियांशी तरन्नुम बानो ने 23 रन बनाए। एक स्ट्राइकर्स की ओर से चांदनी शर्मा ने 3 और प्रिशा गुप्ता ने 2 विकेट चटकाए।

जवाब में एके स्ट्राइकर्स ने 17.2 ओवर में 2 विकेट खोकर 83 रन बना लिए और जीत दर्ज की। ततहीर फातिमा ने नाबाद 26 रन बनाए। तनु सिंह ने नाबाद 37 रनों की पारी खेली।

### अक्शा ने चटकाए 3 विकेट

टूर्नामेंट के एक अन्य लीग मैच में प्लेयर ऑफ द मैच अक्शा खान के खेल की बदौलत सीएएल ग्रीन ने एनआर फाइटर को 54 रनों से शिकस्त दी। सीएएल ग्रीन के 136 रनों के जवाब में एनआर फाइटर की टीम 82 रनों पर ढह गई। विजयी टीम की ओर से अर्पिता याद ने 38 रन बनाए और अक्शा खान ने 3 विकेट चटकाए।

## कल्याणपुर स्ट्राइकर्स की जीत में दीपक बने हीरो

**अमृत विचार, लखनऊ :** मैन ऑफ द मैच दीपक चौहान की सटीक गेंदबाज की बदौलत कल्याणपुर स्ट्राइकर्स ने ग्लोबल स्टार्स को 4 विकेट से हरा दिया। एसएमआर क्रिकेट कप के लिए खेले जा रहे अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए ग्लोबल स्टार्स क्रिकेट क्लब ने 25.2 ओवर में 9 विकेट खोकर 142 रन बनाये। आदर्श यादव और अंगद पटेल ने 27-27 रनों की पारी खेली।

कल्याणपुर स्ट्राइकर्स की ओर से दीपक चौहान ने 4 और रमन ने 3 विकेट चटकाये। जवाब में कल्याणपुर स्ट्राइकर्स ने 16.5 ओवर में 6 विकेट खोकर 143 रन बना लिये। सचिन विश्वास ने 61 और राज वर्मा ने नाबाद 31 रन बनाए।

# ऑक्सफोर्ड ताइक्वांडो अकादमी ने जीते नौ स्वर्ण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ऑक्सफोर्ड ताइक्वांडो अकादमी के खिलाड़ियों ने कानपुर में आयोजित 27वीं राष्ट्रीय आमंत्रण ताइक्वांडो प्रतियोगिता में 9 स्वर्ण, 3 रजत सहित कुल 12 पदक जीते। सिविल लाइंस स्थित कानपुर के बार एसोसिएशन हाल में गत 7 से 9 जून तक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था।

दिव्य राज वंश ने क्योरगी के पीवी श्रेणी के अंडर-17 किग्रा भार वर्ग के साथ पूमसे में भी स्वर्ण जीता। वहीं अनुभव तिवारी ने भी सब जूनियर के अंडर-28 किग्रा भार वर्ग के साथ पूमसे में स्वर्णिम सफलता हासिल की।

मुख्य प्रशिक्षक अतुल यादव ने बताया कि आयोजित राष्ट्रीय आमंत्रण ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मेजबान उत्तर प्रदेश, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, महाराष्ट्र व दिल्ली की टीमों के लगभग 550 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। पदक विजेताओं को डिप्टी कमिश्नर पुलिस पूर्वी कानपुर श्रवण कुमार सिंह ने पुरस्कार प्रदान किए।



पदक के साथ विजेता ताइक्वांडो खिलाड़ी। अमृत विचार



कॉल्विन कॉलेज में तैराकी का ट्रायल देते प्रतिभागी, साथ में खिलाड़ियों के परिजन। अमृत विचार

**अव्यवस्थाओं के बीच 250 तैराकों ने दिया ट्रायल**

कॉल्विन कॉलेज के 25 मीटर वाले स्विमिंग पूल के ट्रायल में लखनऊ और आसपास के जिलों के करीब 250 तैराक ट्रायल देने पहुंचे। ट्रायल शुरू होने के समय लखनऊ परिक्षेत्र के क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अजय कुमार सेठी भी मौके पर मौजूद रहे। उनके सामने ही आयोजकों ने तरणताल में बिना लेन लगाए ट्रायल करा दिए। ट्रायल के लिए लेन लगाना आवश्यक होता है। अजय कुमार सेठी ने बताया कि लेन नहीं लगी थी। यह गलती हुई है। यही नहीं टाइम ट्रायल था पर इसके लिए सिर्फ दो ही लोग टाइम ले रहे थे। अभिभावकों ने इस पर आपत्ति भी जताई पर उनकी किसी ने नहीं सुनी।

अव्यवस्था

लखनऊ टीम के गठन के लिए कॉल्विन कॉलेज में हुए ट्रायल

# तैराकी के ट्रायल में खिलाड़ियों के साथ अभिभावक भी पस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जगह : कॉल्विन कॉलेज का तरणताल, समय : 1:00 बजे, पारा : तकरीबन 42 डिग्री के आसपास, हालत ऐसी की धूप में दो मिनट खड़ा नहीं हुआ जा रहा था। तरणताल में दम दिखाने से पहले ही तैराकों के पसीने छूट गए। अपने बच्चो को लेकर यहां ट्रायल दिलाने आए अभिभावक भी भीषण गर्मी में परेशान होते रहे।

खेल विभाग के अधिकारी के साथ ही तैराकी संघ के प्रतिनिधि यहां मौजूद रहे। खिलाड़ियों और अभिभावकों की दिक्कतों को देखते हुए भी ये लोग अंजान बने रहे।

लेन को लेकर परेशानी रही। अन्य किसी तरह की परेशानी नहीं रही। सभी खिलाड़ी ट्रायल में शामिल हुए। जल्द ही टीम घोषित की जाएगी।

**-अजय कुमार सेठी, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी, खेल विभाग, उत्तर प्रदेश**

कॉल्विन कॉलेज में मंगलवार को लखनऊ टीम के गठन के लिए चयन ट्रायल आयोजित किए गए। सिद्धार्थ नगर में आयोजित प्रदेश स्तरीय सब जूनियर, जूनियर बालक और बालिका तैराकी प्रतियोगिता में यह टीम हिस्सा लेगी। दोनों वर्गों के मुकाबले 20 से 23 जून तक आयोजित किए जाएंगे। यह प्रतियोगिता राज्य स्तरीय प्रतियोगिता खेल विभाग और उत्तर प्रदेश तैराकी संघ के समन्वय से होनी है।

इसी प्रतियोगिता के लिए आज एक ही दिन में जिला और मंडल स्तरीय ट्रायल आयोजित किए गए। लखनऊ सब जूनियर वर्ग टीम में 10 बालक और 10 बालिका खिलाड़ियों को चयन किया जाना है। वहीं जूनियर ग्रुप में 20 बालक और 20 बालिकाओं को जगह दी जाएगी।

### लड़कियों के लिए चेंजिंग रूम तक नहीं

तरणताल की हालत यह थी लड़कियों के चेंज करने को जगह ही नहीं थी। शौचालय इतने गंदे थे भीतर जाते ही बच्चों के उल्टियां शुरू हो गईं। भीषण गर्मी में तैराकों के लिए पेयजल की कोई व्यवसथा नहीं की गई थी। कई तैराक अपने घरों से बोतल लेकर आए थे, लेकिन वह पानी चंद मिनटों में ही खत्म हो गया। तरणताल में कहीं छांव नहीं थी। ऐसे में अभिभावक पत्थर की सीटों पर बैठने को मजबूर हो उठे। बच्चों के भविष्य को देखते हुए अभिभावक विरोध भी कर सके। एक-दो अभिभावकों ने शिकायत कि तो उन्हें डपट कर खामोश कर दिया गया। एक तैराक ने कहा कि ज्यादा कुछ बोल नहीं सकते। बोला तो चयन नहीं होगा। उन्होंने कहा कि लखनऊ में पीएसी महानगर, साई सेंटर के स्विमिंग भी पूल भी हैं। वहां यह ट्रायल कराया जा सकता था।

## शिवांश के खेल से जीता द क्रिएटर्स क्लब

**अमृत विचार, लखनऊ :** मैन ऑफ द मैच शिवांश त्रिपाठी के शानदार खेल की बदौलत द क्रिएटर्स क्रिकेट क्लब को जीत हासिल हुई। प्रथम सूरज प्रसाद सचान मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में क्रिएटर्स क्लब ने सीएसडी सहारा बीकेटी को 7 विकेट से हरा दिया।

सूर्या मैदान में खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएसडी सहारा बीकेटी ने 39.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 145 रन बनाए। प्रतीक कुमार ने 41 और आयुष्मान ने 29 रन बनाए। जवाब में द क्रिएटर्स क्लब ने 36.4 ओवर में 3 विकेट खोकर 147 रन बनाए और जीत दर्ज की। शिवांश त्रिपाठी ने 64 और प्रत्यूष शुक्ला ने 44 रनों की पारी खेली।

## एक नजर

### गर्भवती ने चार लोगों पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट क्षेत्र निवासी गर्भवती ने चार लोगों पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। महिला ने स्थानीय पुलिस पर सुनवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुये पुलिस आयुक्त कार्यालय में प्रार्थना-पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता के मुताबिक वह राशन का सामान लेने दुकान पर गई थी। जहां शराब के नशे में धुत चार लोगों ने उसके साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके कपड़े भी फाड़ दिए। पीड़िता का कहना है कि दो दिन तक थाने के चक्कर लगाये, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद पुलिस कमिश्नर कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता ने न्याय नहीं मिलने पर आत्मघाती कदम उठाने की बात कही है। इंस्पेक्टर ने बताया मामला संज्ञान में आया है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### शराब के नशे में युवती से छेड़छाड़, विरोध पर पीटा

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली 25 वर्षीय युवती से रास्ते में गांव के ही शराबी युवक ने छेड़छाड़ की। जब युवती ने विरोध किया तो युवक ने मारपीट शुरू कर दी। युवती की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश कुमार सिंह के मुताबिक युवती लखनऊ स्थित एक बैंक में कर्मचारी है, सोमवार को वह ई रिक्शा से घर जा रही थी। तभी शाम करीब 8 बजे शराबी युवक आंशु सिंह ने युवती को रोक लिया और छेड़छाड़ करने लगा तो युवती ने विरोध किया। जिसके बाद आरोपी ने बाल पकड़कर उसकी पिटाई कर दी और कपड़े भी फाड़ दिए। बहन से मारपीट की सूचना मिलते ही भाई भी मौके पर पहुंच गया तो आरोपी ने उसको भी पीट दिया और जान से मार देने की धमकी देते हुए फरार हो गया।



दुबग्गा के जेहटा में युवती की हत्या के बाद ग्रामीणों से पूछताछ करते पुलिसकर्मी।



युवती की हत्या की जानकारी के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

# युवती की हत्या, घर के पास मिला शव

## प्रेम प्रसंग और भूमि विवाद की तरफ घूम रही पुलिस के शक की सुई

संवाददाता, लखनऊ/ काकोरी

**अमृत विचार :** राजधानी के दुबग्गा में मंगलवार सुबह एक युवती का शव घर से थोड़ी दूर पर मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन की तो गले, चेहरे सहित शरीर पर चोट के कई निशान मिले। घर में सो रही युवती देर रात किसके इशारे पर बाहर निकली और उसकी हत्या कर दी गई, पुलिस इस गुत्थी को सुलझाने का प्रयास कर रही है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। शक के आधार पर पुलिस दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

डीसीपी पश्चिम डॉ. दुर्गेश कुमार के मुताबिक जेहटा निवासी राजेंद्र रावत की बेटी पूनम (26) सोमवार रात परिवार के साथ खाना खाने के बाद सोने चली गई। मंगलवार सुबह लोगों ने घर से करीब 400 मीटर दूर राजेंद्र के भांजे श्रीकृष्ण रावत के मकान के सामने पूनम का शव पड़ा देखा। इसकी जानकारी मिलते ही घरवालों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और छानबीन कर साक्ष्य जुटाए।

उन्होंने बताया कि युवती के शरीर पर कई चोट के निशान थे। बालों में सूखी घास और कांटे लगे हुए थे। पूनम की छोटी बहन नमिता ने बताया कि पिता राजेंद्र जेहटा चौराहे पर चाट का ठेला लगाते हैं। दुबग्गा इंस्पेक्टर अभिनव वर्मा ने बताया कि घरवालों की तहरीर पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन की जा रही है।



पूनम (फाइल फोटो)

### खाना खाकर सोई थी, घर के बाहर कैसे पहुंची

परिजन भले ही पड़ोसियों पर जमीन विवाद में हत्या करने की आशंका जता रहे हैं। लेकिन वह यह नहीं बता पाये कि पूनम घर से बाहर क्यों निकली थी या कैसे पहुंची। क्योंकि बहन का कहना है कि 11 बजे खाना खाने के बाद पूनम कमरे में सोने चली गई थी। ऐसे में बड़ा सवाल यह कि वह घर से बाहर निकली या कोई घर से उठाकर बाहर ले गया और हत्या कर दी।

### पड़ोसी दे चुके थे जान से मारने की धमकी

पुलिस की पूछताछ में राजेंद्र ने बताया कि पड़ोसियों से भूमि का विवाद चल रहा है। पड़ोसी कई बार जान से मारने की धमकी दे चुके थे। कुछ लोगों ने देर रात पूनम को पानी भरने के लिए बाहर जाते देखा था। आशंका है कि इसी दौरान उसकी हत्या करके शव को रिश्तेदार के घर के बाहर फेंक दिया गया। दूसरी ओर पुलिस प्रेम प्रसंग में वारदात का शक जताकर पूनम की कॉल डिटेल खंगाल रही है।

# चिनहट कोतवाली के दरोगा समेत पांच पुलिस कर्मी लाइन हाजिर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दरोगा, हेड कांस्टेबल और दो सिपाहियों पर फरियादियों से अभद्रता का आरोप
- एक सिपाही ने पर डग्गामार बस सीज करने के बाद चालक को पीटने का आरोप

**अमृत विचार :** चिनहट कोतवाली में लंबे से जमे और फरियादियों की सुनवाई न करने, उनसे अभद्रता करने, विवेचनाओं और गश्त में लापरवाही बरतने वाले एक दारोगा समेत पांच पुलिस कर्मियों को मंगलवार को लाइन हाजिर कर दिया गया। यह कार्रवाई पुलिस उपायुक्त पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह ने की है।

डीसीपी के मुताबिक, दरोगा अजय कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल विजय प्रताप सिंह, सिपाही कुलवंत, इम्तियाज और अमित की लगातार कुछ न कुछ शिकायतें मिल रहीं थी। इसके अलावा यह पुलिसकर्मी अपनी बीट पर भी नियमित गश्त नहीं कर रहे थे। वहीं, इम्तियाज के खिलाफ शिकायत मिली थी कि गुरुवार को कमता में एक डग्गामार बस को रोक कर उसके चालक राम जनम यादव और परिचालक संतोष दुबे से अभद्रता की थी। विरोध करने पर उनकी बस को सीज कर दिया था। इसके बाद कमता चौकी ले जाकर संतोष की जमकर पिटाई की थी। मामले की शिकायत मिली थी। इसके चलते उक्त मामले में जांच एसीपी विभूतिखंड अनिद्य विक्रम सिंह को सौंपी गई थी। एसीपी की रिपोर्ट के आधार पर इम्तियाज को लाइन हाजिर किया गया है। इसके साथ ही पांचों के खिलाफ जांच चल रही है। जांच में किसी अन्य मामले में कोई साक्ष्य मिले तो आगे उसके आधार पर भी विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था पिटाई का वीडियो

बता दें कि कमता चौकी के अंदर सिपाही इम्तियाज द्वारा बस चालक संतोष को पीटने और उससे अभद्रता करने के मामले का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल हुआ था। जिसे पुलिस अफसरों ने संज्ञान में लिया था। इस वीडियो का मानवाधिकार आयोग ने भी संज्ञान लिया था। इसके बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की है।

## एलडीए कर्मी के घर से गहने और नकदी चोरी

**अमृत विचार, बीकेटी:** बख्शी का तालाब थाना अंतर्गत रामपुर देवरई गांव में एलडीए कर्मी आदित्य विक्रम सिंह के घर से चोरों ने नकदी व गहनों समेत लाखों का सामान पार कर दिए। आदित्य ने बताया कि आलमारी में दो गले के हार, चार मंगलसूत्र, लगभग दो सौ ग्राम सोने और 750 ग्राम चांदी के गहने और 3.50 लाख रुपये चोर पार कर ले गए।

## मुर्गी फार्म में चोरी से लगा दिए विद्युत पोल, जिम्मेदार अंजान

संवाददाता, बख्शी का तालाब

**अमृत विचार :** इटौंजा विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत बिजली विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के चलते बड़ी लापरवाही उजागर हुई है। लालपुर गांव में एक किसान के मुर्गी फार्म हाउस में बिना एस्टीमेट के चोरी से तीन विद्युत पोल लगा दिए गए। जिसमें तीनों फेस का केवल भी दौड़ा दिया गया। लेकिन बिजली विभाग के कर्मचारियों को कानों कान खबर तक नहीं लगी।

लालपुर गांव के निवासी रामकुमार पाल का गांव के बाहर मुर्गी फार्म हाउस है। जिसमें विद्युत आपूर्ति के लिए कुछ दिन पहले रात में तीन विद्युत पोल लगा दिए गए। मंगलवार की सुबह अज्ञात बिजली कर्मचारी ने तीन फेस के लिए 6 विद्युत पोल की लाइन भी दौड़ा दी गई। इतना सब होने के बावजूद भी बिजली कर्मचारियों को कोई सुराग तक नहीं लगा।

> बिना एस्टीमेट के लाइन कैसे लगाई गई है। इसकी जांच कराई जाएगी और संलिप्त कर्मचारी व उपभोक्ता के ऊपर एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी।
> –राजकुमार यादव, उपखंड अधिकारी इटौंजा

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला झुलसी, हालत गंभीर

संवाददाता, लखनऊ/बीकेटी

- बहू पर सास को जलाकर मारने के प्रयास का आरोप
- बख्शी का तालाब क्षेत्र की घटना, जांच में जुटी पुलिस

**अमृत विचार:** बीकेटी थाना क्षेत्र में मंगलवार को संदिग्ध हालात में महिला गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। महिला के घरवालों ने बहू पर जला कर जान से मारने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने बताया रिपोर्ट दर्ज की है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

इंस्पेक्टर राणा राजेश सिंह के मुताबिक, सलमान की मां सन्नो खातून (52) सुबह घर में सोफे पर अकेली बैठीं थी। इसी दौरान सोफे में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जब तक सन्नो सोफा से उठतीं आग ने उनको चपेट में ले लिया। वह चिल्लाते हुए घर से बाहर की तरफ भागीं। चीखते हुए वह बहू पर आग लगाने का आरोप लगा रहीं थी। चीख पुकार सुन पहुंचे परिजन व पड़ोसियों ने किसी तरह उनको आग से बचाया तब तक वह गंभीर रूप से झुलस चुकीं थी। आनन-फानन परिजन ने उन्हें सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया। जहां से सिविल अस्पताल रेफर कर दिया गया। बेटी अन्जुम ने थाने दिये प्रार्थना-पत्र में अपनी भाभी शाहीन पर मां को जलाने का आरोप लगाया है। अन्जुम का कहना है कि मां का भाभी से विवाद हुआ था। इस दौरान भाभी ने मां को जान से मारने की नीयत से आग लगा दी। इंस्पेक्टर ने बताया कि घटना संदिग्ध लग रही है। महिला की हालत खतरे से बाहर है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



गंभीर हालत में जली महिला को अस्पताल लेकर पहुंचे परिजन। अमृत विचार



अस्पताल में भर्ती महिला।

**तीन दिन पहले आई थी बहू**

सलमान का विवाह डेढ़ वर्ष पूर्व बाराबंकी के बड्डूपुर के आलमपुर निवासी शाहीन के साथ हुआ था। ससुराल में अक्सर विवाद की वजह से शादी के कुछ दिनों बाद शाहीन मायके चली गई थी। तीन दिन पहले ही समझौते के बाद शाहीन को पति मायके से ससुराल लेकर आया था।

## झोपड़ी में सिलेंडर से लगी आग, बाल-बाल बचे 15 लोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जान बचाने के लिए बच्चों को गोद में उठाकर बाहर भागा परिवार
- दमकल कर्मियों ने दो टैंकर पानी से मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू

**अमृत विचार:** गोमतीनगर विस्तार क्षेत्र में सीएमएस स्कूल के पीछे मंगलवार शाम एक झोपड़ी में आग लग गई। लपटें उठती देख परिवार ने बाहर भाग कर जान बचाई। इसके बाद आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इस बीच पहुंचे दमकल कर्मियों ने दो टैंकर पानी से आग पर काबू पाया। एफएसओ ने बताया कि छोटे सिलेंडर से खाना बनाते समय झोपड़ी में आग लगी।

एफएसओ गोमतीनगर ने बताया कि शाम 4 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर दो गाड़ी के साथ पहुंच गए। वहां लपटें और धुआं देकर आसपास रहने वालों में भगदड़ मची थी। करीब एक घंटे में आग पर काबू पा लिया। वहां रहने वाले रहमत अली ने बताया कि झोपड़ी में उनका व उनकी बहन जोहरा का परिवार (15 लोग) रहता था। देर शाम को बेटी मैना ने छोटे सिलेंडर खाना बनाने के लिए कुछ चढ़ाया था। तभी कपड़े में आग पकड़ ली। लपटें व धुआं निकलता देख सभी को आनन-फानन बाहर लेकर भागे। पड़ोस के अपार्टमेंट रोहित हाइट्स से पानी लेकर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। रहमत ने बताया कि प्लाट कानपुर निवासी एक व्यक्ति का है। बीच-बीच में आकर देखते थे। एफएसओ ने बताया राहत की बात यह है कि समय रहते परिवार के सदस्य बाहर निकल गये। जनहानि की सूचना नहीं है।

## सार-संक्षेप

### कांग्रेस द्वारा झूठे फार्म भरवाने के मामले में कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** इटौंजा थाना क्षेत्र के चन्दनापुर गांव निवासी विमल सिंह परमार के आवास पर जाकर इटौंजा थाने के पुलिस कर्मियों ने हजरतगंज थाना प्रभारी को संबोधित ज्ञापन लिया। विमल परमार के मुताबिक उन्होंने मंगलवार को हजरतगंज चौराहे पर अपने साथियों के साथ कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन कर पार्टी के जिम्मेदारों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग करने वाले थे। कांग्रेस पार्टी द्वारा झूठा एवं भ्रामक प्रचार सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर निर्वाचन प्रक्रिया में कदाचार का प्रयोग करते हुए वोट के बदले कैश का ऑफर देकर गारंटी कार्ड, वचन पत्र पर क्यूआर कोड लगाकर फार्म भरवाकर लोगों को झांसा दिया। विमल ने ज्ञापन के माध्यम से सूचना रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

### अज्ञात महिला का शव नाले में मिला

**अमृत विचार, मोहनलालगंज :** कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार को बांक नाले में अज्ञात महिला का शव मिला। प्रत्यक्षदर्शियों ने हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई है। इंस्पेक्टर आलोक राव के मुताबिक, क्षेत्र के भाटनखेड़ा के मजरा गौरा के पास से गुजरे बांक नाले में महिला का शव मिलने की सूचना ग्रामीणों ने दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव कब्जे में लिया। महिला की उम्र करीब 40 वर्ष के आसपास होगी। शव पांच से छह दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। ग्रामीणों से पहचान कराने की कोशिश की गई, लेकिन नहीं हो सकी। बताया महिला के शरीर पर हरे रंग का कुर्ता व काले रंग की लैगी है। आशंका है कि शव दूसरे स्थान से बहकर आया है। इंस्पेक्टर ने बताया 72 घंटे के लिये मोर्च्युरी में रखवाया है। पहचान के लिये आसपास के थानों में फोटो भेजी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### इंटरव्यू देने निकली महिला लापता, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** उन्नाव से बंथरा क्षेत्र में इंटरव्यू देने की बात बोल कर निकली महिला लापता हो गई। पीड़ित पति ने बंथरा थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस के मुताबिक, उन्नाव निवासी पीड़ित पति ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया 29 वर्षीय पत्नी सोमवार सुबह करीब 8 बजे बंथरा के कटी बगिया स्थित एक कंपनी में इंटरव्यू देने के लिए घर से निकली थी। दोपहर 12 :10 बजे मोबाइन फोन पर उससे बात हुई। तब बताया कि इंटरव्यू के लिए फॉर्म भर रही है। इसके बाद 1 :30 बजे दोबारा काल की तो मोबाइल स्विच ऑफ मिला। पति ने कंपनी पहुंच जानकारी की तो पता चला कि 1.30 बजे निकल गई थी। पति के काफी तलाश करने के बाद भी पता नहीं चला। इंस्पेक्टर ने बताया गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश की जा रही है।

### एक ही रात में चोरों ने तीन घरों को बनाया निशाना

**अमृत विचार, निगोहां :** निगोहां थाना क्षेत्र के कुशमौरा गांव में बेखौफ चोर एक ही रात में तीन घरों मे धावा बोलकर घर मे घुसे चोरों ने अलमारी, दरवाजा व बक्सों के ताले तोड़कर लाखों रुपए के गहने चोरी कर ले गये। पीड़ितों को सुबह चोरी की जानकारी हुई तो निगोहां पुलिस को मामले की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। कुशमौरा निवासी ह्रदेश कुमार, सुनील एवं रामपाल रावत ने बताया कि वह लोग सोमवार रात अपने परिवार के साथ घर के आंगन और बरामदे में सो रहे थे। तभी चोर छत के रास्ते उनके घरों में घुसे और बॉक्स और अलमारी का ताला तोड़ा और बक्से को खेतों में उठा ले गए। एसओ निगोहां अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है मौके पर पहुची फिंगर प्रिंट्स की टीम ने जांच की हैं। वही कुछ संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है जल्द खुलासा किया जाएगा।

### खेत में भैस घुसने से नाराज भाई ने किया कुल्हाड़ी से हमला

**अमृत विचार, निगोहां :** निगोहां थाना क्षेत्र के अकबरपुर बेनीगंज में खेत में भैस चली जाने से नाराज भाई ने भाई पर कुल्हाड़ी से वार कर घायल कर दिया। इस मामले में पुलिस ने घायल को इलाज के लिए सीएचसी मोहनलालगंज भेजा व मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। घटनाक्रम के अनुसार अकबरपुर बेनीगंज निवासी केशन ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी भैंस छोटे भाई मिठाईलाल के खेत मे चली गई थी, जिस पर मिठाईलाल ने अपनी पत्नी गिल्ला के साथ मिलकर गालियां देते हुए उस पर कुल्हाड़ी से हमला कर लहूलुहान कर दिया और उसकी पत्नी श्रीकांती व बेटी नैन्सी की भी पिटाई कर दी। वहीं मिठाईलाल का आरोप है कि खेत मे लगे नीम के पौधे उसके भाई ने तोड़ दिया। विरोध पर मारपीट हुई। एसओ निगोहां अनुज तिवारी ने बताया कि मिठाईलाल और उसकी पत्नी पर मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### बाइक सवार को टक्कर मारकर दुकान में घुसी बस

**अमृत विचार, लखनऊ :** मोहनलालगंज क्षेत्र में सिसेंडी-बिजनौर चौराहे पर तेज रफ्तार रोडवेज ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बेकाबू बस दुकान की टीन शेड से टकरा गई। बाइक सवार युवक गंभीर घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। इंस्पेक्टर आलोक राव के मुताबिक, बाइक चालक पवन द्विवेदी, निवासी रामपुर, थाना असोहा, जिला-उन्नाव लखनऊ से घर लौट रहा था। इसी बीच बिजनौर चौराहा पर लखनऊ से मौरांव की तरफ जा रही सवारियों से भरी बस ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पवन गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि बस कार से टकराकर टीन शेड की बनी दुकान में जा घुसी। बस के यात्रियों को हल्की चोटें आई हैं। इंस्पेक्टर ने बताया रोडवेज बस कब्जे में ली गई है। घायल युवक के परिजनों की तरफ से प्रार्थना-पत्र मिलने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## कूटरचित दस्तावेजों के सहारे पुनः नौकरी देने के आरोपी की अग्रिम जमानत खारिज

विधि संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार :** चिकित्सीय अवकाश लेकर नौकरी से गायब रहने व इस्तीफा देकर सभी लाभ लेने और बाद में कूटरचित दस्तावेजों के सहारे इंजीनियर को पुनः नौकरी देने के आरोपी श्रीट्रॉन इंडिया के तत्कालीन प्रबंध निदेशक सुरेश चन्द्र गुप्ता की अग्रिम जमानत अर्जी को भ्रष्टाचार निवारण के प्रभारी विशेष न्यायाधीश ने खारिज कर दिया।

कोर्ट में सरकारी वकील महेश त्रिपाठी ने बताया कि मामले की रिपोर्ट लखनऊ के विजिलेंस थाने में दर्ज कराई गई थी। कहा गया कि शासन ने 29 मार्च 2022 को सतर्कता अधिष्ठान को आदेश दिया था कि वह श्रीट्रॉन इंडिया के तत्कालीन इंजीनियर अनंग पाल पवार के सेवा संबंधी अभिलेखों में हुई छेड़छाड़ की जांच करे। जांच में पता चला कि आरोपी अनंग पाल पवार की नियुक्ति श्रीट्रॉन इंडिया में बिजनेस डेवलपमेंट इंजीनियर के पद पर हुई थी और उसने 2010 में चिकित्सीय अवकाश लिया था, लेकिन छुट्टी खत्म होने के बाद भी कार्य पर वापस नहीं आया और नए अवकाश के लिए आवेदन किया। जिस पर तत्कालीन प्रबंध निदेशक सुरेश चन्द्र गुप्ता ने उसका वेतन रोक दिया था। कहा गया कि इसके बाद पवार ने ई-मेल के जरिए अपना त्यागपत्र दे दिया, जिसे स्वीकार करते हुए आरोपी ने उसके समस्त भत्ते दे दिए ।आरोप है कि बाद में अनंग पाल के प्रभाव में आकर आरोपी सुरेश चन्द्र गुप्ता ने कार्यालय के अन्य अधिकारियों से मिलीभगत कर दस्तावेजों में छेड़छाड़ की और अनंग पाल का नया ईपीएफ खाता खुलवाया और कूटरचित दस्तावेज तैयार करवा कर अनंग पाल को उपस्थित दिखाकर उसे फिर से अवैध रूप से पुनः सेवा में ले लिया।

## दुष्कर्म में फंसाने की धमकी दे ठगे दो लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**डिजिटल अरेस्ट**

- गुडम्बा और पीजीआई क्षेत्र निवासी हैं पीड़ित, साइबर अपराधियों का कारनामा

**अमृत विचार:** साइबर जालसाजों ने खुद को क्राइम ब्रांच अधिकारी बताकर गुडम्बा और पीजीआई क्षेत्र में बेटे को दुष्कर्म के मामले में फंसा होने का झांसा देकर 2 लाख रुपये ठग लिए। ठगी का पता चलने पर पीड़ितों ने संबंधित थानों में प्रार्थना-पत्र देकर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

गुडम्बा इंस्पेक्टर नितीश श्रीवास्तव के मुताबिक, क्षेत्र निवासी सुनील कुमार तिवारी कपूरथला स्थित निजी संस्थान में नौकरी करते हैं। सुनील ने बताया कि सोमवार को वह दफ्तर में थे। तभी अनजान नंबर से काल आई। फोनकर्ता ने खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताते हुए कहा कि आपका बेटा दुष्कर्म के मामले में पकड़ा गया है। उसे बचाना हो तो दो लाख रुपये भेज दो। इससे उसका नाम दुष्कर्म के मामले से हटा दिया जाएगा। जालसाज ने भरोसा दिलाने के लिए एक वीडियो भेजी, जिसमें तीन युवक पुलिस जीप में बैठे दिख रहे हैं। डर कर सुनील कुमार ने सहयोगी नीरज श्रीवास्तव को फोन कर मदद मांगी। जालसाजों द्वारा दिए गए नंबरों पर नीरज से रुपये भेजने के लिए निवेदन किया। नीरज श्रीवास्तव ने दोस्त से मिले नंबर पर तीन बार में 1.60 लाख रुपए भेज दिए। सुनील ने घर पर फोन किया, तो पत्नी ने बेटे के घर पर होने की बात कही। ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है। उधर, पीजीआई के रायबरेली रोड स्थित वृन्दावन कालोनी निवासी अमित पाल के मुताबिक सोमवार को उनके पिता के पास व्हाट्सअप कॉल आई । फोनकर्ता ने खुद को पुलिस अधिकारी बता छोटे बेटे को गैंगरेप मामले में गिरफ्तार किये जाने की बात कही। छोटा भाई दिल्ली में नौकरी करता है। फोन आने से पिता घबरा गए। उन्होंने डर कर बेटे को बचाने के लिये बताये गये नंबर पर 40 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिया। ठगी का पता चलने पर पीजीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

**कवायद** समीक्षा के बाद प्रबंध निदेशक ने क्षेत्रीय अधिकारियों से मांगे सुझाव

# घाटे से उबरने को बसों की हालत में सुधार करेगा परिवहन निगम

मंगल सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** लगातार हो रहे घाटे से उबरने के लिए परिवहन निगम अपनी बसों की हालत में सुधार करेगा। इसके साथ ही बस स्टेशनों पर यात्री सुविधाएं भी बढ़ाई जाएंगी। इसके लिए प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने क्षेत्रीय अधिकारियों से सुझाव मांगे हैं।

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (यूपीएसआरटीसी) प्रदेश के 282 बस स्टेशनों से 12429 बसों का संचालन करता है। इन बसों में ज्यादातर बसें साधारण श्रेणी की हैं, इनमें ज्यादातर बसों की हालत खराब है। इस कारण यात्री रोडवेज बसों में यात्रा करने से कतराते हैं। सर्दियों और अधिक गर्मी होने पर रोडवेज की बसों में यात्रियों को ज्यादा दिक्कत होती है। ऐसे में यात्रियों की संख्या घट जाती है। इस बार ही अप्रैल-मई में अधिक गर्मी पड़ने पर लगभग 50 फीसद यात्री घट गए। जिससे परिवहन को प्रतिदिन लगभग तीन करोड़ का घाटा हुआ। इस घाटे ने परिवहन विभाग को चिंता डाल दिया है। अब एमडी ने घाटे से उबरने की कवायद शुरू कर दी है।



- अप्रैल-मई में निगम को प्रतिदिन तीन करोड़ रुपये तक हुआ नुकसान

- 1568493 यात्री औसतन प्रतिदिन यात्रा करते विभाग की बसों में
- 13 से 15 करोड़ रुपये तक प्रतिदिन होती है विभाग को आय
- 55 से 57 करोड़ यात्री एक वर्ष में यात्रा करते हैं विभाग की बसों में

> रोडवेज बसों में यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए निगम प्रशासन प्रयासरत है। घाटे को लेकर समीक्षा की गई है। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं।
> –मासूम अली सरवर, एमडी, यूपीएसआरटीसी

### लखनऊ परिक्षेत्र में ज्यादा नुकसान

प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने घाटे को लेकर क्षेत्रवार समीक्षा की। इसमें पाया गया कि लखनऊ परिक्षेत्र की 15 .5 फीसदी बसों में यात्रियों की संख्या 50 फीसदी से कम है। 1000 में 150 से अधिक बसें घाटे में दौड़ रही हैं। कानपुर, हरदोई, अयोध्या, इटावा, प्रयागराज, चित्रकूट, झांसी, आजमगढ़, गाजियाबाद, आगरा, बरेली, वाराणसी, अलीगढ़ और सहारनपुर में भी यात्रियों की संख्या मानक से कम मिली है। 54 सीटर साधारण बसों में 50 प्रतिशत से अधिक यानी 36 यात्रियों के होने नो प्रॉफिट, नो लॉस की स्थिति रहती है। इससे कम यात्री होने पर घाटा होता है।

### लंबी दूरी की बसों का फेरा कम होगा

नुकसान को कम करने के लिए लंबी दूरी की बसों के फेरे कम करने की तैयारी भी चल रही है। डबल क्रू वाली बसों को आधी दूरी पर दूसरे डिपो में रोककर दूसरी बस में शिफ्ट कर गंतव्य तक पहुंचाया जाएगा। इससे चालक, परिचालक की संख्या में भी कटौती होगी। सिंगल क्रू बसों को ही ज्यादा से ज्यादा चलाने पर विचार है।

## जालसाज ने 30 हजार रुपये पार किए

**अमृत विचार, लखनऊ :** दुबग्गा थाना क्षेत्र के सराय प्रेमराज निवासी पीड़ित ललित कुमार दीक्षित ने पुलिस को प्रार्थना-पत्र दिया। बताया जलील मार्केट स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम से रुपये निकलाने गये थे। मशीन में एटीएम कार्ड फंस गया। बूथ में लिखे हेल्प लाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराई। उधर से बताया गया कि 5 बजे कर्मचारी आयेगा तो कार्ड निकाल कर आपको काल कर कार्ड दे दिया जायेगा। वह निकल कर कुछ दूर ही पहुंचे थे। करीब 10 मिनट बाद बैंक का मैसेज आया। जिसमें दो बार में 30 हजार रुपये निकाले गये थे। वह भाग कर एटीएम बूथ के पास पहुंचे तो मशीन से कार्ड गायब मिला।

## सार-संक्षेप


संगीत नाटक अकादमी द्वारा आयोजित भंडारे में पहुंचे मंत्री जयवीर सिंह। अमृत विचार

### संगीत नाटक अकादमी में संस्कृति मंत्री ने बांटा प्रसाद

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर स्थित उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी में बड़े मंगल पर भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे से पहले परिसर में कलाकारों ने सुंदरकांड का गायन किया। भंडारे की शुरुआत अकादमी के निदेशक शोभित कुमार नाहर ने हनुमान जी की आरती कर की। भंडारे में पूड़ी-सब्जी और आइसक्रीम का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह भी शामिल हुए। उन्होंने अकादमी के निदेशक के साथ प्रसाद वितरित किया। कार्यक्रम में डॉ. शोभित कुमार नाहर, सौरभ सक्सेना, डॉ. पवन तिवारी, अखिलेश यादव समेत संगीत नाटक अकादमी, कथक केंद्र और रेडियो जयघोष के कर्मचारी शामिल हुए।


चारबाग कार्यालय परिसर में तीसरे बड़े मंगल पर सुंदरकांड के अखंड पाठ के दौरान मंडल रेल प्रबंधक एसएन शर्मा। अमृत विचार

### चारबाग में सुंदरकांड के पाठ के बाद आयोजित हुआ भंडारा

**अमृत विचार, लखनऊ :** सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय) उत्तर रेलवे चारबाग के कार्यालय परिसर में ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल को सुंदरकांड के अखंड पाठ के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस भंडारे में उत्तर रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक एस एन शर्मा मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। वरिष्ठ मंडल परिचालन अधीक्षक रजनीश श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। यह भंडारा वरिष्ठ खंड अभियंता और अन्य कर्मचारियों के सहयोग से सम्पन्न हुआ। अमित, उज्जवल, कुलदीप हजारिया और अनूप इत्यादि ने भंडारा संचालन में सहायता दी।


जीवन ज्योति सेवा फाउंडेशन द्वारा आयोजित भंडारे में लोगों को प्रसाद वितरित करतीं फाउंडेशन की अध्यक्ष ज्योति सिंह, साथ में उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह। अमृत विचार

### जीवन ज्योति सेवा फाउंडेशन के भंडारे में प्रसाद वितरित

**अमृत विचार, लखनऊ :** सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था जीवन ज्योति सेवा फाउंडेशन ने बड़े मंगल पर बी- ब्लॉक सूरज दीप कॉम्पलेक्स, एक जॉपलिंग रोड में भंडारा आयोजित किया। हनुमान जी की पूजा-अर्चना और सुंदरकांड के पाठ के बाद फाउंडेशन की अध्यक्ष ज्योति सिंह और उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने हनुमान जी को भोग लगाया और भंडारे में बजरंगबली का प्रसाद पूड़ी- सब्जी, मट्ठा, बूंदी, केला व सेब का वितरण श्रद्धालु भक्तों और जरुरतमंदों में किया। इस अवसर पर आईएएस अधिकारी करुणेश सिंह, पूर्व विधायक अरुण वर्मा, पूर्व एमएलसी राम रतन राजभर, एलडीए के अनुसचिव अतुल सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।


सिटी मोन्टेसरी स्कूल के प्रधान कार्यालय पर आयोजित विशाल भंडारे में लोगों को प्रसाद वितरित करते संस्थान के कर्मचारी। अमृत विचार

### सीएमएस में विशाल भंडारे का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल के अवसर पर सिटी मोन्टेसरी स्कूल के प्रधान कार्यालय पर विशाल भण्डारा आयोजित किया गया। भण्डारे की शुरुआत राम के गुणगान और पवनपुत्र हनुमान जी के पूजन व आरती से हुई। सीएमएस संस्थापक व निदेशक डॉ. भारती गांधी ने हनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर डॉ. गांधी ने कहा कि पवनपुत्र हनुमान का भण्डारा सामाजिक समरसता को बनाये रखने के साथ ही वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश भी देता है।


अचिंत्य मैनेजमेंट द्वारा आयोजित किया गया भंडारा। अमृत विचार

### अचिंत्य मैनेजमेंट ने किया भंडारे का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर हजरतगंज स्थित पार्क रोड फ्लोर सरन चैंबर-1,5 में अचिंत्य मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने सुंदरकांड पाठ और भंडारे का आयोजन किया। भंडारे में पूड़ी-सब्जी, कढ़ी-चावल, शर्बत, बूंदी के साथ आम के पने का वितरण किया गया।


मलिहाबाद में आयोजित भंडारे के दौरान लोगों को प्रसाद वितरित करतीं विधायक जयदेवी कौशल। अमृत विचार

### मलिहाबाद में गूंजे हनुमान के जयकारे, हुआ भंडारे का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** ज्येष्ठ माह के तीसरे मंगलवार को जगह-जगह भंडारों का आयोजन हनुमान जी के भक्तों ने किया। विधायक जयदेवी कौशल ने भंडारों में पहुंच प्रसाद ग्रहण किया। चावल छोला, पूड़ी-सब्जी, बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। हनुमान जी के भक्तों ने भंडारों में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया।


हजरतगंज स्थित हनुमान मंदिर के समीप श्रमजीवी पत्रकार यूनियन द्वारा आयोजित भंडारे में हनुमान जी की पूजा करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।


कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की ओर से आयोजित भंडारे में प्रसाद वितरित करते औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता, मंत्री राकेश सचान व मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र। अमृत विचार

# हनुमान जी के भंडारे में मंत्रियों की उपस्थिति

## तीसरे बड़े मंगल पर शहर भर में कई स्थानों पर हुआ भंडारों का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर राजधानी में भंडारों की धूम रही। हजरतगंज स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के पास आयोजित भंडारे में प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नन्दी, राज्यमंत्री रजनी तिवारी, मंत्री राकेश सचान और मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र शामिल हुए और प्रसाद बांटा।

दूसरी ओर हजरतगंज के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के समीप श्रमजीवी पत्रकार यूनियन द्वारा आयोजित किए गए भंडारे में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक पहुंचे और हनुमान जी की पूजा-अर्चना करने के बाद लोगों को प्रसाद वितरित किया।

शहर के अलग-अलग क्षेत्र में तरह-तरह के भंडारे आयोजित किए गए। पूड़ी-सब्जी तो अधिकांश जगह पर थी लेकिन कुछ भंडारों पर बूंदी, हलवा और पुलाव का वितरण होते हुए भी दिखाई दिया।



सरोजनीनगर के अमौसी औद्योगिक क्षेत्र (नादरगंज) में उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड कार्यालय के पास आईएएस राजेश कुमार की ओर से आयोजित भंडारे में मौजूद लोग। अमृत विचार

### लघु उद्योग निगम ने नादरगंज में आयोजित किया भंडारा

**अमृत विचार, लखनऊ :** तीसरे बड़े मंगल अवसर पर उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड ने भंडारा आयोजित किया। सरोजनीनगर के अमौसी औद्योगिक क्षेत्र (नादरगंज) स्थित उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड कार्यालय के पास आयोजित भंडारे में पूड़ी सब्जी और बूंदी का वितरण किया गया। आईएएस राजेश कुमार द्वारा आयोजित इस भंडारे में अशोक अवस्थी, प्रभात वाजपेयी, अजय कुमार, अरुण झा, सीबी पाण्डेय, केएन गुप्ता और सुनील यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


भंडारे के दौरान पूड़ी-सब्जी और बूंदी का वितरण करते लोग। अमृत विचार


भंडारे के दौरान लोगों को प्रसाद वितरित करते आयोजक।

### आलमबाग में बड़े मंगल पर जगह- जगह हुए भंडारे

**अमृत विचार, लखनऊ :** तीसरे बड़े मंगल पर आलमबाग क्षेत्र में विभिन्न स्थलों पर जगह-जगह सुन्दरकांड के साथ भंडारे आयोजित किये गए। लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने आलमबाग चौराहा पर हनुमान जी की पूजन-अर्चना और भोग लगाने के बाद पूड़ी-सब्जी का प्रसाद वितरित किया। इस क्रम में आशियाना शारदा नगर के रूचि खंड स्थित दक्षिणमुखी बालाजी ट्रस्ट द्वारा बालाजी मंदिर विधिवत पूजन के साथ सुन्दरकांड और भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के संरक्षक संजय तिवारी व पं रमेश मिश्रा ने पूड़ी- सब्जी और कोल्ड ड्रिंक का वितरण किया। शहीद पथ स्थित तृष्णा बिल्डर्स के अनुज सिंह और अतुल सिंह ने मंगलवार की सुबह बालाजी का विधि विधान से पूजा पाठ कर स्टॉल बनाकर पूड़ी सब्जी कढ़ी चावल एवं मट्ठा प्रसाद वितरित किया। कृष्णानगर थाने के पीछे सैसावीर मंदिर प्रांगण में पूर्व सभासद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता हरशरण लाल गुप्ता व समाजसेवी मिथलेश तिवारी ने पूजा पाठ के बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया।

### हजारों भक्तों ने चढ़ाया हनुमान जी को चोला

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्राचीन लेटे हुए हनुमान मंदिर में बड़े मंगल पर सुबह से ही भक्तों का तांता लग रहा। हजारों की संख्या में भक्तों ने सिंदूर और वस्त्र का चोला अर्पित किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. विवेक तांगड़ी ने बताया कि यह लखनऊ का पहला मंदिर है जहां हनुमान जी का चोला उपलब्ध है और भक्त इसे अपने हाथ से चढ़ाते हैं।

### महानगर विस्तार में भंडारा आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** तीसरे बड़े मंगल को महानगर विस्तार में जितेन्द्र प्रताप सिंह परमार के आवास पर आयोजित भंडारे में हनुमान जी की पूजा अर्चना करने के उपरांत भंडारे में प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर एमएलसी मुकेश शर्मा और महापौर सुषमा खर्कवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।


तीसरे बड़े मंगल के अवसर पर कृभको द्वारा विभूतिखंड, लखनऊ स्थित राज्य विपणन कार्यालय पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।


रिवर साइड अपार्टमेंट, न्यू हैदराबाद के आरएचएन फाउंडेशन द्वारा तीसरे बड़े मंगल पर लगाया गया भंडारा। अमृत विचार



चिनहट में बड़े मंगल पर सुधीर श्रीवास्तव की ओर से आयोजित भंडारे में प्रसाद वितरित करतीं सीमा, सोनी व अमृता। अमृत विचार


केडी सिंह बाबू स्टेडियम के निकट हैंडबाल एसोसिएशन की देखरेख में खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह और ओलंपिक संघ के सचिव डॉ. आनंदेश्वर पाण्डेय ने पूजा-पाठ के बाद प्रसाद का वितरण किया।


पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम ऑफिस के निकट आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित करते डीआरएम आदित्य कुमार।


सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया, प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद व निदेशक सूचना शिशिर ने लोगों को इस दौरान प्रसाद बांटा। अमृत विचार

### जिनवाणी विधान व संस्कार शिविर की हुई शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान ने मंगलवार को जैन मंदिर आशियाना और इंदिरानगर में श्रुत पंचमी का आयोजन किया। आशियाना जैन मंदिर में दिगंबर जैन सेवा समिति और जैन महिला मंडल ने आचार्य विवेक सागर के मार्गदर्शन में श्रुत पंचमी पर जिनवाणी विधान का आयोजन किया। सांगानेर (जयपुर) से आये विधानाचार्य पं. अभिषेक जैन ने संगीत की धुनों के बीच मंत्रोच्चारण कर अर्घ समर्पित कराया। जिनवाणी विधान का आयोजन समिति के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश, मंत्री अजय जैन, महिला मंडल की अध्यक्ष अल्पना जैन और मंत्री ऋतु जैन ने किया था। उधर इंदिरानगर जैन मंदिर में श्रुत पंचमी पर 13 दिवसीय जैन संस्कृति संस्कार शिविर शुरू हुआ। इन्दिरानगर सेवा संस्थान के अध्यक्ष पीके जैन और मंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि संस्कार शिविर रोजाना सुबह 6.30 बजे से रात 9.30 बजे तक चलेगा।

## सार-संक्षेप


उप्र. स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन्सिक साइन्स द्वारा आयोजित विशाल भंडारे में लोगों को प्रसाद देते निदेशक जीके गोस्वामी। अमृत विचार

### उप्र. स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन्सिक साइन्स ने किया भंडारा

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन्सिक साइन्स ने बड़े मंगल पर विशाल भंडारा आयोजित किया। निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने भंडारे में प्रसाद वितरण कार्यक्रम शुरू किया। डॉ. जीके गोस्वामी ने बताया कि संस्थान में इस प्रकार का यह पहला आयोजन है जिसमें विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है। उन्होंने इस अवसर पर हनुमान जी का पूजन कर संस्थान के उत्तरोत्तर वृद्धि के साथ-साथ छात्र तथा स्टाफ के मंगल जीवन की कामना की। भण्डारे में यूपीएसआईएफएस के छात्र-छात्राओं एवं परिसर के आस-पास के स्थित के गांव के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर यूपीएसआईएफएस के दूसरे शैक्षणिक सत्र 2024-25 के बीटेक-एमटेक पांच वर्षीय एकीकृत कोर्स में प्रवेश के लिए काउंसलिंग भी शुरू की गई। इस अवसर पर संस्थान के अपर निदेशक राजीव मल्होत्रा, उपनिदेशक चिरंजीव मुखर्जी, प्रशासनिक अधिकारी अतुल कुमार यादव, सहायक कुलसचिव डॉ. गौरव कुमार राय, डॉ. अजिता सिंह, जनसम्पर्क अधिकारी संतोष कुमार तिवारी एवं प्रतिसार निरीक्षक सतीश सचान आदि मौजूद रहे।


बाबा इन्फ्रा डेवलपर्स की ओर से आयोजित भंडारे में प्रसाद लेते लोग। अमृत विचार

### बाबा इन्फ्रा डेवलपर्स ने किया भंडारे का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंदिरानगर स्थित बाबा इन्फ्रा डेवलपर्स की ओर से बड़े मंगल के भंडारे का आयोजन किया गया। इस भंडारे में विधायक शलभ मणि त्रिपाठी और क्षेत्रीय विधायक ओपी श्रीवास्तव के पुत्र ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजक विवेक मिश्र और मनीष मिश्र के साथ दीपक राव और अरुण त्रिवेदी का सहयोग उल्लेखनीय रहा।


लविवि के कुलानुशासक कार्यालय द्वारा आयोजित भंडारे में प्रसाद वितरित करते कुलपति प्रो आलोक कुमार राय। अमृत विचार


### कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता जलकल विभाग जोन-6, बालागंज, नगर निगम लखनऊ

पत्रांकः- 135/EE-6/L.J.S./2024-25 दिनांकः- 11/06/2024

**(अल्पकालीन निविदा सूचना)**

अधोलिखित कार्य हेतु जलकल विभाग जोन-6 द्वारा निविदाये आमन्त्रित की जाती है। उक्त निविदायें दिनांक 18/06/24 तक जलकल विभाग जोन-6 कार्यालय के कैश काउन्टर से निर्धारितं धनराशि जमा कराकर प्राप्त की जा सकती है। भरी हुयी समस्त निविदायें दिनांक 18/06/24 को जलकल विभाग जोन-6 कार्यालय से अपराहन 1.00 बजे तक प्राप्त की जायेगी तथा उसी दिन सांय 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। उक्त निविदायें कार्य के अनुभवी जलकल विभाग के अनुभवी ठेकेदारों को ही विक्रय की जायेंगी। निविदा के साथ निर्धारित अर्नेस्टमनी नकद जमा की रसीद /एफडीआर / सीडीआर के रूप में अधिशासी अभियन्ता, जोन-6 जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ के पक्ष में बन्धक होना अनिवार्य है। निविदा के साथ अर्नेस्टमनी संलग्न न होने की दशा में निविदा निरस्त समझी जायेगी। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक महोदय में निहित होगा। कार्य की विस्तृत जानकारी जलकल विभाग, जोन-6 कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है। निविदा प्रपत्र खरीदने की अन्तिम तिथि व निविदा डालने की अंतिम तिथि को अवकाश होने पर निविदायें अगले दिन प्राप्त की जायेंगी एवं खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनु0 धन0 | अर्नेस्टमनी | निविदा का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repairing of Sumer Sible Pump 1.5 HP at Ward Bhawaniganj | रू 88580.00 | रू 1800 | रू 100 | 07 दिन |

निविदा प्राप्त करने की शर्तः- 1. निविदादाता का सेल्स टैक्स एवं आयकर तथा जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

अधिशासी अभियन्ता,
जोन-6



### कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, अयोध्या

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या-01/अधि0अभि0/2024-25

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल एवं प्राइस/फाइनेन्शियल बिड सिंचाई विभाग, उ0प्र0 में कार्य हेतु पंजीकृत श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है, जिसकी प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड दिनांक-21.06.2024 को पूर्वान्ह 02.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में, विभागीय गठित समिति के नामित सदस्यों द्वारा आनलाईन खोली जायेगी। निविदा सम्बन्धी समस्त प्रपत्र दिनॉक-14.06.2024 से दिनॉक-21.06.2024 को अपराह्न 01.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की दशा में यह बिड अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी। प्राइस/फाइनेन्शियल बिड खोलने की तिथि, कुल प्राप्त निविदाओं की संख्या के आधार पर निर्धारित होगी, जो नोटिस बोर्ड व ई-पोर्टल पर सूचित की जायेगी। आनलाईन निविदा के साथ सिंचाई विभाग की निर्धारित श्रेणी में पंजीकरण प्रमाण पत्र, जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र (IDT-I), हैसियत प्रमाण-पत्र (IDT-II) एवं स्वघोषणा प्रमाण-पत्र (IDT-III), श्रम विभाग द्वारा जारी पंजीकरण प्रमाण-पत्र, जी0एस0टी0 प्रमाण-पत्र एवं आयकर विभाग द्वारा निर्गत पैन नम्बर आदि। निविदा शुल्क व धरोहर धनराशि का भुगतान इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से ही स्वीकार किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।

| लाट सं0 | कार्य का विवरण | कार्य की मात्रा | जमानत धनराशि (रू0 में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 01. | कोयलाताल ड्रेन के किमी0 12.000 से किमी0 0.000 तक मिट्टी सफाई का कार्य | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 12000 | 15 दिवस | "सी" एवं उच्च |
| 02. | उधैला ड्रेन के किमी0 32.000 से किमी0 12.000 तक मिट्टी सफाई का कार्य | | 36200 | 15 दिवस | "सी" एवं उच्च |
| 03. | कादीपुर ट्रंक ड्रेन के किमी0 13.000 से किमी0 0.000 तक मिट्टी सफाई का कार्य | | 15100 | 15 दिवस | "सी" एवं उच्च |
| 04. | परेठताल ड्रेन के किमी0 8.400 से किमी0 0.900 किमी0 तक मिट्टी सफाई का कार्य | | 7100 | 15 दिवस | "सी" एवं उच्च |
| 05. | देवनपारा ट्रंक ड्रेन के किमी0 12.000 से किमी0 0.000 किमी0 तक मिट्टी सफाई का कार्य | | 16100 | 15 दिवस | "सी" एवं उच्च |
| 06. | देवई ड्रेन के किमी0 8.500 से किमी0 0.000 किमी0 तक मिट्टी सफाई का कार्य | | 8300 | 15 दिवस | "सी" एवं उच्च |
| 07. | रानीबाजार ड्रेन के किमी0 7.500 से किमी0 0.000 किमी0 तक मिट्टी सफाई का कार्य | | 7300 | 15 दिवस | "सी" एवं उच्च |
| 08. | सीहीपुर ड्रेन के किमी0 8.200 से किमी0 0.000 किमी0 तक मिट्टी सफाई का कार्य | | 7800 | 15 दिवस | "सी" एवं उच्च |
| 09. | कसेरुआ बुजुर्ग ड्रेन के किमी0 7.000 से किमी0 0.000 किमी0 तक मिट्टी सफाई का कार्य | | 7600 | 15 दिवस | "सी" एवं उच्च |
| 10. | नन्दौली ड्रेन के किमी0 8.600 से किमी0 0.000 किमी0 तक मिट्टी सफाई का कार्य | | 10600 | 15 दिवस | "सी" एवं उच्च |
| 11. | वेरासपुर ड्रेन के किमी0 8.200 से किमी0 0.000 किमी0 तक मिट्टी सफाई का कार्य | | 7500 | 15 दिवस | "सी" एवं उच्च |
| 12. | कनकपुर झगरौली ड्रेन के किमी0 12.000 से किमी0 0.000 किमी0 तक मिट्टी सफाई का कार्य | | 9100 | 15 दिवस | "सी" एवं उच्च |

01- यह निविदा/बिड सूचना, उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट http://etender.up.nic.in सूचना विभाग की वेबसाइट http://information.up.nic.in एवं सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://idup.gov.in पर उपलब्ध है।
02- निविदा शुल्क तथा धरोहर धनराशि, इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से आनलाइन भुगतान द्वारा ही स्वीकार की जायेगी।
नोट :-उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है, तो उसकी सूचना उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर अपलोड एवं कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी जायेगी। अतः निविदा सम्बन्धी अद्यतन जानकारी हेतु निविदादाता नियमित रुप से वेबसाइट का अवलोकन करने का कष्ट करें।

अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, अयोध्या

UP-205793 दिनांक 10.06.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

## एक नजर

### जनसेवा केंद्र संचालक पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैसरबाग कोतवाली में टकैत राय कॉलोनी निवासी राजेश जुयाल ले प्रार्थना–पत्र दिया। उन्होंने बताया जनसेवा केंद्र संचालक दिलीप कुमार सिंह ने नगर निगम में नामांतरण फार्म भरवाने के नाम पर उससे करीब 11 हजार रुपये लिये थे। 10 दिन में काम कराने का झांसा दिया था। लेकिन लगातार टरका रहा। इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने बताया आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी व जालसाजी का मामला दर्ज किया है।

### 25 और 27 को पीजीडीटी परीक्षा

**अमृत विचार,लखनऊ :** 25 और 27 जून को लखनऊ विश्वविद्यालय पीजी डिप्लोमा इन ट्रांसलेशन कोर्स (पीजीडीटी) परीक्षा आयोजित करने जा रहा है। 25 को टेक्निक ऑफ ट्रांसलेशन और 27 जून को सीएल एकप्लीकेशन कोर्स से संबंधित परीक्षा कराई जाएगी।

### अग्निवीर स्पोर्ट्स ट्रायल 18 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** अग्निवीर में खिलाड़ियों की भर्ती रैली से पहले 18 जून को बरेली में स्पोर्ट्स ट्रायल होगा। स्पोर्ट्स ट्रायल बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, बॉक्सिंग, कुश्ती और दौड़ (800 मीटर और इससे ऊपर) के खिलाड़ियों का होगा। इस ट्रायल के लिए केवल पिछले दो वर्षों में जारी किए गए स्पोर्ट्स सर्टिफिकेट ही मान्य होंगे।

### लखनऊ के खिलाड़ियों ने स्वर्ण सहित पांच पदक जीते

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्पीड स्केटिंग सातवीं राष्ट्रीय रैंकिंग ओपन चैंपियनशिप रायपुर में लखनऊ (टीम अवध ) के बच्चों ने पांच पदक जीत कर उत्तर प्रदेश का नाम रौशन किया। 6 से 9 जून तक रायपुर में यह चैंपियनशिप आयोजित की गई।

# ई-रिक्शा के जोन और रूट तय, बिना स्टीकर नहीं चलेंगे

## 53,361 चालकों ने किया आवेदन, 23,761 ई-रिक्शों के तय किये गये रूट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** राजधानी की सड़कों पर दौड़ रहे 53 हजार 361 में से 23 हजार 761 ई-रिक्शों को जोन आवंटित हुआ है। यह जोन मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन में हुई लाटरी के जरिए आवंटित किया गया है। सभी चालकों को एक महीने का समय दिया गया। इन 30 दिनों में नियम को समझने के साथ ही किसी प्रकार की समस्या होने पर यातायात कार्यालय पहुंचकर समाधान करा सकेंगे।। इसके साथ ही सुझाव और आपत्ति भी दर्ज करा सकते हैं।

संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र कुमार अग्रवाल के मुताबिक, 53,361 ई-रिक्शा पंजीकृत हैं, जो बिना परमिट के चल रहे हैं। ज्यादातर ई-रिक्शे चारबाग रेलवे स्टेशन, चरक चौराहा, अवध चौराहा, पालीटेक्निक, कैसरबाग, कमता समेत अन्य स्थानों पर चलते हैं। जो कि जाम का कारण बन रहे हैं। कमिश्नरेट के पांच जोन को 16 सर्किल में बांट कर अलग-अलग कलर कोड बनाया गया। इसमें मध्य जोन को नीला ,पूर्वी जोन को हरा, पश्चिमी जोन को पीला, दक्षिणी जोन को लाल और उत्तरी जोन को काला रंग दिया गया है। इसी तरह 16 जोन को अलग-अलग कलर दिया गया है। जेसीपी ने बताया रूट आवंटन एक वर्ष के लिए मान्य होगा। इसके बाद फिर से लाटरी से दोबारा जोन आवंटित किया जाएगा। ताकि सभी ई-रिक्शा चालकों को शहर में चलाने का मौका मिल सके। बताया कि फार्म भरवाने की प्रक्रिया आफलाइन पूरी हो चुकी है। अब ऑनलाइन विकल्प लखनऊ पुलिस की वेबसाइट( http:// lucknowpolice.up.gov.in ) पर दे दिया गया है। जहां ई-रिक्शा चालक रूट / क्षेत्र के लिये फार्म भर सकते हैं।



रिजर्व पुलिस लाइन में ई–रिक्शा चालक एवं मालिकों को निर्देशित करते आईपीएस पुलिस अधिकारी उपेन्द्र कुमार अग्रवाल व पुलिस अधिकारी कमलेश दीक्षित।

- हजरतगंज समेत शहर के 11 जोन में चलेंगे सिर्फ 500-500 ई-रिक्शा
- 10 जुलाई तक स्टिकर को डाउनलोड कर ई-रिक्शा पर करना होगा चस्पा
- एक वर्ष तक मान्य होगा आवंटन, 11 जून 2025 को फिर से होगी लाटरी

**एक महीने का दिया गया समय :** जेसीपी ने बताया कि जोन आवंटन कर दिया गया है। 11 जून से 10 जुलाई 2024 तक सभी चालक कलर कोडेड स्टिकर पुलिस की वेबसाइट (http:// lucknowpolice.up.gov.in) से डाउनलोड कर ई-रिक्शा पर चस्पा कर सकेंगे। ऊपरी हिस्से में पुलिस उपायुक्त और नीचे के हिस्से में एसीपी का कलर कोड होगा। यातायात पुलिस कार्यालय में जाकर भी स्टिकर ले सकते हैं। समस्या होने पर हेल्पलाइन नंबर 9454405155 व 7309979797 पर संपर्क कर समाधान करा सकते हैं।

### फैक्ट फाइल

- सबसे अधिक जोन नंबर नौ में 10,000, एक और सात नंबर जोन में 2500–2500 का आवंटन
- 6056 सबसे अधिक आवेदन– जोन नंबर चार के चौक, ठाकुरगंज और वजीरगंज के लिए
- 143 सबसे कम आवेदन– जोन नंबर 15 के हजरतगंज, हुसैनगंज और गौतमपल्ली के लिए

### नई व्यवस्था में ई रिक्शा के जोन व कलर कोड

| जोन | थाना क्षेत्र | ऊपर | नीचे |
|---|---|---|---|
| जोन एक | गोमतीनगर, गोमतीनगर विस्तार | हरा | बैंगनी |
| जोन दो | विभूतिखंड, चिनहट, बीबीडी | हरा | नीला |
| जोन तीन | पीजीआई, आशियाना, कैंट व आलमबाग | हरा | सलेटी (ग्रे) |
| जोन चार | चौक, ठाकुरगंज व वजीरगंज | पीला | बैंगनी |
| जोन पांच | बाजारखाला, सआदगंज, तालकटोरा | पीला | नीला |
| जोन छह | काकोरी, दुबग्गा, पारा, मानकनगर | पीला | सलेटी (ग्रे) |
| जोन सात | मलिहाबाद, रहीमाबाद, माल | पीला | लाल |
| जोन आठ | अलीगंज, मड़ियांव व जानकीपुरम | काला | पीला |
| जोन नौ | बीकेटी, सैरपुर, इटौंजा व महिगवां | काला | नीला |
| जोन 10 | गाजीपुर, गुड़म्बा, इंदिरानगर व विकासनगर | काला | लाल |
| जोन 11 | सुशांत गोल्फ सिटी, गोसाईगंज | लाल | बैंगनी |
| जोन 12 | मोहनलालगंज, निगोंहा व नगराम | लाल | नीला |
| जोन 13 | कृष्णानगर, सरोजनीनगर, बिजनौर व बंथरा | लाल | सलेटी (ग्रे) |
| जोन 14 | महानगर, हसनगंज व मदेयगंज | नीला | लाल |
| जोन 15 | हजरतगंज, हुसैनगंज, गौतमपल्ली | नीला | हरा |
| जोन 16 | कैसरबाग, अमीनाबाद व नाका | नीला | पीला |

जोन एक के गोमतीनगर व गोमतीनगर विस्तार थाना क्षेत्र में 2500 ई-रिक्शा का आवंटन किया गया है। इसी तरह जोन दो के विभूतिखंड, चिनहट, बीबीडी में 500। जोन तीन के पीजीआई, आशियाना, कैंट व आलमबाग में 500। जोन चार के चौक, ठाकुरगंज व वजीरगंज में 500। जोन पांच में बाजारखाला, सआदगंज, तालकटोरा में 500। जोन छह में काकोरी, दुबग्गा, पारा, मानकनगर में 500। जोन सात में मलिहाबाद, रहीमाबाद, माल में 2500। जोन आठ में अलीगंज, मड़ियांव व जानकीपुरम में 500।

जोन नौ में बीकेटी, सैरपुर, इटौंजा व महिगवां में 10000। जोन दस में गाजीपुर, गुड़म्बा, इंदिरानगर व विकासनगर में 500। जोन 11में सुशांत गोल्फ सिटी, गोसाईगंज में 2212, जोन 12 में मोहनलालगंज, निगोंहा व नगराम में 1049। जोन 13 में कृष्णानगर, सरोजनीनगर, बिजनौर व बंथरा में 500। जोन 14 में महानगर, हसनगंज व मदेयगंज में 500। जोन 15 में हजरतगंज, हुसैनगंज, गौतमपल्ली में 500 और जोन 16 में कैसरबाग, अमीनाबाद व नाका क्षेत्र में संचालन के लिये 500 ई रिक्शा आवंटित किये गये हैं।

### बिना टिकट वंदे भारत में चढ़े यात्रियों का वीडियो वायरल

**अमृत विचार, लखनऊ :** सेमी हाईस्पीड ट्रेन वंदे भारत में बिना टिकट यात्रियों के चढ़ जाने का सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में बड़ी संख्या में हरी टोपी पहने यात्री बिना टिकट ही चढ़ गए और यात्रा की तैयारी में थे। ये लोग खुद को भारतीय किसान यूनियन का कार्यकर्ता बता रहे थे। यात्रियों ने इसकी शिकायत रेलवे अधिकारियों से की। इसके बाद आरपीएफ के जवान मौके पर पहुंचे और इन अनाधिकृत यात्रियों को ट्रेन बाहर किया। पूर्वोत्तर रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी महेश गुप्ता के अनुसार वंदे भारत का यह वायरल वीडियो लखनऊ जंक्शन का है। बीते नौ जून को देहरादून के लिए प्लेटफॉर्म नंबर 6 से इस ट्रेन को रवाना होना था।

### नीट यूजी परीक्षा: सपा ने की सीबीआई से जांच कराने की मांग

**राज्य ब्यूरो, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने नीट–यूजी 2024 परीक्षा में हुई धांधली की सीबीआई से जांच कराने की मांग को लेकर जिलाधिकारियों के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा है। समाजवादी छात्र सभा के प्रतिनिधिमण्डलों ने ज्ञापन में कहा कि लोकसभा चुनाव परिणाम के दिन नीट–यूजी के परिणाम घोषित कर एनटीए क्या छिपाना चाहती थीं? मेडिकल संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली इस परीक्षा की पारदर्शिता पर विद्यार्थियों के बीच संदेह है। नीट–यूजी की परीक्षा के दिन भी देश के अलग–अलग स्थानों पर व्यवस्था की गड़बड़ियां सामने आई थीं।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :–
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

# ऑनलाइन टिकट बुक हैं तो बस कैंसल नहीं होगी

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

- 15 जून से बसों की जाएगी समीक्षा,यात्रियों को नहीं होनी चाहिए परेशानी
- कैंसिलेशन होने पर रिकवरी की कार्रवाई जिम्मेदार अधिकारियों से की जाएगी
- सभी बसें शेड्यूल पर रवाना की जाएंगी

**अमृत विचार:** रोडवेज से सफर करने वाले यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने मंगलवार को निर्देश दिया है कि अगर बस अड्डे या स्टापेज पर यात्री नहीं मिलते और ऑनलाइन टिकट बुक हुए हैं तब भी बस रद्द नही होगी। ऑनलाइन बुकिंग वाले यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाना ही होगा। उन्होंने कहा कि बसें अपने निर्धारित समय से रवाना होकर गंतव्य तक पहुंचे यह उच्चाधिकारियों को सुनिश्चित करना होगा। इसके अलावा यात्री सुविधाओं को और बेहतर करने के लिए 15 जून से हर बस की समीक्षा की जाएगी।

मंत्री के निर्देश पर परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने प्रदेश भर के अधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक की। क्षेत्रीय प्रबंधक, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, सेवा प्रबंधकों से कहा ऑनलाइन बुकिंग की धनराशि कार्यालय में एटीएम डाउनलोड करते समय दिखाई देता है। बस स्टेशनों पर लगाए गए एलईडी डिस्पले पर बसों की सारणी प्रदर्शित होती रहनी चाहिए। ऑनलाइन बुकिंग वाले यात्रियों को एसएमएस से बस का नंबर और कंडक्टर का मोबाइल नंबर यात्रा वाले मिल जाता है। बसें तय पर रवाना की जाएगी शेड्यूल की फीडिंग पहले से समय सारणी के अनुसार ऑनलाइन सिस्टम में की जाएगी।

### चेकिंग प्रवर्तन कर्मियों को नियंत्रित करेगा मुख्यालय

एमडी परिवहन निगम ने यह भी निर्देश दिए कि प्रवर्तन के कार्य में एम डी स्क्वाड जो क्षेत्र में लगे हुए हैं उनको चेकिंग प्रोग्राम मुख्यालय से दिया जाएगा,उनका नियंत्रण अधिकार क्षेत्रीय प्रबंधक के पास नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी क्षेत्र में एमडी स्क्वाड कोई प्रकरण पकड़े तो संबंधित सहायक प्रबंधक और चेकिंग अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और इसके अलावा अगर कोई बहुत बड़ा मामला पकड़ा जाएगा तो क्षेत्रीय प्रबंधक का भी उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा।

### कई शहरों के बीच चलेंगी अतिरिक्त एसी बसें

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सड़क परिवहन निगम के तहत चलने वाली एसी बसों की संख्या बढ़ाई जायेगी। रोडवेज अतिरिक्त एसी बसों को चलायेगा। ये बसें लखनऊ से नई दिल्ली,जयपुर, गोरखपुर,वाराणसी,प्रयाराज, कई शहरों के बीच चलेंगी। रोडवेज एसी जनरथ, शताब्दी और वोल्वो बसों का संचालन करेगा। इन बसों का संचालन 15 जून से होगा। यात्रियों की ओर से एसी बसों की बढ़ती मांग देखते हुए अतिरिक्त बसें चलाने का निर्णय लिया गया है। ताकि इस भीषण गर्मी के मौसम में बस यात्रियों को वाहन सुविधा के अभाव में परेशान न होना पड़े।

कार्यालय जिला पंचायत, बहराइच
पत्रांकः 961/जि0पं0 / नि0अनु0/ पंजी0/ 2024–25 दिनांक 07 जून, 2024
निर्माण कार्य हेतु पंजीकरण / नवीनीकरण की सूचना
जिला पंचायत, बहराइच में वित्तीय वर्ष 2024–25 में निर्माण कार्यो की ठेकेदारी हेतु पंजीकरण / नवीनीकरण हेतु इच्छुक व्यक्ति/ ठेकेदार / फर्म/ कम्पनी अपेक्षित प्रमाण–पत्रों सहित आवेदन पत्र कार्यालय जिला पंचायत, बहराइच में दिनांक 12.06.2024 से 30.06.2024 तक प्रस्तुत करके पंजीकरण / नवीनीकरण करा सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त/अपूर्ण आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।
जिला पंचायत, बहराइच में पंजीकत ऐसे ठेकेदार जिनके द्वारा समय से निर्माण कार्य का अनुबन्ध नहीं कराया जाता है अथवा निर्धारित समयावधि में निर्माण कार्य मानकनुसार पूर्ण नहीं किया जाता है ऐसे ठेकेदारों का वर्ष 2024–25 हेतु नवीनीकरण किया जाना सम्भव न होगा। पंजीकरण / नवीनीकरण से सम्बन्धित अन्य शर्ते की जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से की जा सकती है।
रवीन्द्र सिंह
अभियन्ता जिला पंचायत
बहराइच
डॉ0 वीरेन्द्र बहादुर
अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, बहराइच

# रात में भी गर्मी से राहत नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 44.8 डिग्री सेल्सियस रहा अधिकतम तापमान, दिनभर लू भी चली
- न्यूनतम तापमान 31 डिग्री रिकार्ड किया गया

**अमृत विचार :** पांच साल बाद मंगलवार सबसे गर्म दिन रहा। दिन का तापमान 44.8 डिग्री रिकार्ड किया गया। न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होने से रात में गर्मी अधिक रही। मौसम विभाग के मुताबिक, दिन में चलने वाली लू की रफ्तार बढ़ सकती है।

मौसम वैज्ञानिक एम दानिश के मुताबिक, दिन के तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। मंगलवार को शहर का तापमान 44.8 डिग्री सेल्सियस रहा। वर्ष 2019 में इस तिथि में कुछ अधिक तापमान था। उस समय पारा 44.9 डिग्री रिकार्ड किया गया। वर्ष 2019 के बाद से इतना गर्म दिन कभी नहीं रहा। बताया कि पांच साल बाद सबसे गर्म दिन रहा। रात के तापमान में भी बढ़ोतरी हुई है। न्यूनतम तापमान 31 डिग्री रिकार्ड किया गया। इस कारण रात में गर्मी अधिक रही। बताया कि आने वाले चार दिनों तक पारा आगे भी जा सकता है।

## हर रोज पौधे लगाएं तभी बदलेंगे हालात

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने के लिए पौधरोपण आवश्यक है। यदि इसें मजबूती से अमल में नहीं लाया गया, तो परिणाम भयावह होंगे। अमृत विचार से राय साझा करते महिलाओं ने कुछ जरूरी जानकारियां भी साझा कीं। एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रचना श्रीवास्तव ने बताया कि प्राकृतिक संतुलन को हम सबने खुद बिगाड़ा है। ऐसे में तापमान बढ़ा है। बढ़ती गर्मी में विवि ही नहीं विभिन्न विषयों से जुड़ी परीक्षाएं कराना बेहतर नहीं है।

# आईसीयू और ओटी में गंदगी देख सीएचसी प्रभारी ने लगाई फटकार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गुडंबा के विष्णु हॉस्पिटल में सीएमओ की टीम ने मारा छापा, कुशल डॉक्टर भी नहीं मिले मौजूद

**अमृत विचार :** गुडंबा क्षेत्र के विष्णु हॉस्पिटल में अव्यवस्थाएं देख सीएमओ की टीम ने नाराजगी जताई। अस्पताल के आईसीयू व ओटी में गंदगी फैली मिली। भर्ती मरीजों के इलाज लिए कोई भी कुशल डॉक्टर भी मौके पर नहीं मिला। जांच दौरान अस्पताल संचालक अपना पंजीकरण भी नहीं दिखा सका। सीएमओ की टीम ने नोटिस जारी करके रिकार्ड मांगा है। पंजीकरण न मिलने पर अस्पताल का संचालन बंद होगा।

दअरसल, गुड़ंबा के मिश्रपुर स्थित विष्णु हॉस्पिटल के खिलाफ सीएमओ आफिस में शिकायत दर्ज हुई थी। आरोप है बिना पंजीकरण अस्पताल का संचालन हो रहा था। गुड़ंबा सीएचसी प्रभारी डॉ. विनय टीम के साथ अस्पताल पर छापा मारा। इस दौरान टीम को अस्पताल स्टॉफ ने अंदर घुसने से रोकने की कोशिश की। टीम द्वारा पुलिस बुलाने की बात कहने पर प्रवेश मिल सका। टीम को अंदर नौ मरीज भर्ती मिले। मरीजों के इलाज के लिए कोई भी एमबीबीएस डॉक्टर मौके पर नहीं मिला। आईसीयू-ओटी व वार्ड में जगह-जगह गंदगी फैली मिली। टीम ने मरीजों में संक्रमण होने की आशंका जताई है। संचालक अस्पताल का पंजीकरण भी नहीं दिखा सका। टीम ने अस्पताल गेट पर नोटिस चस्पा की है।

> अस्पताल संचालक अपना पंजीकरण नहीं दिखा सका। मौके पर कई तरह की खामियां मिली हैं। दो दिन के अंदर नोटिस का जवाब न आने पर संचालन पर रोक लगाई जाएगी।
> – डॉ . विनय, सीएचसी प्रभारी

> अस्पताल का पंजीकरण है, मौके पर पंजीकरण कागज नहीं मिल पाया था। अस्पताल में इस समय कंस्ट्रक्शन का काम हो रहा है। इसलिए थोड़ी बहुत गंदगी थी। स्वास्थ्य विभाग जरिए भेजी गई नोटिस का जवाब भेजा जा रहा है।
> –आरके निषाद, संचालक विष्णु हॉस्पिटल

कार्यालय जलकल विभाग नगर निगम, अयोध्या
पत्रांकः– 499 / ज0क0वि0न0नि0अयो0 / ई – निविदा / 2024–25 दिनांक – 11/6/ 2024
तृतीय ई – निविदा सूचना पत्र
नगर निगम अयोध्या के अन्तर्गत साकेतपुरी कालोनी में एक बड़ा नलकूप अधिष्ठापन एवं राइजिंग मेन विस्तार के कार्य व ओ0एच0टी0 मरम्मत कार्य एवं साकेतपुरी कालोनी के विभिन्न स्थानों पर 110 एम0एम0 पी0वी0सी0 एवं 150 एम0एम0 डी0आई0 पाइप लाइन बदलने का कार्य हेतु तृतीय ई–निविदा आमंत्रण
नगर निगम अयोध्या के अन्तर्गत साकेतपुरी कालोनी में बड़ा नलकूप अधिष्ठापन एवं राइजिंग मेन विस्तार के कार्य व ओ0एच0टी0 मरम्मत कार्य एवं साकेतपुरी कालोनी के विभिन्न स्थानों पर 110 एम0एम0 पी0वी0सी0 एवं 150 एम0एम0 डी0आई0 पाइप लाइन बदलने का कार्य हेतु तृतीय ई – निविदा आमंत्रित की जाती है। जलकल विभाग द्वारा समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निम्न आयोग के अन्तर्गत नगर आयुक्त महोदय के द्वारा ई–निविदा आमंत्रित करने हेतु प्रदान की गयी स्वीकृति के क्रम में समस्त ठेकेदारों से उनके कार्य अनुभव के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु ई–निविदा प्रकार से प्रकाशित की जाती है । समस्त नियम व शर्ते वेबसाइट पर देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ई – प्रक्योरमेन्ट की वेबसाइट www.\\etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है। ई–निविदा के साथ संलग्न की जाने वाली जमानत धनराशि मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी नगर निगम अयोध्या केhttps:\\emdnagarnigamayodhya. in\loginWithotp के माध्यम से सम्बन्धित फर्म के खाते से जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा प्राप्त निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा। नगर आयुक्त नगर निगम अयोध्या को बिना कोई कारण बताये निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित होगा ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| वेबसाइट पर निविदा अपलोड होने की तिथि | 12/06/2024 को अपरान्ह 03: 00 बजे | | |
| निविदा की अन्तिम तिथि | 19 / 06 / 2024 सायंकाल 05:00 बजे तक | | |
| निविदा खोलने की तिथि | 20/06/2024 को 12: 00 बजे तक | | |
| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | जमानत राशि | निविदा मूल्य + 18% G.S.T सहित |
| 01. | नगर निगम, अयोध्या के अन्तर्गत साकेतपुरी कालोनी में बड़े नलकूप का अधिष्ठापन एवं राइजिंग मेन विस्तार का कार्य व ओ0एच0टी0 मरम्मत का कार्य । | 1,50,000.00 | 4770.00 |
| 02. | नगर निगम, अयोध्या के अन्तर्गत साकेतपुरी कालोनी के विभिन्न स्थानों पर 110 एम0एम0 पी0वी0सी एवं 150 एम0एम0 डी0आई0 (के – 7 टाईप) पाइप लाइन बदलने का कार्य । | 1,50,000.00 | 1770.00 |

महाप्रबन्धक (जल)
नगर निगम अयोध्या
अपर नगर आयुक्त
नगर निगम अयोध्या

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स–रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :–
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :–
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# वाराणसी से प्रियंका लड़ती तो मोदी हार जाते: राहुल

## लोकसभा चुनाव में जीत के बाद पहली बार रायबरेली पहुंचे राहुल और प्रियंका, सभी का जताया आभार

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार ।** आभार सभा में हिस्सा लेने के लिए सांसद राहुल गांधी मंगलवार दोपहर रायबरेली पहुंचे। उनके साथ उनकी बहन और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी थीं। लोकसभा चुनाव में मिली जीत के बाद दोनों नेताओं का यह पहला दौरा है।

भूएमऊ गेस्ट हाउस में आयोजित आभार सभा में राहुल गांधी ने बीजेपी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा अयोध्या सीट हार गई। न केवल अयोध्या में, बल्कि प्रधानमंत्री ने वाराणसी में भी अपनी जान बचाई है। अगर मेरी बहन प्रियंका गांधी ने वाराणसी से चुनाव लड़ते का फैसला लिया होता तो आज भारत के प्रधानमंत्री 2-3 लाख वोटों से वाराणसी का चुनाव हार जाते। सभा में राहुल गांधी ने रायबरेली और अमेठी की जनता का आभार जताया है।


भुएमऊ में आभार सभा का अभिवादन करते राहुल व प्रियंका गांधी।

राहुल गांधी ने कहा कि अमेठी में किशोरी लाल शर्मा को, रायबरेली में मुझे और उत्तर प्रदेश में भारतीय गठबंधन के सांसदों को जिताया है।

### हम आपके लिए काम करते रहेंगे : प्रियंका गांधी

आभार सभा में प्रियंका गांधी ने कहा कि रायबरेली और अमेठी के एक-एक कार्यकर्ता, नेता और आप सबको दिल से बहुत-बहुत बधाई। आपने कठिन से कठिन परिस्थिति में लड़ाई लड़ी। इस चुनाव में सबने बहुत मेहनत की। मेरे समाजवादी पार्टी के सभी साथियों ने एकजुटता दिखाकर ये चुनाव लड़ा। हमने यहां एक सेना बनाई और आपकी मजबूती से हमने रायबरेली और अमेठी में जीत हासिल की। आपने पूरे देश में ये संदेश भेजा कि हमें देश में एक सच्ची और समर्पित राजनीति चाहिए।

उन्होंने लोगों से कहा कि आपने राजनीति बदल दी है। बीजेपी और पीएम मोदी पर हमला करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि पूरे देश में जनता ने देश के प्रधानमंत्री को संदेश दिया है कि अगर उन्होंने संविधान को छुआ तो देखिये लोग उनका क्या हाल करेंगे। सांसद राहुल गांधी ने कहा कि यह पहली बार हुआ है की गठबंधन के प्रत्येक कार्यकर्ता ने मजबूती के साथ चुनाव लड़ा एक-एक कार्यकर्ता ने पूरी जान लगा दी एक इंच भी पीछे नहीं हटे। आभार सभा के मंच से एक बार फिर उन्होंने रायबरेली को अपने पारिवारिक रिश्तों से जोड़ते हुए कहा कि यहां से हमारा पारिवारिक रिश्ता है।

# मौलाना हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार

**प्रतापगढ़, अमृत विचार:** जेठवारा के सोनपुर में आठ जून को सुबह जमीन के विवाद में पैसे के लेन-देन को लेकर हुई मौलाना फारूक की हत्या का मुख्य आरोपित चंद्रमणि तिवारी पकड़ा गया। उसे पुलिस ने मंगलवार को डेरवा बाजार से गिरफ्तार कर लिया। उसके बताने पर हत्या में प्रयुक्त फावड़ा भी मिला है। पूछताछ में उसने बताया कि मौलाना को उसने जो जमीन उसने बैनामा की थी, वह उसे वापस करने का दबाव डालकर अपने पैसे मांग रहे थे। कहासुनी के दौरान आवेश में आकर फावड़े से प्रहार कर दिया, जिससे फारूक की जान चली गई। एएसपी पश्चिमी संजय राय ने बताया कि चंद्रमणि को जेल भेज दिया गया।

## सार-संक्षेप

### तीसरे बड़े मंगल पर कोठारी बंधु चौराहे पर लगा भंडारा


भंडारे में प्रसाद लेते श्रद्धालु। अमृत विचार

**लखनऊ, अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर राजाजीपुरम में विभिन्न जगहों पर भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में पूड़ी-सब्जी, बूंदी व शरबत प्रसाद के रूप में श्रद्धालुओं को वितरित किया गया। कोठारी बंधु चौराहे पर मिनी ज्वैलर्स ने भी भंडारा लगाया। भाजपा नेता प्रमोद वर्मा व आकाश वर्मा ने अपने हाथों से श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं व बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

### लखीमपुर में फर्जी क्राइम इंस्पेक्टर गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सदर कोतवाली पुलिस ने फर्जी क्राइम इंस्पेक्टर बनकर ठगी करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। वह जौनपुर जिले का रहने वाला है। वर्तमान समय में कोतवाली सदर के गांव बालूडीहा में मकान किराए पर लेकर परिवार सहित रह रहा था। पुलिस के मुताबिक अब तक कई लोग उसके झांसे में आकर ठगी का शिकार हो चुके हैं। कोतवाली सदर की महेवागंज चौकी प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि उन्हें कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि एक युवक चौकी क्षेत्र के गांव बालूडीह में किराए के मकान में रहता है और वह खुद को क्राइम इंस्पेक्टर बताता है। अपराध शाखा लखीमपुर में अपनी तैनाती बताकर लोगों को हड़काता है। साथ ही उनसे धन उगाही भी करता है। अब तक आरोपी कई लोगों से रुपये ठग चुका है।

### बाराबंकी में पांच हजार की रिश्वत लेते लेखपाल गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** एंटी करप्शन अयोध्या मंडल की टीम ने दाखिल खारिज की रिपोर्ट लगाने के नाम पर पांच हजार की रिश्वत लेते लेखपाल मनोज कुमार सिंह को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एंटी करप्शन टीम ने लेखपाल के खिलाफ नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया।

### गोंडा में गला रेतकर युवती को मौत के घाट उतारा

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** धानेपुर थाना क्षेत्र के तुलसीराम पुरवा गांव में एक 21 वर्षीय युवती की गला रेतकर हत्या कर दी गयी। धानेपुर थाना क्षेत्र के तुलसी रामपुरवा गांव के रहने वाले राजेश शुक्ल की बेटी श्वेता शुक्ला (21) सोमवार की रात घर की छत पर सो रही थी। बगल में ही उसकी मां भी थी। पिता राजेश नीचे चारपाई पर था। इसी बीच आधी रात के बाद अज्ञात हमलावर उसे छत से खींच ले गए और कमरे में ले जाकर उसका गला रेत डाला। हत्या के बाद युवती का शव उसके दरवाजे के सामने फेंक कर फरार हो गए। घर पर सो रहे उसके पिता राजेश ने घटना की जानकारी पुलिस को दी तो धानेपुर एसएचओ वेद प्रकाश शुक्ला अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### ठग गिरोह का भंडाफोड़, 12 गिरफ्तार

**प्रयागराज, अमृत विचार :** प्रयागराज कमिश्नरेट पुलिस ने ऑनलाइन ठगी करने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया गया है। ठगी करने वाला गैंग ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर करोड़ों रुपये का खेल किया था। इस धर पकड़ में कुल 12 ठगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से भारी मात्रा में इलेक्ट्रानिक उपकरण और करोड़ों रुपये बरामद किये गये है। सभी के खिलाफ केस दर्ज कर किया गया है।

# रायबरेली में दुष्कर्म पीड़िता ने कोतवाली में खाया जहर

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** दुष्कर्म जैसे संवेदनशील मामले में पुलिस के नकारात्मक रवैए से आहत पीड़िता ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस के सामने जहर खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और कोतवाली में हड़कंप मच गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

यह घटना मंगलवार सुबह करीब नौ बजे की है। कोतवाली पहुंची एक दुष्कर्म पीड़िता ने पुलिस पर आरोपित युवक का साथ देने और मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में सबसे सामने जहर खा लिया। उसके बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। जब लोग पुलिस कर्मी कुछ समझ पाते पीड़िता की हालत खराब होने लगी, तत्काल उसको सीएचसी ले जाया गया, जहां उसकी हालत स्थित बनी हुई है।

> महिला के चार बच्चे है जिस पर आरोप है। वह शादीशुदा नहीं है, महिला उसी के साथ रहना चाह रही है। फिलहाल मामले में युवक को जेल भेज दिया गया है।
>
> -अनिल सिंह, कोतवाली प्रभारी ऊंचाहार

मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव कंदरावा का है। गांव की एक युवती का पति शहर में रोजी रोटी के लिए नौकरी करता था। इस बीच ऊंचाहार के छोटे मियां का पुरवा निवासी एक युवक ने उसे अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। महिला का कहना है कि युवक ने उसके साथ शादी का वादा करके चार साल तक संबंध बनाए और इस दौरान उसने अश्लील वीडियो भी बना लिया। इस संबंध की जानकारी जब उसके पति को हुई तो उसने संबंध तोड़ते हुए महिला को अपने घर से भगा दिया। युवती जब अपने प्रेमी के पास पहुंची और उससे शादी करने को कहा तो उसने शादी करने से इंकार कर दिया। युवक ने उससे कहा कि यदि कोई कार्रवाई की तो तुम्हारे अश्लील वीडियो सोसल मीडिया में वायरल कर दूंगा। उसके बाद बीते महीने युवती ने कोतवाली में तहरीर दी। इसके बाद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। युवती का कहना है कि वह ऊंचाहार के एक निजी दुकान में काम करती है।

# करहल से इस्तीफा दे संसद में हुंकार भरेंगे अखिलेश यादव

संवाददाता, सैफई (इटावा)

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद सपा अब देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। जो रास्ता डॉ. लोहिया और नेताजी ने समाजवादियों को दिखाया है उसी रास्ते पर चलकर सपा दलित, किसान, मजदूर और कमजोर तबके से जुड़े हुए लोगों की आवाज बनेगी। विधायकी से इस्तीफा देकर दिल्ली की संसद में आवाज बुलंद की जाएगी। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्य मंत्री अखिलेश यादव ने ये बातें सैफई में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि दो स्थानों से चुनाव जीतने के बाद संवैधानिक व्यवस्था के तहत एक जगह से इस्तीफा देना होता है। उन्होंने विधानसभा से इस्तीफा देने का फैसला लिया है।


पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का स्वागत करते सपा नेता व कार्यकर्ता। अमृत विचार

जल्द ही विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष वह अपना इस्तीफा पेश करेंगे। नेता प्रतिपक्ष कौन होगा इस सवाल पर उन्होंने कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए कौन व्यक्ति महत्वपूर्ण होगा यह पार्टी स्तर पर तय किया जाएगा। ऐसे व्यक्ति को नेता प्रतिपक्ष बनाने की कोशिश होगी जिसके जरिए पार्टी को मजबूती मिले और पार्टी का वोट बैंक बढे। उन्होंने प्रदेश की जनता को पार्टी को मजबूती देने के लिए बधाई दी और कहा कि आम मतदाताओं ने संविधान बचाने के मुद्दों पर अपने-अपने घरों से निकलकर के समाजवादी पार्टी के पक्ष में मतदान किया है। पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत का नतीजा है कि पार्टी ने चुनाव में अब तक का अपना सबसे बेहतरीन प्रदर्शन कर दिखाया।

## केंद्रीय रेलमंत्री ने संभाला पदभार



**संवाददाता, नई दिल्ली, अमृत विचार :** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज रेल भवन में पदभार ग्रहण किया। रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष एवं सीईओ जया वर्मा सिन्हा ने वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों के साथ रेल भवन में उनका स्वागत किया। हाउसकीपिंग स्टाफ और रेलवे के अन्य अधिकारियों ने भी श्री अश्विनी वैष्णव को पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी। मीडिया को संबोधित करते हुए श्री वैष्णव ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा निर्धारित दीर्घकालिक विजन को साकार करने के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री मोदी का रेलवे के साथ एक विशेष भावनात्मक जुड़ाव है और उन्होंने मुझे अपने परिवर्तनकारी दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भारतीय रेलवे आम जनता के लिए परिवहन का एक किफायती और सुविधाजनक साधन बना रहे।

## राज्यमंत्री ने ग्रहण किया पदभार

**संवाददाता नई दिल्ली, अमृत विचार:** "रेलवे आम लोगों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हम इसे एक टीम की तरह मिलकर आगे बढ़ाएंगे।"- रवनीत सिंह रवनीत सिंह, केंद्रीय रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री ने आज रेल भवन में पदभार ग्रहण किया। रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष एवं सीईओ जया वर्मा सिन्हा तथा वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों ने रेल भवन पहुंचने पर उनका स्वागत किया। वी. सोमन्ना, केंद्रीय रेल राज्य मंत्री ने भी पदभार ग्रहण करने



के दौरान उनका स्वागत किया। मीडिया कर्मियों को संबोधित करते हुए रवनीत ने कहा, "हमें रेलवे बोर्ड के चेयरमैन और सीईओ, रेलवे बोर्ड के सदस्य और अधिकारियों के साथ मिलकर काम करना है। मैं देश के नागरिकों को भी बधाई देता हूं।

# कार ने तीन को कुचला, एक की मौत

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली के हरदोई-शाहजहांपुर मार्ग पर एक अनियंत्रित कार ने साइकिल सवार सहित तीन को कुचल डाला। साइकिल सवार की मौके पर मृत्यु हो गई। जबकि दो लोग घायल हुए हैं। घायलों को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर किया गया है। कार चालक को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

हरदोई के छोटा चौराहा निवासी रूपेश गुप्ता अपनी कार से पिता बाल कृष्ण व मां को नौकर के साथ लेकर किसी कार्य से शाहजहांपुर गया था। वहां से वापस लौट रहा था। कस्बे के बस स्टैंड के निकट कार अनियंत्रित हो गई। जिससे साइकिल सवार अबरार (55) निवासी कठमा को जोरदार टक्कर मार दी। उसके बाद ड्राइवर ने कार पर से नियंत्रण खो दिया और पैदल सड़क पार कर रहे हरदोई कस्बे के बैटगंज निवासी अनुज और कोतवाली देहात के ग्राम खेतुई मदारा निवासी रामू को टक्कर मार दी। अबरार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बाकी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पुलिस ने कार चालक रूपेश गुप्ता को हिरासत में ले लिया है।

# सीतापुर में योगी का पीआरओ बता जालसाज ने ठगे 3 लाख

संवाददाता, सदरपुर, सीतापुर

**अमृत विचार।** एक शख्स ने खुद को मुख्यमंत्री का पीआरओ बताकर ट्रैक्टर हादसे में मारे गए पांच बच्चों के मामले से बचाने का झांसा देकर पीड़ित से तीन लाख रुपए ठग लिए।

सदरपुर के पहाड़ापुर निवासी शिवशंकर ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसके पिता विश्रामलाल के ट्रैक्टर से गत दिनों एक हादसा हो गया था। इसी बीच पीड़ित के बहनोई सोहन पुत्र मेढ़ीलाल निवासी मंझिया थाना रामपुर कला की मुलाकात ठग नागेंद्र पुत्र अज्ञात निवासी बाराबंकी जो वर्तमान समय में सदरपुर थाना क्षेत्र के बंगरहा मजरे हेलेपारा में अपनी ननिया ससुराल में बुद्धराज के घर रहता है, मुलाकात हुई। ठग नागेंद्र ने बताया कि वह गोरखपुर मठ का पुजारी है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पीआरओ है। मुख्यमंत्री सहित बीजेपी के कई नेताओं के साथ अपनी तस्वीरें दिखाईं। कहा कि अगर कोई बड़ा काम हो तो बताना। इस पर पीड़ित के बहनोई ने अपने ससुर विश्राम लाल के ट्रैक्टर से हुए हादसे की पूरी बात बताई, तो शातिर ठग नागेंद्र ने उक्त समस्या से बचाने के एवज में 3 लाख 50 हजार रुपये की मांग की।

# पेड़ से लटका मिला प्रेमी-प्रेमिका का शव

**प्रयागराज, अमृत विचार:** समाज की दुश्वारियों को झेलते हुए एक साथ जीने की चाहत न पूरी होने पर प्रेमी प्रेमिका दी हंसते हंसते एक साथ मौत भी गले लगा लिया। प्रेमी और प्रेमिका ने पहले अपने हांथ की नस काट ली फिर उसके बाद जंगल में एक पेड़ पर दोनों ने एक फंदे के सहारे खुदकुशी कर ली। ग्रामीणों ने दोनों का शव पेड़ पर लटकते देखा तो शोर मचाते हुए पुलिस को सूचना कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस और डीसीपी गंगापार ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जांच की जा रही है।

## वर्ग पहेली-98

**बाएं से दाएं**

1. 1. युग के अनुकूल, समय के अनुसार 2. प्रासंगिक।
5. 1. चिट्ठी-पत्री या हिसाब-किताब लिखने वाला कर्मचारी, मुहर्रिर 2. लिपिक, लेखक।
8. मछली पकड़ने का जाल।
9. 1. बच्चों द्वारा नकियाकर धीरे-धीरे रोने की आवाज़ 2. अस्पष्ट स्वर में ठहर-ठहरकर रोने की ध्वनि।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. दूसरों के साथ किया जाने वाला छल या कपट, धोखा, धूर्तता 2. हल का फाल 3. वेणी, कबरी, जूड़ा 4. बाहर की ओर निकला हुआ भाग, उठान, उभार।
3. जिसकी सिंचाई हो चुकी हो, सींचा हुआ।
4. छुनन-मुनन।
6. श्येनपक्षी, बाज़।
7. नौकर, सेवा करने वाला।



### वर्ग पहेली -97 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ना | जी | ■ | 2 हँ | 3 स | न | ■ |
| ■ | ■ | 4 खु | ■ | ह | ■ | 5 गं |
| 6 ऐ | ■ | ट | ■ | यो | ■ | धा |
| 7 लो | को | प | यो | गी | ■ | ना |
| पे | ■ | न | ■ | ■ | 8 नि | ■ |
| थ | ■ | ■ | 9 घा | ■ | ढा | ■ |
| ■ | ■ | 10 अ | न | सु | ल | झी |

## सुडोकू-11

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | 7 | | | | | 2 |
| 7 | | | | 8 | 6 | | 5 | |
| | | 4 | | 9 | | 6 | | 3 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| | | 9 | 4 | | 7 | 8 | | |
| | 1 | | 9 | | | 5 | | |
| 9 | | 6 | | 4 | | 7 | | |
| | 4 | | 1 | 2 | | | | 6 |
| 8 | | | | | 9 | 4 | | |

### सुडोकू - 10 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 3 | 9 | 5 | 6 | 2 | 7 | 4 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 1 | 4 | 6 | 9 | 8 |
| 4 | 9 | 6 | 7 | 2 | 8 | 1 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 5 | 9 | 1 | 4 | 8 | 2 |
| 5 | 8 | 4 | 6 | 3 | 2 | 9 | 1 | 7 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 | 6 |
| 2 | 4 | 8 | 1 | 7 | 9 | 3 | 6 | 5 |
| 1 | 7 | 5 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 | 9 |
| 6 | 3 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 | 2 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 जून बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-षष्ठी 19.16 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मघा 13 जून 02.12 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष:** आज अनावश्यक क्रोध करने से स्वजन आपके प्रति शत्रुवत हो सकते हैं। प्रेम संबंधों के लिए दिन शुभ नहीं है। जॉब में अधिकारियों से आपको संबंध अच्छे रखने चाहिए। अपनी वस्तुओं को संभालकर रखें। पेट दर्द की समस्या हो सकती है।

**वृष:** आज नया कारोबार शुरू करने के लिए दिन शुभ नहीं है। मन में काम को लेकर उत्साह कम हो सकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। गुप्त विद्याओं की तरफ आपका रुझान बढ़ सकता है।

**मिथुन:** आज घर के वास्तु में कुछ सुधार आदि कर सकते हैं। आप काफी सोच-समझकर भविष्य की योजना बनाएंगे। मित्रों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। दिन शुभ रहेगा। यद्यपि आपके ऊपर जवाबदेही बढ़ेगी, किंतु आप फिर भी काफी उत्साहित रहेंगे।

**कर्क:** आज आपके कार्य धीमी गति से होंगे। इसीलिए आपको काफी धैर्य रखने की आवश्यकता है। यात्राओं के दौरान आपको परेशानी का अनुभव होगा। आपको बातचीत के दौरान विनम्र रहना सीखना होगा। सहयोगी कर्मचारियों से विवाद होने की आशंका है।

**सिंह:** आज दूसरों के झगड़ों में अपना समय बर्बाद न करें। रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। आप उत्साहपूर्वक अपना काम कर पाएंगे। निवेश को लेकर जल्दबाजी न करें। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आप धार्मिक विषयों को लेकर काफी सक्रिय हो सकते हैं।

**कन्या:** आज क्रोध के कारण आपको नुकसान हो सकता है। ऐसे लोगों से संपर्क में न रहें, जो आपको गुस्से के लिए उकसाते हों। व्यवसाय में नवीन प्रयोग करने से बचें। अधीनस्थ कर्मचारियों से आपको सावधान रहना चाहिए। मन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**तुला:** आज आप काफी अध्यात्मिक रहेंगे। जॉब में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। विदेश से कारोबार या नौकरी को लेकर आपको मौके मिल सकते हैं। नई तकनीक के प्रति आपका आकर्षण बढ़ेगा। संभव है कि आप किसी डिवाइस पर धन खर्च करें।

**वृश्चिक:** आज व्यापार में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। मित्रों का काफी सहयोग मिलेगा। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में सफलता मिल सकती है। जॉब में पदोन्नति के योग बन सकते हैं। आपको प्रबुद्ध व्यक्तियों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**धनु:** आज व्यवसाय में आपकी सक्रियता बढ़ेगी, किंतु आपको ज्यादा निवेश करने से बचना चाहिए। अपने संपर्कों को बढ़ाने का प्रयास करें। आपका मन काम में नहीं लगेगा। आप कुछ दूसरे कार्यों की तरफ प्रवृत्त हो सकते हैं।

**मकर:** आज अपनी गुप्त बातों को किसी से शेयर न करें। भोजन में शुद्धता का ध्यान रखें। बाहर का भोजन करने से आपको बचना चाहिए। आप आपको सिरदर्द की समस्या हो सकती है। अनावश्यक भागदौड़ के कारण आपको थकान की अनुभूति होगी।

**कुंभ:** आज व्यवसाय काफी लाभप्रद रहने वाला है। जीवनसाथी आपको कड़ी सलाह दे सकता है, किंतु यह आपके लिए लाभप्रद अवश्य होगी। शत्रुओं के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। कार्यक्षेत्र में उत्तम सफलता मिलेगी। आपके सहयोगी आपकी काफी प्रशंसा करेंगे।

**मीन:** आज कुछ कार्यों के उलझने के योग बन रहे हैं। लोन वगैरह लेने से आपको बचना चाहिए। नौकरी को लेकर चिंता और तनाव हो सकता है। अपनी वाणी में विनम्रता का भाव रखें। जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है।

## आज की फिल्में

B4U Movies
आज का रावण — सुबह : 08.00
होते होते प्यार हो गया — रात : 07.00

&pictures
सत्यप्रेम की कथा — सुबह : 11.11
लव हॉस्टल — रात : 08.00

Sony Pix
वेनम — सुबह : 11.10
होटल ट्रान्सिलवेनिया 3 — रात : 09.00

Zee Cinema
चेन्नई वर्सेस चाइना — सुबह : 09.00
हॉलीडे — दोपहर : 02.10

Colors Cineplex
राजा हिन्दुस्तानी — सुबह : 11.37
जब वी मेट — शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर दोपहर : 02.10 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी ने एंबुलेंस बुलाने के लिए कॉल किया।
ऑपरेटर- आपको क्या समस्या है?
पत्नी- मेरे पैर की उंगली कॉफी टेबल से टकरा गई है।
ऑपरेटर- और इसके लिए आप एंबुलेंस बुलाना चाहती हैं?
पत्नी- नहीं, एंबुलेंस तो मेरे पति के लिए है, उन्हें हंसना नहीं चाहिए था।
ऑपरेटर चुप!

कोयल ने कौवे से पूछा- तुमने अभी तक शादी क्यों नहीं की?
कौवा बोला- बिना शादी के ही जिंदगी में इतनी कांव-कांव है,
शादी कर लूंगा तो पता नहीं क्या होगा?

अमृत विचार
www.amritvichar.com

रोहते सायकैर्विद्धं वनं परशुना हतम् ।
वाचा दुरुक्तं बीभत्सं न संरोहति वाक्क्षतम् ॥

बाणों से छलनी और फरसे से कटा गया जंगल पुनः हरा-भरा हो जाता है, लेकिन कटुवचन से बना घाव कभी नहीं भरता।

## संपादकीय

# विदेश नीति की चुनौतियां

भारत आज विश्व के अग्रणी राष्ट्रों में से एक है। वैश्विक मंचों पर बढ़ रही भारत की स्वीकार्यता महाशक्ति कहलाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। अमेरिका के अलावा कई अन्य देश अब भारत को एक उभरती महाशक्ति के तौर पर देखने लगे हैं और भारत की नीतियों-रणनीतियों पर उनकी निगाहें लगी रहती हैं। भारत और अमेरिका के संबंधों में काफी सुधार हुआ है, क्योंकि वह एक स्थिर शक्ति के रूप में भारत को देखता है। परंतु चीन और पाकिस्तान के साथ अस्थिर सीमा मुद्दों को लेकर तनाव रहता है। चीन दक्षिण एशिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हुआ दिख रहा है और भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। मंगलवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि दुनिया ने देखा है कि संकट के समय अगर एक देश ग्लोबल साउथ के साथ खड़ा रहा है तो वो भारत है। उन्हें लगता है कि भारत उनका मित्र है। जी 20 की अध्यक्षता के दौरान जिस तरह हमने अफ्रीकी संघ की सदस्यता के लिए कोशिश की, उससे दुनिया के देशों का विश्वास हम पर बढ़ा है। नई सरकार के शपथ के दिन से ही हमारी नेबरहुड फर्स्ट को लेकर प्रतिबद्धता जाहिर हो गई।

भारत के पड़ोसी देश चीन के प्रभाव के चलते अपनी नीतियों को लेकर दुविधा में रहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में पड़ोसी देशों के नेताओं का आना अच्छा संकेत है। विदेश मंत्री ने पाकिस्तान और चीन के साथ भारत के रिश्तों को लेकर कहा कि जहां तक पाकिस्तान और चीन का सवाल है, उन देशों के साथ संबंध अलग हैं और वहां की समस्याएं भी अलग हैं। नई सरकार के समय में पाकिस्तान के साथ हम वर्षों पुराने सीमापार आतंकवाद के मुद्दे का समाधान खोजना चाहेंगे। उन्होंने साफ किया कि किसी अच्छे पड़ोसी की नीति सीमा पार आतंकवाद नहीं हो सकती। वहीं चीन को लेकर उन्होंने कहा कि सीमा के बचे हुए मसले सुलझाने पर उनका फोकस होगा। वास्तव में वैश्वीकरण के इस युग में, भारत का राष्ट्रीय हित केवल अपनी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा और प्रभाव को बढ़ाने से हो सकता है। भारत के समक्ष विदेश नीति की चुनौतियों की जटिलता पूरी दुनिया की तरह चुनौतियों के समग्र प्रतिबिंब के फैलाव के रूप में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा है कि भविष्य में भारत की भूमिका, एक संतुलन शक्ति के बजाय एक प्रमुख शक्ति के रूप में हो। वैश्विक पटल पर प्रासंगिक बने रहने के लिए भारत को चुनौतियों को समझ कर अपना रुख तय करना होगा। उम्मीद है कि संघर्ष और तनावों के बीच हम अपनी एक जगह बनाए रखने में कामयाब रहेंगे।

# मणिपुर में फिर क्यों सुलग उठी हिंसा की आग


दिनकर कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

इंफाल में अपने आवास पर मीडिया को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित सांसद ने कहा कि राज्य में चल रहे संकट को जारी रखने की चाह रखने वालों द्वारा अशांति फैलाई जा सकती है। अकोईजाम ने निवासियों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा के लिए तत्काल व प्रभावी उपायों की आवश्यकता पर बल दिया।

जातीय हिंसा से दहलने के एक साल बाद फिर मणिपुर में हिंसा की आग सुलग उठी है। पिछले आठ महीनों में राज्य में बड़े पैमाने पर हिंसा नहीं हुई है। हालांकि मैतेई और कुकी के बीच संघर्ष में लोगों की जान जाती रही है,जो मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के बार-बार किए गए दावों को झूठला रहा है कि संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में शांति धीरे-धीरे वापस आ रही है। संघर्ष से पैदा हुए जख्म बेशक गहरे हैं । 200 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है।

हजारों परिवार शरणार्थी शिविरों में तड़प रहे हैं और महिलाओं के खिलाफ भीषण हिंसा की खबरें आ रही हैं। निगरानी समूह लगातार कानून को अपने हाथ में ले रहे हैं, लेकिन राज्य सरकार की ओर से युद्धरत समुदायों के बीच सार्थक बातचीत शुरू करने की इच्छाशक्ति की कमी से बहुत नुकसान हुआ है। मणिपुर सरकार ने 8 जून को जिरिबाम में सुरक्षा दल भेजा,जो संदिग्ध कुकी उग्रवादियों द्वारा उत्पात मचाने और जिले के सीमांत क्षेत्रों में कई घरों को आग लगाने के बाद जातीय हिंसा की नई लहर की चपेट में आ गया है। मणिपुर सरकार द्वारा जिले में अतिरिक्त बल भेजे जाने के बाद मणिपुर पुलिस कमांडो को हवाई मार्ग से जिरिबाम पहुंचाया जा रहा है। रिपोर्टों में कहा गया है कि हमलावरों ने जिले के सीमांत क्षेत्रों में बस्तियों पर हमला करते हुए जिरिबाम जिला पुलिस की एक पुलिस चौकी,एक वन बीट कार्यालय और 75 से अधिक घरों को आग लगा दी। आगजनी से एक दिन पहले उग्रवादियों ने 65 वर्षीय एक व्यक्ति का सिर कलम कर दिया था जिसका 6 जून को अपहरण कर लिया गया था। इस क्रूर हत्या से गुस्साए जिले के निवासियों ने 6 जून की रात को जिले के बाहरी इलाके में एक खाली पड़े घर में आग लगा दी थी।

तनावपूर्ण स्थिति के बीच 7 जून की शाम से ही भारी हथियारों से लैस उग्रवादियों ने जिले के बाहरी इलाके में स्थित मैतेई समुदाय के विभिन्न इलाकों में बम और बंदूक से हमला करना शुरू कर दिया और आधी रात के आसपास हमले तेज हो गए जिसमें मैतेई समुदाय के घरों को जला दिया गया। अभी तक हमलों में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अब तक उग्रवादियों ने जिले के बोरबेकरा उप-मंडल के अंतर्गत आने वाले

**मणिपुर के जिरिबाम जिले में रहने वाले रोंगमेई नागा लोगों ने इतिहास में पहली बार जिले में दो समुदायों के बीच हुई हिंसा पर निराशा व्यक्त की। रोंगमेई नागा काउंसिल मणिपुर ने एक बयान में कहा कि रोंगमेई नागा लोग कई दशकों से रह रहे एक शांतिप्रिय समुदाय हैं और विभिन्न समुदायों के साथ उनके सौहार्दपूर्ण संबंध हैं और वे सह-अस्तित्व में हैं।**

लमताई खुनौ, लौकोइपुंग और नयनपुर इलाकों में 70 से अधिक घरों को जला दिया है। घरों को जलाने से पहले उग्रवादियों ने रिहायशी इलाकों की ओर बंदूक और बम से कई राउंड फायरिंग की जिसके बाद निवासी भागकर अपनी जान बचाने के लिए पास के जंगल में छिप गए। निवासियों ने दावा किया कि इलाके में असम राइफल्स की मौजूदगी के बावजूद हमले किए गए और अर्धसैनिक बलों पर हमलावरों को रोकने के लिए कुछ नहीं करने का आरोप लगाया। इससे पहले बढ़ते तनाव को देखते हुए सीमांत और संवेदनशील इलाकों के कुछ इलाकों के 200 से अधिक निवासियों को पुलिस और सुरक्षा बलों ने सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। उन्होंने जिला मुख्यालय में खोले गए राहत शिविरों में शरण ली।

इस बीच जिरिबाम जिले के निवासियों ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से जिले का दौरा करने और कानून व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रित करने की मांग की। उन्होंने सरकार से जिला मुख्यालय में विभिन्न स्थानों पर शरण लेने वाले विस्थापित लोगों को राहत प्रदान करने की भी मांग की और जिले के डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपकर कहा कि लोगों के जीवन और संपत्तियों की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले साल मई में पहली बार भड़के जातीय संघर्ष के एक साल से अधिक समय बाद भी इसे समाप्त करने में सरकार की अक्षमता असम की सीमा से लगे जिले में हिंसा के बढ़ने के पीछे है। इस बीच जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए कानून व्यवस्था नियंत्रित करने में जिला प्रशासन की सहायता के लिए इंफाल से अतिरिक्त सुरक्षा बलों को हेलीकॉप्टरों द्वारा जिरिबाम जिले में भेजा गया है। 9 जून की सुबह कंगाल हेलीपैड से राज्य पुलिस कमांडो के लगभग 70 कर्मियों को हेलीकॉप्टरों द्वारा जिरिबाम जिला मुख्यालय ले जाया गया। जिरिबाम जिले में हिंसा के अलावा हथियारबंद उग्रवादी कांगपोकपी जिले की पहाड़ी श्रृंखला से उतरे और इंफाल पश्चिम जिले के से कमाई में बस्तियों पर हमला करना जारी रखा।

मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से जिरिबाम जिले में कानून और व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए हर संभव कदम उठाने को कहा। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से नई दिल्ली में मुलाकात की,जहां दोनों डेरा डाले हुए थे। बैठक के दौरान राज्यपाल ने जिले में मौजूदा अस्थिर कानून और व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। दूसरी ओर निर्वाचित सांसद डॉ. अंगोमचा बिमोल अकोईजाम ने जिरिबाम जिले में हिंसा में वृद्धि पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की। इंफाल में अपने आवास पर मीडिया को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित सांसद ने कहा कि राज्य में चल रहे संकट को जारी रखने की चाह रखने वालों द्वारा अशांति फैलाई जा सकती है। अकोईजाम ने निवासियों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा के लिए तत्काल व प्रभावी उपायों की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही हमें भावनाओं को भड़काना नहीं चाहिए,खासकर सोशल मीडिया साइटों पर। हमें रिपोर्ट करते समय या अपनी राय व्यक्त करते समय बचना चाहिए और जिम्मेदार होना चाहिए।

मणिपुर अखंडता समन्वय समिति ने राज्य में हिंसा की ताजा लहर की कड़ी निंदा की जिसने जिरिबाम को प्रभावित किया,जो अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण था, जहां सभी समुदाय- थाडू, हमार, पैते, काबुई, ज़ेलियानग्रोंग, मैतेई पंगल और मैतेई समुदाय सद्भाव के साथ सह-अस्तित्व में थे। समिति ने हिंसा की ताजा लहर के लिए भारत सरकार को जिम्मेदार ठहराया और राज्य के मूल लोगों की पीड़ा के लिए केंद्र की आलोचना की। समिति ने कहा-हाल ही में हुई हिंसा का कारण अप्रवासी कुकी समूहों द्वारा उग्रवादी रणनीति के माध्यम से अलग प्रशासन की अपनी मांगों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से की गई भड़काऊ कार्रवाइयां हैं जिसके परिणामस्वरूप मैतेई पीड़ित का अपहरण और हत्या हुई है। समिति ने भारत सरकार की निष्क्रियता और असम राइफल्स द्वारा वास्तविक अपराधियों को पकड़ने में विफलता की आलोचना की, जिन्होंने इसके बजाय गुस्साई भीड़ पर गोलियां चलाईं जिससे स्थिति और बिगड़ गई। इसने कहा कि स्थानीय आबादी की तुलना में अप्रवासी समुदायों को तरजीह देना और आंतरिक व्यवस्था बनाए रखने के बजाय भारत-म्यांमार सीमा की ओर सुरक्षा संसाधनों का गलत आवंटन सरकार का दोषपूर्ण निर्णय है।

मणिपुर के जिरिबाम जिले में रहने वाले रोंगमेई नागा लोगों ने इतिहास में पहली बार जिले में दो समुदायों के बीच हुई हिंसा पर निराशा व्यक्त की। रोंगमेई नागा काउंसिल मणिपुर ने एक बयान में कहा कि रोंगमेई नागा लोग कई दशकों से रह रहे एक शांतिप्रिय समुदाय हैं और विभिन्न समुदायों के साथ उनके सौहार्दपूर्ण संबंध हैं और वे सह-अस्तित्व में हैं। काउंसिल ने 6 जून को मुलरगांव के पास गुलरथोल, जिरिबाम के निवासी सोइबाम सरत कुमार की नृशंस हत्या और अज्ञात बदमाशों द्वारा जिरिबाम के वेंगनुआम डिबोंग खुनौ के निवासी एल थियानमुआंग के अपहरण की कड़ी निंदा की। यह देखा गया कि इन घटनाओं के परिणामस्वरूप 6 जून की रात को जिरिबाम में कुकी के कई घरों को जला दिया गया और उसके बाद बोरोबेक्रा के लांताई खुनौ में घटना हुई,जहां मैतेई के घरों को जला दिया गया और उन पर हमला किया गया। हाल ही में हुई ये सभी घटनाएं जिरिबाम के लंबे समय से चले आ रहे शांतिपूर्ण माहौल को नुकसान पहुंचाने का एक अस्वास्थ्यकर संकेत हैं। रोंगमेई नागा लोगों ने शांति बनाए रखने और दोनों समुदायों की ओर से किसी भी हिंसात्मक कार्रवाई की निंदा करने के अपने रुख को दोहराया,काउंसिल ने दोनों समुदायों से इस मुद्दे को और न बढ़ाने और जिरिबाम के नागरिकों के कल्याण के लिए समाधान निकालने की भी अपील की।

## प्रसंगवश

# आखिर कितने पर्यटकों की प्यास बुझाएगा नैनीताल


दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

गर्मी का मौसम शुरू हुआ नहीं की शहरी पर्यटकों की भीड़ नैनीताल, मसूरी, शिमला आदि पहाड़ी पर्यटन स्थलों की ओर उमड़ने लगती है। बात अगर उत्तराखंड के प्रसिद्ध हिल स्टेशन नैनीताल की करें तो ये पर्यटक इस बात को नहीं समझते की भूगर्भीय दृष्टि से भूकंपीय क्षेत्र में बसा नैनीताल एक संवेदनशील और कम फैलाव वाला नगर है।

पहले से ही कंक्रीट के जंगल में तब्दील नैनीताल की पहाड़ियां बहुत दबाव झेल रही हैं तथा और अधिक दबाव को सहने में असमर्थ है। मई-जून के महिनों में यह दबाव और अधिक बढ़ जाता है,क्योंकि पर्यटकों के वाहनों की रेलमपेल नैनीताल पहुंचने लगती है। हर कोई अपने निजी वाहन या प्राइवेट टैक्सियों से ही नैनीताल आना चाहता है। इस कारण जहां एक और कम चौड़ी सड़कों पर वाहनों की बढ़ती संख्या से अधिकांश समय जाम की स्थिति रहती है। हल्द्वानी से नैनीताल की दूरी लगभग चालीस किलोमीटर है। हल्द्वानी से आगे काठगोदाम तक तो सड़के फिर भी ठीक हैं,लेकिन उससे आगे सड़कों की चौड़ाई कम है। यहीं से जाम लगना शुरू हो जाता है। सड़क के दोनों और कई किलोमीटर तक वाहनों की लंबी लाइन लग जाती है।

वीकेंड में तो स्थिति और ज्यादा जटिल हो जाती है। रानीबाग से नैनीताल पहुंचने में लगभग एक घंटा लगता है,लेकिन लंबे जाम के कारण पर्यटकों को नैनीताल पहुंचने में तीन से चार घंटे तक लग जाते हैं। रोज लगने वाले इस जाम से सबसे ज्यादा परेशानी स्थानीय लोगों को होती है,जो अपने जरूरी काम से नैनीताल अथवा हल्द्वानी की ओर जा रहे होते हैं। उन्हें भी घंटों तक जाम में फंसना पड़ता है। अक्सर मरीजों को अस्पताल ले जा रही एंबुलेंस भी जाम में फंस जाती है,क्योंकि लोगों द्वारा अपने वाहन सड़क में आड़े तिरछे खड़े कर दिए जाने के कारण उसे आगे बढ़ने का रास्ता नहीं मिल पाता है। तल्लीताल से लेकर मल्लीताल तक चंद किलोमीटर के दायरे में फैला नैनीताल इतनी बड़ी संख्या में आते वाहनों के दबाव को सहने में सक्षम नहीं है। यहां पार्किंग की कमी है। मल्लीताल स्थित फ्लैट्स का मैदान और अन्य अस्थाई पार्किंग स्थल पूरी तरह से वाहनों से पैक हो जाते हैं। होटल पहाड़ियों को काटकर बनाए गए हैं। जाहिर है उनके पास पार्किंग की सुविधा नहीं है। यही कारण है कि कुछ पर्यटक अपने वाहनों को माल रोड पर ही खड़ा कर देते हैं। प्रदेश सरकार या स्थानीय प्रशासन नैनीताल में वाहनों की बढ़ती संख्या को सीमित करने और क्राउड को मैनेज करने की कोई स्थाई नीति अभी तक नहीं बना पाया है। जब नैनीताल की पार्किंग फुल हो जाती है तब मजबूरन पुलिस को पर्यटकों के वाहन नैनीताल से छह किलोमीटर पहले रोकने पड़ते हैं। इससे नैनीताल में वाहनों के बढ़ते दबाव और जाम की समस्या सुलझने वाली नहीं है।

पर्यटकों को यह समझना चाहिए कि फैलाव की कम गुंजाइश वाला यह हिल स्टेशन एक भूकंपीय क्षेत्र में बसा है जिसकी कमजोर पहाड़ियां पहले से ही बहुत दबाव सह रही है। यहां अक्सर होने वाले छोटे-छोटे भूस्खलन हमें खतरे का आभास देते रहते हैं,लेकिन हम है कि इसे समझने को तैयार नहीं है। अंग्रेजों ने इस खूबसूरत जगह की सुरक्षा और रखरखाव के लिए कई नियम-उपनियम बनाए थे, लेकिन आजादी के बाद हम लोगों ने जैसे सारे नियमों को ताक पर रख दिया है। उस दौर में माल रोड पर वाहनों का चलाना भी मना था। मकान बनाने के लिए भी कई नियमों का पालन करना पड़ता था,लेकिन आज जहां पहाड़ खोदना मना था,वहां हमने बड़े-बड़े होटल और भवन बना दिए हैं।

नैनीताल में पर्यटन से जुड़े कारोबारी भले ही पर्यटकों की बढ़ती भीड़ से खुश नजर आते हो,क्योंकि उनके लिए तो यह कमाई का अवसर है, लेकिन खुद नैनीताल के लिए यह एक अशुभ लक्षण है। नैनीताल की भी अपनी एक सीमा है। आखिर यह कितने पर्यटकों की प्यास बुझाएगा? रोज हजारों की संख्या में पर्यटकों का आना और सैकड़ों वाहनों की आमद नैनीताल के पर्यावरण को किसी न किसी रूप में नुकसान ही पहुंचा रही है। अफसोसजनक बात यह है कि न तो पर्यटक इसे समझ पा रहे हैं और न

# महापुरुषों की मूरतों से छेड़खानी


विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

**सवाल ये है कि बीते कई दशकों से स्थापित देश के इन महापुरुषों की मूरतों को यहां से वहां करने का क्या मतलब है? इनसे सारा देश प्रेरणा प्राप्त करता है।**

संसद भवन परिसर में बीते दशकों से स्थापित महात्मा गांधी, बाबा साहेब आंबेडकर और छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमाओं का स्थान बदलने से बवाल मचा हुआ है। अब इन्हें नए स्थानों पर ले जाया जाएगा,जिसे प्रेरणा स्थल कहा जाएगा। सवाल ये है कि बीते कई दशकों से स्थापित देश के इन महापुरुषों की मूरतों को यहां से वहां करने का क्या मतलब है? इनसे सारा देश प्रेरणा प्राप्त करता है। इन सबमें भाव और गति का कमाल का संगम देखने को मिलता है। इन सबको रुककर देखने का मन करता है।

बीते दशकों से इन्हें संसद भवन में आने वाले आगंतुक देखकर नमन कर रहे हैं। सबसे पहले महात्मा गांधी की संसद भवन में लगी आदमकद मूरत की बात करते हैं। इसे संसद सत्र के दौरान सारा देश बार-बार अपने टीवी सेटों पर देखता है। बापू इसमें ध्यान की अवस्था में हैं। इसके आगे विभिन्न दलों के नेता धरना दे रहे होते हैं या किसी मुद्दे पर सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के लिए नारेबाजी कर रहे होते हैं। बापू की इस मूर्ति को महान मूर्तिशिल्पी राम सुतार ने बनाया था। उन्होंने ही सरदार पटेल की मूर्ति स्टैच्यू ऑफ यूनिटी को तैयार किया है।

सुतार कंक्रीट, मिट्टी, प्लास्टर ऑफ पेरिस और अन्य उपलब्ध संसाधनों से आकर्षक मूर्तियां तैयार करने में माहिर हैं। वे धुन के पक्के हैं,कभी थकते नहीं हैं। मौसम के असर से बेखबर यह अनोखा कलाकार अपने शिल्पों में इतना डूबा रहता कि दिन और रात के भेद को भूल जाते हैं। अटल बिहारी वाजपेयी उनके अनन्य प्रशंसकों में थे। उन्होंने देश-विदेश में सैकड़ों आदमकद और धड़ प्रतिमाएं बनाई थीं, पर सुतार जी मानते हैं कि उनकी सर्वश्रेष्ठ कृतियों में से एक संसद में लगी गांधीजी की प्रतिमा भी है। संसद भवन में स्थापित बापू की मूरत के पास खड़े होकर सच में आप भी अपने को बहुत बेहतर पाते हैं। एक तरह का सुकून मिलता है। कभी-कभी तो लगता है कि बापू आपसे कोई सवाल करेंगे। जाहिर है,संसद भवन से इस नई जगह पर लेकर जाने से बहुत सारे लोग निराश हैं।

बापू की पहली मूरतः इस बीच महात्मा गांधी की शहादत के बाद सरकार ने मुंबई के 28 साल के मूर्तिशिल्पी सदाशिवराव साठे को राष्ट्रपिता की एक आदमकद प्रतिमा को बनाने का जिम्मा सौंपा। इस मूरत को राजधानी के चांदनी चौक स्थित टाउन हॉल के बाहर स्थपित किया जाना था। साठे ने तब तक कोई बहुत उल्लेखनीय काम नहीं किया था। हां,वे संभावनाओं से लबरेज युवा मूर्तिकार के रूप में अपनी पहचान बनाने में लगे थे। उन्होंने इतने खास दायित्व को चुनौती के रूप में लिया और गांधीजी की अप्रतिम मूरत की रचना करके अपनी रचनाधर्मिता को साबित कर दिया। यह प्रतिमा 1952 में स्थापित हुई थी। गांधीजी की देश या कहें राजधानी में लगी संभवतः यह पहली आदमकद प्रतिमा है।

बाबा साहेब की मूरत कब सेः बाबा साहेब की संसद भवन परिसर में प्रतिमा 2 अप्रैल 1967 को स्थापित हुई थी। भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने उसका अनावरण किया था। इस प्रतिमा को तैयार किया था महान मूर्तिशिल्पी बी.वी. वाघ ने। इस बीच बाबा साहेब का संसद भवन के सेंट्रल हॉल में लगा चित्र सुश्री जेबा अमरोही ने बनाया था। इसका अनावरण देश के प्रधानमंत्री के रूप में विश्वनाथ प्रताप सिंह ने 12 अप्रैल 1990 को किया था। इसे भी इसे नई जगह पर स्थापित किया जा रहा है। ये सही नहीं है। छत्रपति महाराज 2003 सेः छत्रपति शिवाजी महाराज की मूरत को भी राम सुतार न ही बनाया था। छत्रपति शिवाजी महाराज की यह मूरत 28 अप्रैल 2003 को संसद भवन में स्थापित हुई थी। यह 18 फीट ऊंची तांबे की मूर्ति है। इसका जिस दिन अनावरण हुआ उस दिन लगभग सारे महाराष्ट्र के सांसद मौजूद थे।

इस बीच राजधानी में कनॉट प्लेस से जो सड़क मिन्टो रोड की तरफ जाती है,वहां पर ही छत्रपति शिवाजी महाराज की सन् 1972 में आदमकद प्रतिमा की स्थापना करके दिल्ली ने भारत के वीर सपूत के प्रति अपने गहरे सम्मान के भाव को प्रदर्शित किया था। इस मूर्ति को भी सदाशिवराव साठे जी ने तैयार किया था। बहरहाल जिन ज्ञानियों ने गांधी जी,बाबा साहेब और छत्रपति शिवाजी महाराज की मूरतों का संसद भवन में स्थान बदला है,उन्हें अपने फैसले को अंजाम देने से पहले सोचना चाहिए था।

## सोशल फोरम

# मित्रता


तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

सलीम और श्याम बचपन के दो गहरे मित्र थे। स्कूल और कॉलेज में भी साथ-साथ पढ़े। संयोग से दोनों साथ-साथ सेना में भी शामिल हुए। इसी बीच लड़ाई छिड़ गई और संयोग से दोनों एक ही यूनिट से जंग में भी शामिल हुए। एक रात दुश्मन ने उनकी यूनिट पर हमला कर दिया।

चारों तरफ गोलियां चल रही थी और बम के धमाके लगातार हो रहे थे। अचानक श्याम को एक कराहती सी आवाज़ सुनाई दी-श्याम मेरी मदद करो। श्याम अपने बचपन के मित्र सलीम की आवाज तत्काल पहचान गया। वो समझ गया कि मित्र संकट में है। उसने अपने कप्तान से उसे बचाने जाने की परमिशन मांगी। कप्तान ने कहा-देखो उसकी आवाज से नहीं लगता है कि वो बचेगा और वैसे भी मेरे पास जवान कम हैं। मैं उनकी जान जोखिम में नहीं डाल सकता। थोड़ी देर बाद फिर सलीम की दर्द से भरी पुकार सुनाई दी। श्याम चुप चाप बैठा रहा। क्योंकि उसके कप्तान ने उसे जाने से मना किया था। अंधकार में फिर वही दर्द से भरी कातर आवाज श्याम के कानों में पड़ी। अबकी बार उससे रहा नहीं गया। उसने अपने कप्तान से कहा - सलीम मेरा बचपन का दोस्त है। आज वो मुश्किल में है तो उसे जाना ही होगा। आखिर कप्तान ने बेमन से उसे जाने की आज्ञा दी।

श्याम कुंहनियों के बल रेंगते हुए बंकर से निकला और अंधकार में गुम हो गया। थोड़ी देर बाद वो किसी तरह घसीटते हुए अपने घायल मित्र को लेकर बंकर में दाखिल हुआ। उन्होंने पाया कि सलीम मर चुका है। अब कप्तान बहुत नाराज हो गया और बोला - मैंने पहले ही कहा था वो नहीं बचेगा। उसके लिए तुमने अपनी जान भी खतरे में डाली। ये तुम्हारा एक गलत निर्णय था।

श्याम- नहीं सर मेरा निर्णय गलत नहीं था, क्योंकि जब मैं सलीम के पास पहुंचा तो वो जिंदा था। मुझे देखकर उसने कहा- मुझे पूरा यकीन था मित्र कि तुम मुझे बचाने जरूर आओगे और यही शायद उसके आखरी शब्द थे।

**-फेसबुक वॉल से**

# यूरोप में दक्षिणपंथ की बढ़त के मायने


प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

यूरोपीय संघ के संसदीय चुनावों में यूरोप के तीन सबसे बड़े देशों जर्मनी, फ्रांस और इटली में दक्षिणपंथी पार्टियों की लहर देखने को मिली है। 27 देशों के ब्लॉक का यह चुनाव भारत के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा लोकतांत्रिक चुनाव माना जाता है। हर पांच साल में होने वाले चुनाव में मतदाता बैलेट पेपर से वोट करते हैं। 1979 में पहली बार चुनाव हुए थे। इस लिहाज से यह 10 वां संसदीय चुनाव और ब्रेक्सिट के बाद पहला संसदीय चुनाव था। यूरोपीय संसद,यूरोपीय लोगों और यूरोपीय संघ की संस्थाओं के बीच संपर्क स्थापित करने की सीधी कड़ी है। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो अगले पांच साल तक यूरोप के 27 देश के संघ में बनने वाली नीतियां दक्षिणपंथ से प्रभावित रहेंगी। लगभग 25 साल पहले ऑस्ट्रिया में जब दक्षिणपंथी दल जीतकर आया,तो पूरा यूरोप नाराज हो उठा था,पर अब हालात दूसरे हैं।

20 वीं सदी में नाजियों और फासीवादी इटली के खिलाफ यूरोप के विनाशकारी युद्ध के समय से ही ये धारणा रही है कि धुर दक्षिणपंथ को कभी वोट नहीं देना चाहिए। मुख्य धारा की पार्टियां भी धुर दक्षिणपंथी पार्टियों से गठबंधन करने के पक्ष में नहीं रहती थीं,लेकिन अब इस पीढ़ी के लोगों की संख्या धीरे-धीरे कम हो रही है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या लाखों लाख यूरोपीय वोटर वाकई में धुर दक्षिणपंथ की ओर रुख कर हैं? या यह सिर्फ विरोध में पड़ने वाले वोट हैं? या ये शहरी उदारवादी वोटरों और बाकी रुढ़िवादी वोटरों के बीच हो रहा ध्रुवीकरण है? राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यूरोपियन संसद ने अपनी अप्रवासन नीति में बदलाव के लिए वोट किया है ताकि प्रवासियों और शरण मांगने वालों के लिए सदस्य देशों के बीच जिम्मेदारी को अधिक समान रूप से विभाजित किया जा सके। स्पष्ट रूप से ईयू के प्रमुख दलों ने अप्रवासी-विरोधी,लोकलुभावन दक्षिणपंथी पार्टियों के कदमों की आहट सुनी है। स्थापित पार्टियों के लिए अप्रवासन पर सख्त रुख अपनाकर मतदाताओं को फिर से अपने पाले में करने का विचार आकर्षक है,लेकिन आमतौर पर यह माना जाता है कि धुर दक्षिणपंथी पार्टियों की चुनावी सफलता शरण मांगने वाले नए लोगों के खिलाफ प्रतिक्रिया के कारण होती है। कई लोगों के लिए उत्प्रवास अंतिम उपाय विकल्प है,जो दुनियाभर में इसी प्रवृत्ति को दर्शाता है। जैसे-जैसे देश औद्योगिक अर्थव्यवस्थाओं में परिवर्तित हो रहे हैं,युवा पीढ़ी बेहतर शिक्षा और करियर के अवसरों की तलाश में ग्रामीण इलाकों और छोटे शहरों को छोड़कर बड़े महानगरीय क्षेत्रों की ओर पलायन कर रही है। यह दृश्य विशेषकर स्पेन में देखा जा सकता है,जहां पिछले 50 वर्षों में 28 प्रतिशत ग्रामीण अपने गांवों को छोड़कर चले गए हैं। यह हालात इटली में देखे गए। इटली ने हाल में घोषणा की है कि वह ऐसे लोगों को भुगतान करेगा,जो खाली हो रहे गांवों में लौटकर आएंगे।

अमेरिका के शहरों में भी कम बच्चों को जन्म देने और बाहरी प्रवासन के कारण जनसंख्या में काफी कमी देखी जा रही है। बहुत से लोग जनसंख्या पलायन के आर्थिक प्रभावों से अवगत हैं,लेकिन मतदाताओं पर इसके प्रभाव का बहुत कम अध्ययन किया गया है। हाल के वर्षों के दौरान स्वीडिश सरकारों ने वंचित और दूरदराज के स्थानों में किराने की दुकानों जैसी स्थानीय वाणिज्यिक सेवाएं शुरू करने के लिए एक राष्ट्रीय सहायता प्रणाली शुरू किया है। 2021 में स्पेन ने ग्रामीण क्षेत्रों में 5 जी टेलीफोन कनेक्टिविटी और तकनीकी सुविधा के लिए 11.9 बिलियन डॉलर वाली एक परियोजना की घोषणा की है। चूंकि अब यूरोप में दक्षिणपंथ की लहर है और इटली के हाथों में यूरोप की कमान होगी। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और जर्मनी के ओलाफ शॉल्त्स के कमजोर होने के बाद जॉर्जिया मेलोनी यूरोप की सबसे मजबूत राजनीतिज्ञ बनकर उभरी हैं। आस्ट्रिया और बेल्जियम,नीदरलैंड और हंगरी जैसे कई अन्य यूरोपीय देशों में भी दक्षिणपंथी पार्टियों ने बड़ी जीत हासिल की है। फ्रांस में मध्यावधि चुनावों की घोषणा कर दी गई है तो बेल्जियम के प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर डी क्रू ने इस्तीफा दे दिया है। इन चुनावों के बाद इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को यूरोप के किंगमेकर की तरह देखा जा रहा है। मेलोनी को भारत और विशेषकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मित्र माना जाता है। भारत के लिए कूटनीतिक तौर पर यह लाभदायक स्थिति है। साथ में एक बड़ा सवाल यह भी है कि जब हम पार्टियों को 'धुर दक्षिणपंथी' कहते हैं तो इससे हमारा क्या आशय होता है?

# नहीं जीता जा सकेगा संप्रदायवाद


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

संप्रदायवाद को जातिवाद से नहीं जीता जा सकेगा। इस बात को जितनी जल्दी समझ लिया जाए, उतना ही देश की जनता के लिए और लोकतंत्र के लिए अच्छा होगा। सच्चाई यह भी है कि यदि जाति और मजहब के औजार से जनता की एकता को न तोड़ा गया होता तो देश को यह दुर्भाग्य न देखना पड़ता,लेकिन बहुत से कथित सेक्युलर लोग आज भी जातिवादी सोच के गर्त से निकल ही नहीं पा रहे हैं। शायद उनका अपना हित जाति के खूंटे से बंधा हुआ है। जाति-पंथ तो स्वतंत्रता आंदोलन के जमाने में भी थे,किंतु उस जमाने के जननेताओं का व्यक्तित्व था।

व्यापक-दृष्टिकोण वाला नेतृत्व था कि वे सारे भेद-विभेद समरसता के भाव के आगे दब गए थे। राष्ट्र और राष्ट्रीय-एकता के आगे नतमस्तक हो गए थे। उनका ध्येय देश था,समष्टि। ऐसा न होता तो स्वतंत्रता संग्राम इतने समय तक चल ही नहीं सकता था। अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो की नीति उस नेतृत्व के सामने बार-बार हार जाती थी। आज की तो राजनीति ही यह है कि मजहब और जाति के भेद-विभेदों को जितना उभार सको,उभारो। लोगों के बीच वैमनस्य का भाव जगाओ,लेकिन जो लोग पुराने पैंतरे से आज की सत्ता से लड़ना चाहते हैं,वे सामने वाले को समझ नहीं पा रहे।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने अधिकारियों को 100 दिवसीय एजेंडे पर ध्यान केंद्रित करने का दिया निर्देश

# 70 पार वालों को जल्द मिलेगा आयुष्मान का लाभ

नयी दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के लिए नरेन्द्र मोदी की नई सरकार के 100 दिवसीय एजेंडे में आयुष्मान भारत का लाभ 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों को देना तथा नियमित टीकाकरण को डिजिटलकरण करने के लिए यू-विन पोर्टल को पूरे देश में लागू करना शामिल है।

सूत्रों ने बताया कि मंगलवार को मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संक्षिप्त बातचीत में जेपी नड्डा ने उनसे एजेंडे पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा के लोकसभा चुनाव के लिए अप्रैल में घोषणापत्र जारी करते हुए घोषणा की थी कि 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों और ट्रांसजेंडर समुदाय को केंद्र की स्वास्थ्य योजना आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लाया जाएगा। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि मंत्रालय के 14 सूत्रीय एजेंडे में स्वास्थ्य बीमा के त्वारित निपटान के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा दावा एक्सचेंज शुरू करना, दुर्गम क्षेत्रों में एम्स और अन्य राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों से चिकित्सा संबंधी आवश्यक वस्तुएं पहुंचाने के लिए ड्रोन सेवाओं का उपयोग और पूर्व सैनिकों को नकदरहित उपचार सेवाएं प्रदान करना शामिल है।



स्वास्थ्य मंत्री ने संभाला मंत्रालय का कार्यभार

सौ दिवसीय योजना में जिन अन्य प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान दिया जाएगा, उनमें व्यापार में आसानी - एफएसएसएआई के तहत चुनिंदा खाद्य व्यवसायों में लाइसेंस या पंजीकरण को तत्काल जारी करना, स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थितियों से निपटने के लिए केंद्रीय सरकारी अस्पतालों में 'आरोग्य मैत्री क्यूब्स' की तैनाती, एम्स की तर्ज पर बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के आयुर्विज्ञान संस्थान को वित्तीय सहायता प्रदान करना, और राष्ट्रीय चिकित्सा पंजी को क्रियाशील बनाना शामिल है। सूत्रों ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना का लाभ 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी लोगों को देना सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है।

प्रस्ताव की रूपरेखा पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अंतिम रूप दिए जाने के बाद, प्रस्ताव को धन आवंटन की मंजूरी के लिए व्यय वित्त समिति के पास भेजा जाएगा और फिर कैबिनेट को भेजा जाएगा। सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) के तहत नियमित टीकाकरण की इलेक्ट्रॉनिक रजिस्ट्री बनाए रखने के लिए 'को-विन' कोविड टीकाकरण एप्लिकेशन पर आधारित 'यू-विन' पोर्टल का संचालन एक राज्य और एक केंद्र शासित प्रदेश के दो जिलों में प्रायोगिक आधार पर किया जा रहा है। यह मंच यूआईपी के तहत बच्चों और गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण को रिकॉर्ड करेगा। यह को-विन से जुड़ा हुआ है। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग राष्ट्रीय चिकित्सा पंजी बनाने की प्रक्रिया में है, जो भारत में प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों का एक केंद्रीकृत संग्रह होगा।

# इमाम की गोली मारकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र के भैंसिया गांव में मंगलवार तड़के बड़ी मस्जिद के इमाम मौलाना अकरम (40) पुत्र आले नवी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उनका शव घर के पास खंडहर में मिला है। वह रामपुर जिले के थाना स्वार क्षेत्र के भूकरा मसवासी के रहने वाले थे। सुबह गोबर डालने गई महिला ने उनके शव को देखा तो शोर मचाया। इस पर गांव वाले एकत्र हो गए और पुलिस को खबर दी। थानाध्यक्ष, सीओ और एसपी सिटी मौके पर पहुंचे और परिजनों से पूछताछ की। परिजन किसी प्रकार की रंजिश से इनकार कर रहे हैं।

ग्रामीणों के मुताबिक, मौलाना घर की छत पर सो रहे थे। उन्हें



अज्ञात ने घर के बाहर बुलाकर दिया घटना को अंजाम

किसी ने घर से बाहर बुलाकर गोली मारी है। इस मामले में आजाद नगर निवासी डॉ. जैदुल ने कटघर थाने में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी है। उधर, एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि मौलाना का शव खंडहर में मिला है। सुबह नमाज कराने भी नहीं गए थे। आशंका जताई कि रात में मौलाना किसी के बुलाने पर घर से बाहर आए होंगे, इसी दौरान उन्हें गोली मारी गई। सीओ कटघर रुद्र कुमार सिंह ने बताया कि घटना में शामिल लोगों की पहचान और उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीमें लगाई हैं।

### इमाम की हत्या मामले में विक्षिप्त बेटा गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर : जिले से सटे शामली जिले के झिंझाना क्षेत्र में एक मस्जिद के इमाम की उसके विक्षिप्त बेटे ने कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक अभिषेक ने बताया कि झिंझाना थाना क्षेत्र के मन्नामजर गांव में मंगलवार को 58 वर्षीय इमाम फजल उर्हमान का सिर कटा शव जंगल में बरामद किया गया। इस मामले में उसके बेटे जुनैद (20 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया है। जुनैद को विक्षिप्त बताया जाता है। बाद में पुलिस ने इमाम का कटा हुआ सिर और वारदात में इस्तेमाल फावड़ा बरामद कर लिया। इस मामले में मृतक के भाई की शिकायत के आधार पर जुनैद के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि फजल उर्हमान अपने बेटे जुनैद की तलाश में जंगल में गया था। जहां, जुनैद ने उस पर फावड़े से हमला कर दिया।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ : जमीन विवाद में दो सगे भाइयों की हत्या

**जगदलपुर :** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में जमीन विवाद को लेकर दो सगे भाइयों की हत्या हो गयी है। घटना जगदलपुर से लगे गांव इरिकपाल की है. जानकारी के अनुसार, जमीन विवाद को लेकर दो परिवारों में विवाद चल रहा था, जिसे गांव में रहने वाले लोगों से लेकर परिवार के लोग मामले को सुलझाने में लगे हुए थे। जमीन विवाद को लेकर दो गुटों में मारपीट हुई थी। विवाद इतना बढ़ गया कि इसी मामले को लेकर मंगलवार को परिवार के लोगों ने टंगिया और फरसा से खेत में दौड़ा-दौड़ा कर दो सगे भाइयों चंद्रशेखर और योगेश कश्यप को मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घटना को अंजाम देने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक आरोपी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

### उमा भारती की लोकेशन जानने को आए संदिग्ध फोन

**भोपाल :** वरिष्ठ भाजपा नेता उमा भारती की सुरक्षा में तैनात एक अधिकारी को पाकिस्तान और दुबई से फोन आए, जिसमें फोन करने वालों ने उनकी लोकेशन पूछी। भारती के कार्यालय ने मंगलवार शाम को एक बयान में यह जानकारी दी। फोन करने वालों ने बार-बार भारती की लोकेशन के बारे में पूछा। भाजपा नेता को जेड प्लस सुरक्षा प्राप्त है। बयान में कहा गया है कि फोन करने वालों ने खुद को अपराध शाखा से बताया और दावा किया कि वे पूछताछ के लिए उनकी लोकेशन जानना चाहते हैं। राज्य के एक वरिष्ठ खुफिया अधिकारी ने कहा कि अपराध शाखा में मामला दर्ज किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि दोनों व्हाट्सएप नंबरों की 'ट्रूकॉलर आईडी' की जांच करने पर पता चला कि एक नंबर पाकिस्तान के एम. हुसैन का और दूसरा दुबई के अब्बास का है। एडीजी (खुफिया) जयदीप प्रसाद ने बताया कि फोन करने वालों के स्थान का पता लगाने के लिए साइबर सेल द्वारा जांच की जाएगी।

# जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अब भी जीवित है : अब्दुल्ला

श्रीनगर, एजेंसी

नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा परिदृश्य अच्छा है, लेकिन यहां आतंकवाद अभी भी है। अब्दुल्ला ने कहा कि पाकिस्तान के साथ सीमा समस्या यथावत बनी हुई है।



उन्होंने बारामूला जिले में पत्रकारों से कहा कि जम्मू और कश्मीर की सीमाएं छिद्रपूर्ण हैं और हर जगह उन पर नियंत्रण नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि सुरक्षा परिदृश्य ठीक है, लेकिन यहां आतंकवाद अब भी जीवित है। रियासी हमले पर एक सवाल का जवाब देते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि मुझे दुख है कि शिव खोड़ी की तीर्थयात्रा के लिए आए निर्दोष लोगों पर हमला किया गया। उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर के रियासी इलाके में 10 जून को शिव खोड़ी से तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस पर आतंकवादियों की ओर से किए गए हमले में कम से कम नौ लोग मारे गए और 30 से अधिक अन्य घायल हो गए थे।

# एसी फटा, कार शोरूम में भीषण आग

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

- मुजफ्फरनगर में मारुति कार के शोरूम में हुआ हादसा
- 100 कर्मचारी अंदर थे, 3 जिलों से दमकल गाड़ियां पहुंचीं

> साढ़े पांच घंटे बाद आग पर करीब 90 प्रतिशत काबू पा लिया गया है। नुकसान का आकलन किया जा रहा है, और कारणों की जांच की जा रही है। अन्य जनपदों से फायर टेंडर मंगाई गई। 6 थानों की फोर्स मौके पर है।
>
> – अरविंद मल्लप्पा बंगारी, जिलाधिकारी

मुजफ्फरनगर बाईपास के पास एक कार शोरूम में एसी के फटने से भीषण आग लग गई। आग पर काबू पाने के लिए तीन जिलों से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां लगी हुई हैं। डीएम, एसपी मौके पर हैं। साढ़े पांच घंटे बाद भी आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका है। शोरूम मुजफ्फरनगर के व्यवसायी संचित गोयल का बताया जा रहा है। हादसे के समय शोरूम के सर्विस सेंटर पर 200 गाड़ियां सर्विस के लिए आई हुई थीं। लगभग 100 से ज्यादा कर्मचारी मौजूद थे।

मुजफ्फरनगर के नई मंडी क्षेत्र में राधा गोविंद ऑटोमोबाइल्स नाम से मारुति का शोरूम है। बताया जा रहा है कि मंगलवार सुबह 10:30 बजे शोरूम में लगे एसी में शॉर्ट सर्किट से ब्लास्ट हो गया जिससे भीषण आग लग गई। एक के बाद एक कई ब्लास्ट हुए जिससे भगदड़ मच गई। काम कर रहे कर्मचारी भागकर बाहर आ गए।

आग लगने के आधे घंटे बाद 11 बजे सीएफओ अनुराग कुमार दमकल की 4 गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे। आसपास की पेपर मिल से भी फायर टेंडर को बुलाया। 4 गाड़ियां मेरठ और सहारनपुर से मंगाई गई। वहीं दो गाड़ियां मुजफ्फरनगर से आई। कुल 6 गाड़ियां आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही हैं। मौके पर 20 से ज्यादा फायर कर्मी मौजूद हैं। आग से पूरा शोरूम जलकर खाक हो गया। घटना की सूचना मिलते ही सीओ सिटी और नई मंडी थाना प्रभारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

# मणिपुर पर प्रधानमंत्री को भी ज्ञान दें संघ प्रमुख : दिग्विजय

भागवत के बयान पर कांग्रेस नेता ने किया कटाक्ष

इंदौर, एजेंसी

कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने मणिपुर के हालात पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत के बयान को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर मंगलवार को निशाना साधते हुए कहा कि भागवत को इस बारे में मोदी को भी समझाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भागवत द्वारा मणिपुर के बारे में मोदी को भी ज्ञान दिया जाना चाहिए क्योंकि राज्य में जातीय हिंसा की शुरुआत के बाद से अब तक प्रधानमंत्री ने वहां का दौरा नहीं किया है।

भागवत ने सोमवार को एक कार्यक्रम में कहा कि मणिपुर पिछले एक साल से शांति की राह देख रहा है और इस संघर्षग्रस्त राज्य की स्थिति पर प्राथमिकता से विचार किया जाना चाहिए। संघ प्रमुख के इस बयान पर प्रतिक्रिया जताते हुए दिग्विजय सिंह ने इंदौर में संवाददाताओं से कहा कि मैं भागवत से अनुरोध करूंगा कि वह यह ज्ञान प्रधानमंत्री मोदी को भी दें। वह (मोदी) अब तक वहां (मणिपुर) गए नहीं हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने समर्थकों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया प्रोफाइल पर उनके नाम के आगे से मोदी का परिवार शब्द हटा लें। इस बारे में पूछे जाने पर सिंह ने कहा कि मोदी का परिवार तो बन चुका है। जितने भी भ्रष्ट लोग हैं, वे सब मोदी के परिवार के अंग बन चुके हैं।

### बहुत देर से आया भागवत का बयान : अशोक गहलोत

जयपुर : राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने कहा है कि मणिपुर हिंसा की केन्द्र सरकार द्वारा उपेक्षा को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत का बयान बहुत देर से आया है। श्री गहलोत ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि पिछले एक साल में केन्द्र सरकार ने मणिपुर में हो रहे आंतरिक संघर्ष और हिंसा को गंभीरता से नहीं लिया है। मणिपुर छोटा राज्य है, परन्तु भारत का अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गांधी ने मणिपुर का कई बार दौरा किया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कभी मणिपुर जाने का प्रयास ही नहीं किया। श्री मोहन भागवत को अब केन्द्र सरकार पर दबाव बनाकर उन्हें मणिपुर पर ध्यान देने के लिए मजबूर करना चाहिए जिससे वहां हिंसा रुक सके।

### भागवत हमारे लिए पितातुल्य : पाटिल

पुणे : महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री और भाजपा नेता चंद्रकांत पाटिल ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत पितातुल्य हैं और अगर कुछ अवांछनीय हो रहा है, तो उन्हें बोलने का अधिकार है। हाल में संपन्न लोकसभा चुनावों के प्रचार के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा मर्यादा नहीं बनाए रखने पर भागवत की ओर से नाराजगी व्यक्त करने के बारे में पूछे जाने पर पाटिल ने कहा कि मोहनजी हमारे लिए पितातुल्य हैं और अगर घर में कुछ हुआ है, तो उन्हें बोलने का अधिकार है। आरएसएस प्रशिक्षुओं की एक सभा को संबोधित करते हुए सोमवार को नागपुर में भागवत ने कहा था कि राजनीतिक दल और नेता एक-दूसरे के बारे में बुरा-भला कहते समय इस बात पर ध्यान नहीं दे रहे हैं कि इससे समुदायों के बीच दरार पैदा हो सकती है।

# सूरत में हुई तेजस की आपात लैंडिंग

**सूरत :** भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के एक तेजस लड़ाकू विमान को ईंधन कम होने के कारण मंगलवार सुबह दक्षिण गुजरात के सूरत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतरना पड़ा।

हवाई अड्डा निदेशक एस.सी. भालसे ने बताया कि स्वदेशी विमान के पायलट ने हवाई यातायात नियंत्रक (एटीसी) से संपर्क किया और कम ईंधन के कारण आपातकालीन लैंडिंग का अनुरोध किया। भालसे ने कहा, "तेजस लड़ाकू विमान के पायलट ने विमान में ईंधन की कमी के कारण सुबह हमसे संपर्क किया। चूंकि सूरत हवाई अड्डा सबसे नजदीक था, इसलिए पायलट ने हमसे आपातकालीन लैंडिंग के लिए संपर्क किया।

# उत्तर भारत के कई हिस्सों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी

नयी दिल्ली, एजेंसी

उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में मंगलवार को भीषण गर्मी का दौर जारी रहा और तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। दिल्ली के नरेला और उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अधिकतम तापमान 47.1 डिग्री सेल्सियस रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, दिल्ली में भीषण गर्मी का दौर जारी है और मंगलवार को शहर का अधिकतम तापमान 43.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

आईएमडी के मुताबिक नरेला मौसम विज्ञान केंद्र ने शहर में सबसे अधिक तापमान 47.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। शहर का आधिकारिक संकेतक माने



उत्तर प्रदेश का प्रयागराज रहा सबसे अधिक गर्म

जाने वाली सफदरजंग वेधशाला ने अधिकतम तापमान 43.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, जो इस मौसम के सामान्य औसत तापमान से चार डिग्री अधिक है। आईएमडी के बुलेटिन के मुताबिक दिल्ली के अन्य मौसम केंद्रों जैसे नजफगढ़ में अधिकतम तापमान 46.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि आया नगर में 44.8 डिग्री सेल्सियस, रिज में 45 डिग्री सेल्सियस और पालम में 44.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार के लिए मौसम विभाग ने 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया था। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में राज्य में सबसे अधिक 47.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। वाराणसी में अधिकतम तापमान 45.3 डिग्री, बागपत और फुरसतगंज में 45.2 डिग्री सेल्सियस, फतेहपुर में 45 डिग्री और राज्य की राजधानी लखनऊ में अधिकतम तापमान 44.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस बीच, आगरा में हल्की बारिश हुई। राजस्थान के कई स्थानों पर अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ गर्मी का प्रकोप जारी रहा। मंगलवार को चुरू 45.6 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। जयपुर मौसम केन्द्र के एक अधिकारी ने बताया कि चूरू में मंगलवार को अधिकतम तापमान 45.6 डिग्री सेल्सियस, श्रीगंगानगर में 45.1 डिग्री, फतेहपुर और बीकानेर में 44.8 डिग्री, पिलानी में 44.7 डिग्री, जयपुर, अलवर एवं जैसलमेर में 43.5 डिग्री तापमान तथ जोधपुर और जालौर में 42.8 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि जम्मू में अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम में सामान्य से चार डिग्री अधिक है। वहीं, हिमाचल प्रदेश में मौसम शुष्क रहा और हमीरपुर जिले का नेरी 44.8 डिग्री सेल्सियस के साथ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

## उत्तराखंड

# जल्द हो एसटीपी प्लांट व पुराने पुलों का सेफ्टी ऑडिट

## मुख्यमंत्री धामी ने मानसून के दृष्टिगत तैयारियां करने के निर्देश दिए

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मानसून के दृष्टिगत 15 जून तक आपदा प्रबंधन के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती की जाए। एसटीपी प्लांट व पुराने पुलों का सेफ्टी ऑडिट सुनिश्चित किया जाए। मानसून सीजन में मरीजों और गर्भवती महिलाओं के लिए हेली एंबुलेंस की व्यवस्था रखी जाए।

मुख्यमंत्री धामी ने सचिवालय में अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें आगामी मानसून की तैयारियां करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि से पिछले सालों में क्या चुनौतियां सामने आई और किन-किन क्षेत्रों में अधिक आपदाएं आई एवं इस तरह की चुनौतियों का सामना करने के लिए शासन और जनपद स्तर पर क्या तैयारियां की गई हैं, इसका पूरा एक्शन प्लान प्रस्तुत किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि मौसम के पूर्वानुमान की सटीक जानकारी लोगों तक समय पर पहुंचे।



- त्वरित राहत एवं बचाव को हेलीकॉप्टर की व्यवस्था हो

मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपदों में ऐसे क्षेत्र जहां भू-स्खलन की समस्याएं रहती हैं, उन्हें चिन्हित कर जो भी आवश्यक व्यवस्थाएं करवाने की आवश्यकता है, समय पर की जाएं। जिन क्षेत्रों में बरसाती नदी और नाले उफान पर आते हैं, उनके लिए भी वैकल्पिक व्यवस्थाओं के लिए अभी से प्लान बना कर रखे जाएं। अतिवृष्टि के कारण फसलों को होने वाले नुकसान का तुरंत आकलन कर मानकों के अनुसार यथाशीघ्र क्षतिपूर्ति की जाए। आपदा की स्थिति में रिस्पांस टाइम कम से कम रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा के दृष्टिगत त्वरित राहत एवं बचाव कार्य के लिए हेलीकॉप्टर की व्यवस्था रखी जाए। आपदा प्रबंधन की दृष्टि से सीएम ने अल्मोड़ा जनपद के सरियापनी में एसडीआरएफ बटालियन खोलने के निर्देश दिए। पिछले वर्ष के जो कार्य अभी तक पूर्ण नहीं किए गए हैं, उन्हें 15 जून तक पूर्ण किया जाए।

# जंगल में लगी आग की चपेट में आया स्कूल, खाक

**नैनीताल :** तापमान बढ़ते ही उत्तराखंड में वनाग्नि की घटनायें भी पुनः बढ़ने लगी हैं। मंगलवार को नैनीताल जिले में एक स्कूल वनाग्नि की भेंट चढ़ गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बेतालघाट के बजेड़ी गांव में आज जंगल में आग लग गयी। वनाग्नि बढ़ते-बढ़ते राजकीय जूनियर हाईस्कूल तक पहुंच गयी। वनाग्नि ने स्कूल भवन को अपनी चपेट में ले लिया। तीन कमरे जल कर खाक हो गये। विद्यालय में रखे दस्तावेज और फर्नीचर भी जल गये। ग्रामीणों के साथ ही जंगलात और पुलिस कर्मियों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया।



चमोली स्थित गुरुद्वारा श्रीहेमकुंट साहिब में मत्था टेककर लौटते श्रद्धालुओं को बर्फ काटकर बनाए गए रास्ते से निकालने में मदद करते उत्तराखंड एसडीआरएफ के जवान। : एजेंसी

# पिथौरागढ़ में कार खाई में गिरी, दो की मौत

ब्यूरो, पिथौरागढ़

**अमृत विचार :** सीमांत जिले पिथौरागढ़ के दूरस्थ इलाके धारचूला क्षेत्र में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। धारचूला से तवाघाट जा रही कार बेकाबू होकर गहरी खाई में गिर गई। जिससे कार में सवार 12 साल के बच्चे समेत दो लोगों की मौत हो गई।

घटना मंगलवार पूर्वाह्न करीब 11 बजे के आसपास है। पुलिस के मुताबिक कार सवार लोग धारचूला से तवाघाट जा रहे थे। तभी रोगती पुल से आगे जीरो प्वाइंट के पास अचानक अनियंत्रित हुई कार सीधे गहरी खाई में जा गिरी। घटना की जानकारी मिलते ही धारचूला पुलिस और सीमा सुरक्षा बल के जवान



पिथौरागढ़ के धारचूला-तवाघाट मार्ग पर खाई में गिरी कार। ● अमृत विचार

धारचूला से तवाघाट जा रहे थे कार सवार

मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल कार सवार लोगों को खाई से बाहर निकला और पास के हॉस्पिटल लेकर गए। डॉक्टरों ने सुमित कुवर (32) निवासी खेला और 12 वर्षीय आदित्य को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल 8 साल के स्पर्श को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों को सूचना देने के बाद पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया है। दुघर्टना के कारण का पता नहीं चल सका है।

# चारधाम यात्रा में पांच तीर्थयात्रियों की मौत

**ब्यूरो, देहरादून।** चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों की मौत का सिलसिला जारी है। मंगलवार को केदारनाथ, बदरीनाथ व यमुनोत्री धाम में पांच श्रद्धालुओं की मौत हो गई। चारधाम यात्रा में अब तक 110 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है।

केदारनाथ और बदरीनाथ में मंगलवार को चार तीर्थयात्रियों की मौत हो गई। इसमें दो मौत केदारनाथ में व दो मौत बदरीनाथ में हुई हैं। चारधाम यात्रा के दौरान अब तक केदारनाथ में सबसे ज्यादा 54 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। वहीं बदरीनाथ में 25 और गंगोत्री में आठ तीर्थयात्रियों की मौत हो चुकी है। इधर, यमुनोत्री में धाम की यात्रा



पर गुजरात से आई एक महिला श्रद्धालु की मौत हो गई। यमुनोत्री धाम में अब तक 24 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। चारधाम यात्रा 10 मई से शुरू हुई है। इस बार चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में बेहद उत्साह है। शुरुआत में तो श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते सारी व्यवस्था चरमरा गई थी। सरकार की तरफ से यात्रियों की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं, लेकिन ज्यादातर मौतें हृदयगति रुकने से हुई हैं।

# पर्यटकों की कार बनी आग का गोला, पुलिस ने बचाई 6 की जान

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** नेहरू कॉलोनी में चलती कार आग का गोला बन गई। मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने सक्रियता दिखाते हुए कार में फंसे 6 लोगों को बाहर निकाला, जिससे बड़ी घटना होने से बच गई। कार सवार बिजनौर से देहरादून घूमने के लिए आए थे।

नेहरू कॉलोनी थाना क्षेत्र में बिजनौर के पर्यटक कार से सहस्त्रधारा घूमने जा रहे थे। तभी विधानसभा तिराहे के पास एक कार में एकाएक आग लग गई। देखते ही देखते कार धू-धू कर जलने लगी,



पुलिसकर्मियों की सतर्कता के चलते टला बड़ा हादसा

जिससे उसमें सवार फंस गए। कार में आग लगते ही आसपास ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी घटनास्थल पर पहुंचकर आग बुझाने की जुगत में लग गए। पुलिस कर्मियों ने जैसे-तैसे कार में सवार लोगों को बाहर निकाला। कार में छह लोग सवार थे। इस बीच वहां पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। मुख्य मार्ग पर कार में आग लगने से यातायात भी बाधित रहा। लेकिन पुलिस कर्मियों की सक्रियता से जनहानि से बचाव हो गया।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 960 फ्लैग 1070 डीएमओ 845 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 945 फ्लैग 1060 बोल्ड 1105 डीएमओ 850।

## लखनऊ मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)-**
गेहूं (आरआर 21) 2360-2800
गेहूं (के 65) 3500-3800
बाजरा 2200-2300
मक्का 2700-2800
जौ 2900-3000
**चावल (प्रति क्वि.)**
चावल सेल्हा 2800-3100
चावल बासमती 7000-8000
चावल मोटा 2800-3000
चावल मन्सूरी 3200-3500
चावल शक्कर चीनी 4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600
चावल राजरानी 7000-7500
**दाल दलहन**
चना देशी 6800-7000
चना फार्मी 7200-7500
चना काबली 14500-17000
मटर हरा 6000-6200
मटर सफेद 6100-6500
दाल चना 8000-8400
दाल मटर 6400-6500
उड़द हरा 12000-12500
उड़द काला 9000-9500
दाल उड़द हरी 15500-16000
दाल उड़द काली 10500-11000
दाल उड़द धोवा 12000-12500
मूंग खड़ा 10000-10500
मूंग दाल 10500-11000
मूंग धोवा 12000-13000
मसूर 8800-9000
मलका 9000-9500
दाल अरहर फूल 16000-17000
दाल स्पेशल 13000-14000
राज्मा सफेद 13000-14000
राज्मा काला 11500-12500
मूंगफली का दाना 11000-12000
**तेल तिलहन**
अलसी 5310-5510
लाही 4800-5200
काली सरसों 4900-5300
पीली सरसों 5600-5800 रुपये।

# भारत अगले 3 साल तक सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा: विश्व बैंक

## वैश्विक रिपोर्ट के मुताबिक आर्थिक वृद्धि बढ़कर 8.2 प्रतिशत रहने का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

विश्व बैंक ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में कहा कि भारत अगले तीन वर्षों में 6.7 प्रतिशत की स्थिर वृद्धि दर्ज करते हुए सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

विश्व बैंक की नवीनतम वैश्विक आर्थिक संभावना रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में वित्त वर्ष 2023-24 में आर्थिक वृद्धि बढ़कर 8.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह विश्व बैंक के जनवरी में जताए गए पिछले अनुमान से 1.9 प्रतिशत अधिक है। इसके साथ ही विश्व बैंक ने वर्ष 2024 में वैश्विक आर्थिक




वृद्धि के 2.6 प्रतिशत पर स्थिर रहने का अनुमान जताया। उसने कहा कि अगले दो वर्षों में वैश्विक वृद्धि बढ़कर औसतन 2.7 प्रतिशत तक हो जाएगी। हालांकि, यह भी कोविड-19 से पहले के दशक के 3.1 प्रतिशत से काफी कम होगी। रिपोर्ट के मुताबिक-इस पूर्वानुमान का मतलब है कि 2024-26 के दौरान दुनिया की 80 प्रतिशत से अधिक आबादी और वैश्विक जीडीपी वाले देश कोविड-19 से पहले के दशक की तुलना में धीमी गति से बढ़ रहे होंगे। दक्षिण एशिया क्षेत्र में वृद्धि वर्ष 2023 में 6.6 प्रतिशत रही थी और इसके वर्ष 2024 में सुस्त पड़कर 6.2 प्रतिशत रह जाने का अनुमान है। इस सुस्ती के पीछे का मुख्य कारण हाल के वर्षों में उच्च आधार से भारत की वृद्धि दर में आई नरमी होगी। हालांकि, विश्व बैंक को भारत में स्थिर वृद्धि दर के साथ 2025-26 में दक्षिण एशिया क्षेत्र की वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है।

### वैश्विक मुद्रास्फीति 2024-25 में कम होने की उम्मीद

रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक मुद्रास्फीति 2024 में 3 .5 प्रतिशत और 2025 में 2 .9 प्रतिशत तक कम होने की उम्मीद है लेकिन यह रफ्तार छह महीने पहले के अनुमान की तुलना में धीमी है। इससे कई केंद्रीय बैंक नीतिगत ब्याज दरों को कम करने में सावधानी बरत सकते हैं। विश्व बैंक ने कहा कि भारत में मुद्रास्फीति सितंबर, 2023 से ही रिजर्व बैंक के दो-छह प्रतिशत के निर्धारित दायरे के भीतर बनी हुई है। हालांकि, दक्षिण एशिया क्षेत्र में भारत को छोड़कर क्षेत्रीय मुद्रास्फीति ऊंचे स्तर से नीचे होने के बावजूद अधिक बनी हुई है।

## सेबी 49 अधिकारियों की करेगा नियुक्ति मांगे गए आवेदन

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने इस साल विभिन्न विभागों में 49 अधिकारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की है। इससे सेबी को अपने नियामकीय कामकाज के तेजी से और अधिक प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन में मदद मिलेगी। यह निर्णय भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा मार्च में 97 वरिष्ठ स्तर के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करने के बाद लिया गया है। ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए लिंक मूल रूप से 13 अप्रैल को खुलने वाला था। हालांकि, आम चुनाव के कारण इसे स्थगित करने का निर्णय लिया गया। सेबी ने मंगलवार को एक नए नोटिस में सामान्य, विधि, सूचना प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग इले., अनुसंधान और आधिकारिक भाषा विभाग में ऑफिसर ग्रेड ए (सहायक प्रबंधक) के 49 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं।

# वैश्विक भर्तियों की संभावना में छठे स्थान पर पहुंचा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

- मैनपावरग्रुप कंपनी के तिमाही में वैश्विक सर्वेक्षण के आधार पर कही गई बात

भारत 2024 की जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए अपने रोजगार परिदृश्य के मामले में वैश्विक स्तर पर छठे स्थान पर है। देश में 30 प्रतिशत कंपनियां अगले तीन महीनों में अपने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की योजना बना रहीं हैं।

कार्यबल समाधान कंपनी मैनपावरग्रुप के एक वैश्विक सर्वेक्षण में यह बात कही गई। भारत के शुद्ध रोजगार परिदृश्य (एनईओ) की गणना छंटनी की योजना बनाने वाले नियोक्ताओं की संख्या को नियुक्ति की योजना बनाने वाले नियोक्ताओं से घटाकर की गई। इससे सामने आया कि 30 प्रतिशत कंपनियां अगले 3 महीनों में अपने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की योजना बना रही हैं। भारत अपने रोजगार परिदृश्य के लिए वैश्विक स्तर पर छठे स्थान पर



है, जो वैश्विक औसत से आठ अंक ऊपर है। यह सर्वेक्षण 42 देशों में किया गया है।

वैश्विक स्तर पर, कोस्टा रिका में जुलाई-सितंबर के लिए सबसे मजबूत 35 प्रतिशत नियुक्ति की उम्मीद है। इसके बाद स्विट्जरलैंड में 34 प्रतिशत, ग्वाटेमाला में 32 प्रतिशत, मेक्सिको में 32 प्रतिशत और दक्षिण अफ्रीका में 31 प्रतिशत कंपनियां अगले तीन महीनों में भर्तियां करने की योजना बना रही है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,250 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,150 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,500-54,700 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 71,500 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 70,500 |
| चांदी पक्की | 876 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 71,750 |
| चांदी आभूषण | 89,200। |

## सोने में 150 रुपये की तेजी चांदी 1,400 रुपये लुढ़की

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोना 150 रुपये की तेजी के साथ 71,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। सोमवार को सोना 71,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 1,400 रुपये लुढ़क कर 90,700 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले सत्र में यह 92,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा-दिल्ली के बाजारों में, हाजिर सोने की कीमतें 71,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं।




## घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री 4% बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री मई में सालाना आधार पर 4 प्रतिशत बढ़कर 3,47,492 इकाई हो गई। मई, 2023 में थोक बिक्री कुल 3,34,537 इकाई रही थी। उद्योग संगठन सियाम ने यह जानकारी दी।

# विशेष आर्थिक क्षेत्र से निर्यात 2023-24 में बढ़कर 163 .69 अरब डॉलर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

- वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों अनुसार 4 प्रतिशत हुई बढ़ोतरी

विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) से निर्यात 2023-24 में 4 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 163.69 अरब डॉलर हो गया, जबकि देश का कुल निर्यात पिछले वित्त वर्ष में तीन प्रतिशत से अधिक घटा था।

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इन क्षेत्रों से निर्यात 2022-23 में 157.24 अरब डॉलर और 2021-22 में 133 अरब डॉलर रहा था। विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) प्रमुख निर्यात केंद्र हैं, जिन्होंने पिछले वित्त वर्ष में देश के कुल निर्यात में



एक-तिहाई से अधिक का योगदान दिया। विशेष आर्थिक क्षेत्र ऐसे क्षेत्र हैं जिन्हें व्यापार तथा सीमा शुल्क के लिए विदेशी क्षेत्र माना जाता है। इन क्षेत्रों के बाहर घरेलू बाजार में शुल्क मुक्त बिक्री पर प्रतिबंध होता है। सरकार ने ऐसे 423 क्षेत्र (जोन) को मंजूरी दी है, जिनमें से 280 इस साल 31 मार्च तक चालू हो चुके हैं। 31 दिसंबर, 2023 तक इन क्षेत्र में 5,711 स्वीकृत इकाइयां थीं। आंकड़ों से पता चलता है कि 31 दिसंबर, 2023 तक इन क्षेत्रों में 6.92 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है। कुल 30.70 लाख लोगों को रोजगार मिला है। प्रमुख निर्यात गंतव्यों में संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर शामिल हैं। इन क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए सरकार कई उपायों पर विचार कर रही है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### आतंकवादियों को सहायता देने के आरोप में तीन लोग गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में दो विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद होने के सिलसिले में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि करीब छह किलोग्राम वजनी विस्फोटक उपकरण रविवार को बरामद किये गये थे और एक दिन बाद उन्हें नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा कि तीन जून को लश्कर-ए-तैयबा कमांडर रियाज डार और उसके सहयोगी रईस डार की हत्या के बाद आगे की जांच के दौरान पुलिस ने मारे गए आतंकवादियों के ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) नेटवर्क से विस्फोटक बरामद किए।

### 1.47 करोड़ रुपये चुराने वाला पकड़ा गया

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस ने अपने रिश्तेदार के घर से 1.47 करोड़ रुपए चुराने वाले युवक को चुराई गई नकदी के साथ पकड़ लिया है। सीकर जिले के खाटूश्यामजी के थानाधिकारी राजाराम ने बताया कि आरोपी विकास ने दो अन्य लोगों के साथ मिलकर अपने रिश्तेदार बंशी के घर से पैसे चुराने की साजिश रची थी। उन्होंने बताया कि बंशी ने अपनी जमीन बेचकर पैसा घर में रखा था तथा कल रात वह नागौर के कुचामन में अपने किसी रिश्तेदारे के यहां गया था। राजाराम ने बताया कि विकास अपने दो दोस्तों के साथ मोटरसाइकिल से खाटूश्यामजी इलाके में आया और मंगलवार तड़के घर से उसने पैसे चुरा लिए।

### कारोबारी की स्वास्थ्य स्थिति पर रिपोर्ट तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में न्यायिक हिरासत में बंद हैदराबाद के कारोबारी अरुण रामचंद्र पिल्लई की स्वास्थ्य स्थिति पर संबद्ध जेल अधीक्षक से एक रिपोर्ट मांगी है। उच्च न्यायालय की एक अवकाशकालीन पीठ ने जेल अधिकारियों को पिल्लई को मुहैया कराये जा रहे उपचार पर एक रिपोर्ट सौंपने को कहा है। पिल्लई ने स्वास्थ्य आधार पर अदालत से अंतरिम जमानत का आग्रह किया है। न्यायमूर्ति अमित शर्मा ने कहा-नवीनतम चिकित्सा रिपोर्ट संबंधित जेल अधीक्षक से मांगी जाए।

# मोदी सरकार के नए मंत्रियों में 99% करोड़पति

## एडीआर के मुताबिक औसत संपत्ति 107 करोड़, 6 ऐसे जिनके पास 100 करोड़ से अधिक की संपदा

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में चुनाव सुधार की दिशा में काम करने वाली संस्था एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली नई मंत्रिपरिषद के 71 सदस्यों में से 70 यानी 99 प्रतिशत करोड़पति हैं और उनकी औसत संपत्ति 107.94 करोड़ रुपये है।

एडीआर ने कहा कि मंत्रियों में से 6 ऐसे हैं जिनके पास 100 करोड़ रुपये से कहीं अधिक की संपत्ति है। मंत्रियों की ओर से अपनी संपत्ति की घोषणा के आधार पर एडीआर ने यह आकलन किया है। ग्रामीण विकास मंत्रालय संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री डॉ चंद्रशेखर पेम्मासानी 5705.47 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति के साथ इस सूची में सबसे ऊपर हैं। उनकी संपत्ति में 5598.65 करोड़ रुपये की चल और 106.82 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति शामिल है। संचार मंत्री और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने कुल 424.75 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है। उनकी संपत्ति के ब्योरे में चल संपत्ति में 62.57 करोड़ रुपये और अचल संपत्ति में 362.17 करोड़ रुपये शामिल हैं। भारी उद्योग मंत्री और जनता दल (सेक्युलर) के इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी के पास कुल 217.23 करोड़ रुपये की संपत्ति है। उनकी संपत्ति में 102.24 करोड़ रुपये की चल संपत्ति और 115.00 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति शामिल है। रेल मंत्री, सूचना एवं प्रसारण मंत्री और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कुल 144.12 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है, जिसमें 142.40 करोड़ रुपये चल संपत्ति और 1.72 करोड़ रुपये अचल संपत्ति शामिल है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के पास कुल 121.54 करोड़ रुपये की संपत्ति है। उनकी संपत्ति में चल संपत्ति में 39.31 करोड़ रुपये और अचल संपत्ति में 82.23 करोड़ रुपये शामिल हैं। महाराष्ट्र के उत्तर मुंबई से एक अन्य मंत्री और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 110.95 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है।

### 71 मंत्रियों में से 70 ने करोड़पति श्रेणी में संपत्ति घोषित की है



विश्लेषण किए गए 71 मंत्रियों में से 70 ने करोड़पति श्रेणी में संपत्ति घोषित की है। इन मंत्रियों के वित्तीय विवरण प्रदान करने वाली रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि उनके बीच औसत संपत्ति 107 .94 करोड़ रुपये है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने 71 मंत्रियों के साथ रविवार को शपथ ली थी। इस बार भाजपा को भाजपा को अपने दम पर बहुमत नहीं मिला है। इसलिए मोदी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का नेतृत्व कर रहे हैं।

## मुंबई हवाई अड्डे पर दो विदेशियों के पास से 33 किलोग्राम सोना बरामद

**मुंबई।** मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग ने अलग-अलग मामलों में दो विदेशी महिला नागरिकों के अंतःवस्त्रों और सामान में छिपाया 19.15 करोड़ रुपये मूल्य का कुल 32.79 किलोग्राम सोना जब्त किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि सोमवार को शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने के बाद अफ्रीकी देशों से आई दोनों महिला यात्रियों की संदेह के आधार पर तलाशी ली गई। जांच अधिकारी ने बताया कि दोनों मामलों में अंतःवस्त्रों और सामान में छिपाया गया सोना मिला है। उन महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की जांच की जा रही है।

# क्षीर भवानी के लिए आज रवाना होंगे 8,400 से अधिक श्रद्धालु

जम्मू, एजेंसी

कश्मीर में वार्षिक क्षीर भवानी मेले के लिए 8,400 से अधिक श्रद्धालु जम्मू से बुधवार को रवाना होंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

इन श्रद्धालुओं में अधिकतर कश्मीरी पंडित समुदाय से हैं। चार दिवसीय यह तीर्थयात्रा 12 जून को शुरू होगी, जब श्रद्धालु कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू शहर के बाहरी इलाके नगरोटा क्षेत्र से बसों में रवाना होंगे। इस वर्ष भारत और विदेश के विभिन्न हिस्सों से 80,000 से 90,000 कश्मीरी पंडितों के घाटी के पांच प्रसिद्ध मंदिरों में दर्शन करने के लिए आने की उम्मीद है। ज्येष्ठ मास की अष्टमी पर मनाया जाने वाला वार्षिक क्षीर भवानी मेला 14 जून को कश्मीर के तुलमुल्ला (गंदरबल), टिक्कर



(कुपवाड़ा), लक्तिपोरा ऐशमुकाम (अनंतनाग), माता त्रिपुरसुंदरी देवसर (कुलगाम) और माता क्षीर भवानी मंजगाम (कुलगाम) मंदिरों में आयोजित होगा। राहत आयुक्त डॉ. अरविंद करवानी ने कहा कि हमने इस तीर्थयात्रा के लिए 8,400 से अधिक श्रद्धालुओं को पंजीकृत किया है। अरविंद करवानी ने कहा कि पांच मंदिर परिसरों तक यात्रा के लिए लगभग 200 बसें उपलब्ध कराई गईं हैं, जहां देवी महारागन्या की पूजा करने के लिए क्षीर भवानी उत्सव मनाया जा रहा है।

# सबके सिर पर छत की मोदी की गारंटी खोखली निकली : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा पर लगाया आरोप-अब तीन करोड़ घरों का पीटा जा रहा ढिंढोरा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को आरोप लगाया कि 2022 तक सबसे सिर पर छत की मोदी की गारंटी खोखली साबित होने के बाद अब तीन करोड़ आवास का ढिंढोरा पीटा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सोमवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत तीन करोड़ घरों के निर्माण के लिए सरकारी सहायता को मंजूरी दी गई।

खरगे ने कटाक्ष करते हुए एक्स पर पोस्ट किया कि लोकसभा चुनाव में देश ने ऐसा जवाब दिया कि मोदी सरकार को दूसरों के घरों से कुर्सियां उधार लेकर अपना सत्ता का घर संभालना पड़ रहा है। 17 जुलाई 2020 को प्रधानमंत्री जी ने देश को मोदी की गारंटी दी थी कि 2022 तक हर भारतीय के सिर पर छत होगी। ये गारंटी तो खोखली निकली। उन्होंने कहा-अब तीन करोड़ प्रधानमंत्री आवास देने का ढिंढोरा ऐसे पीट रहे हैं, जैसे पिछली गारंटी पूरी कर ली हो। देश असलियत जानता है कि इस बार इन तीन करोड़ घरों के लिए कोई समय सीमा निर्धारित नहीं की है क्योंकि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों



में कांग्रेस-संप्रग के मुक़ाबले पूरे 1.2 करोड़ घर कम बनवाए। खरगे ने दावा किया कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के कार्यकाल में 2004-13 के बीच 4.5 करोड़ घर बनवाए गए, जबकि पिछले 10 वर्षों में केवल 3.3 करोड़ घरों का निर्माण हुआ। उन्होंने आरोप लगाया, ''मोदी जी की आवास योजना में 49 लाख शहरी आवास यानी 60 प्रतिशत घरों का अधिकतर पैसा जनता ने अपनी जेब से भरा।

उनके मुताबिक-एक सरकारी सामान्य शहरी घर औसतन 6.5 लाख रुपये का बनता है, उसमें केंद्र सरकार केवल 1.5 लाख रू देती है। इसमें 40 प्रतिशत योगदान राज्यों और नगरपालिका का भी होता है। बाक़ी के बोझ का ठीकरा जनता के सिर पर फूटता है। वो भी क़रीब 60 प्रतिशत का बोझ।

# कॉलेज ने कहा-शिक्षिका ढक सकती हैं सिर

कोलकाता, एजेंसी

- कोलकाता के निजी कॉलेज में सामने आया हिजाब विवाद

कोलकाता के एक निजी विधि कॉलेज की एक शिक्षिका को हिजाब पहनने के कारण कथित रूप से कक्षाएं लेने से रोके जाने के बाद इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया, लेकिन मंगलवार को कॉलेज ने कहा कि वह स्कार्फ से अपना सिर ढक सकती है।

हालांकि, शिक्षिका संजीदा कादर ने कहा कि उन्होंने कॉलेज प्रबंधन से एक सप्ताह का समय मांगा है ताकि वह यह निर्णय ले सकें कि उन्हें फिर से काम पर लौटना है या नहीं। एलजेडी लॉ कॉलेज में पिछले तीन साल से शिक्षण कार्य कर रहीं कादर ने पांच जून को इस्तीफा दे दिया था। उनका आरोप था कि कॉलेज प्रशासन ने उन्हें 31 मई के बाद कार्यस्थल पर हिजाब न पहनने का निर्देश दिया था। मामला सार्वजनिक होने और हंगामा मचने के बाद, कॉलेज के अधिकारियों ने 10 जून को इस पर पर जोर दिया कि यह गलतफहमी का नतीजा है और वह अपना इस्तीफा वापस लेने के बाद 11 जून को वापस आ जाएंगी। कादर ने कहा-सोमवार को मुझे कार्यालय से एक ईमेल मिला जिसमें मुझे बताया गया कि मैं कक्षाएं लेते समय अपने सिर को स्कार्फ या दुपट्टे से ढक सकती हूं।

# जेल में बंद मंत्री आलमगीर आलम ने राज्य मंत्रिमंडल से दिया इस्तीफा

**रांची।** झारखंड सरकार में मंत्री आलमगीर आलम ने राज्य मंत्रिमंडल से और कांग्रेस विधायक दल के नेता के पद से इस्तीफा दे दिया। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आलम धन शोधन संबंधी एक मामले के सिलसिले में जेल में हैं। पदाधिकारी ने कहा कि आलम ने रांची स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को लिखे एक पत्र में राज्य मंत्रिमंडल में मंत्री के तौर पर अपना इस्तीफा दिया। आलम ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे अन्य पत्र में कहा-मैं झारखंड में कांग्रेस विधायक दल के नेता पद से अपना इस्तीफा देता हूं। विधायक दल के नेता के रूप में कार्य करने का अवसर देने के लिए मैं पार्टी नेतृत्व का हमेशा आभारी रहूंगा।

## हरियाणा सरकार जानबूझकर दिल्ली में रोक रही पानी की आपूर्ति : आतिशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने मंगलवार को हरियाणा सरकार की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि वह जानबूझकर और गैरकानूनी तरीके से राष्ट्रीय राजधानी में पानी की आपूर्ति को रोक रही है। आतिशी ने एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि हरियाणा सरकार शहर के लिए कम पानी छोड़ रही है, जिसके कारण दिल्ली पानी की दैनिक आवश्यकता को पूरा करने में असमर्थ है। हरियाणा सरकार द्वारा उच्चतम न्यायालय में दाखिल हलफनामे का हवाला देते हुए मंत्री आतिशी ने कहा कि हरियाणा सरकार झूठ बोल रही है।

# जरांगे के अनशन का चौथा दिन, तरल पदार्थ लेने से इनकार

जालना (महाराष्ट्र), एजेंसी

- मराठा आरक्षण से संबंधित मांगों को लेकर अनशन पर बैठे हैं मनोज

मराठा आरक्षण से संबंधित मांगों को लेकर चार दिन से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने मंगलवार को डॉक्टरों की सलाह के बावजूद नसों के माध्यम से तरल पदार्थ (आईवी फ्लुइड) लेने से इनकार कर दिया।

मराठा समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के तहत आरक्षण देने की मांग कर रहे जरांगे ने मध्य महाराष्ट्र के जालना जिले में अंतरवाली सराटी गांव में नये सिरे से भूख हड़ताल शुरू की है। सरकारी ग्रामीण अस्पताल के एक दल ने सुबह उनकी जांच की।



उनका रक्तचाप और रक्त शर्करा स्तर कम था और उन्हें नसों के माध्यम से शरीर में तरल पदार्थ लेने की सलाह दी गई है। एक डॉक्टर ने मीडियाकर्मियों को यह जानकारी दी। हालांकि, जरांगे ने कहा कि वह इस तरह से कोई आहार नहीं लेंगे। उन्होंने संवाददाताओं से कहा-ऐसा लगता है कि सरकार को हमारी दुर्दशा की बिल्कुल चिंता नहीं है। मराठा समुदाय उन्हें सबक सिखाएगा। महाराष्ट्र के मंत्री और ओबीसी नेता छगन भुजबल के इस बयान के बारे में पूछे जाने पर कि सरकार द्वारा मराठाओं को दिया गया 10 प्रतिशत आरक्षण न्यायिक जांच में खरा उतरेगा, कार्यकर्ता ने कहा कि भुजबल को इस मुद्दे में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।

### राकांपा नेता सारंग ने मुस्लिम आरक्षण की मांग की



**मुंबई।** महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) (अजीत गुट) के वरिष्ठ नेता एवं पार्टी उपाध्यक्ष सलीम सारंग ने राज्य में मुलसमानों के लिए नौकरियों और शिक्षा के अलावा राजनीतिक आरक्षण की मांग की है। सारंग दशकों से मुसलमानों के लिए आरक्षण की मांग कर रहे है। सारंग की नई मांग में राजनीतिक आरक्षण भी शामिल है। उन्होंने मुसलमानों के लिए आरक्षण की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करने और सड़कों पर उतरने की भी धमकी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी बड़ी पार्टी ने कोई मुस्लिम उम्मीदवार नहीं उतारा। महाराष्ट्र से एक भी मुस्लिम सांसद नहीं है। नरेंद्र मोदी सरकार में एक भी मुस्लिम मंत्री नहीं है। सलीम सारंग का बयान महाराष्ट्र में अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले आया है।



## खेल डायरी

### एमएमए से जुड़ने वाले पहले पहलवान बनेंगे संग्राम



**मुंबई।** राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व चैंपियन संग्राम सिंह मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) से जुड़ने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान बनने के लिए तैयार हैं। संग्राम महिला पहलवान पूजा तोमर के बाद एमएमए फाइटर के रूप में प्रतिस्पर्धा करने वाले दूसरे भारतीय पहलवान बनेंगे। मंगलवार को यहां जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। संग्राम ने कहा कुश्ती ने मुझे बहुत कुछ दिया है जिसमें मेरे देश के लोगों का प्यार भी शामिल है और मुझे पूरा विश्वास है कि आगे भी मुझे उनका समर्थन मिलता रहेगा। उन्होंने कहा एमएमए खेल का भविष्य है और पिछले कुछ वर्षों में इसकी बढ़ती लोकप्रियता पूरी कहानी बयां करती है। भारत में इसको देखने वाले लोगों की संख्या बहुत अधिक है और मुझे उम्मीद है कि इस खेल के प्रशंसक मेरा समर्थन करेंगे।

### आचार संहिता के उल्लंघन पर वेड को लगी फटकार

**बारबाडोस।** ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड को आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए आधिकारिक फटकार लगाई गई। आईसीसी



कहा ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मैथ्यू वेड को शनिवार को बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2024 के ग्रुप बी मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए आधिकारिक फटकार लगाई गई है। यह घटना उस समय हुई जब ऑस्ट्रेलिया की पारी के 18वें ओवर में वेड ने आदिल राशिद की गेंद को वापस गेंदबाज की तरफ खेला। वेड को उम्मीद थी कि अंपायर इसे 'डेड बॉल' करार देंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ तो वेड ने अंपायरों से बहस की। विकेटकीपर बल्लेबाज वेड आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 के उल्लंघन को लेकर आईसीसी मैच रैफरियों के एलीट पैनल के एंडी पाइक्रॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित सजा स्वीकार कर ली गई इसलिए इस पर आधिकारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी।

### पीसीबी बोला, 19 फरवरी से कराई जाए चैंपियंस ट्रॉफी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अगले वर्ष देश में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी को 19 फरवरी से शुरू कराने का प्रस्ताव रखा है। प्रस्ताव के तहत बोर्ड ने टूर्नामेंट का आयोजन 19 फरवरी से नौ मार्च के बीच कराची, रावलपिंडी और लाहौर में कराने का विचार बनाया है। कराची में टूर्नामेंट का उद्घाटन और सेमीफाइनल सहित तीन मैच होंगे। वहीं लाहौर में फाइनल समेत कुल सात मैच तथा पिंडी क्रिकेट ग्राउंड में कुल पांच मैच होंगे जिसमें दूसरा सेमीफाइनल भी होगा। रिपोर्ट के अनुसार भारत का हर मैच लाहौर में कराने की तैयारी है। इसका मतलब है कि यदि भारत सेमीफाइनल में जाता है तो एक सेमीफाइनल में कराची या रावलपिंडी से निकालकर लाहौर लाना होगा। सुरक्षा के मद्देजनर भारतीय टीम को अधिक यात्रा से बचाते हुए मैचों एक ही शहर में कराए जाने की योजना है। लाहौर बाघा बॉर्डर के पास भी है तो भारतीय प्रशंसकों के लिए वहां पहुंचना आसान भी होगा। हालांकि अभी तक यह निश्चित नहीं है कि भारत टूर्नामेंट में हिस्सा लेगा।

### अर्शदीप पर की टिप्पणी के लिए अकमल ने मांगी माफी



**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज कामरान अकमल ने भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के खिलाफ की गई अपनी अनुचित टिप्पणी के लिए माफी मांगी है। कामरान ने हरभजन को टैग करते हुए एक्स पर लिखा मुझे हाल में की गई अपनी टिप्पणियों पर गहरा खेद है और मैं हरभजन सिंह और सिख समुदाय से ईमानदारी से माफी मांगता हूं। मैं दुनिया भर के सिखों का बहुत सम्मान करता हूं और मेरा कभी किसी को ठेस पहुंचाने का इरादा नहीं था। पाकिस्तान के इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा था कुछ भी हो सकता है। देखिए अंतिम ओवर अर्शदीप सिंह को ही करना है। वह अच्छी लय में नहीं दिख रहा है और 12 बज गए हैं। हरभजन ने यह वीडियो रिपोस्ट किया जिसमें अकमल के साथ बैठे अन्य लोगों को भी हंसते हुए दिखाया है। भारतीय ऑफ स्पिनर ने अकमल की कड़ी आलोचना की। हरभजन ने कहा आपको अपना गंदा मुंह खोलने से पहले सिखों का इतिहास जान लेना चाहिए। हम सिखों ने आपकी माताओं और बहनों को बचाया जब उन्हें आक्रमणकारियों ने अगवा कर लिया था। समय 12 बजे का था। शर्म आनी चाहिए आप लोगों को... कुछ तो आभार मानिए।

### जय शाह ने एनएफएल मुख्यालय का किया दौरा

**न्यूयॉर्क।** बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने न्यूयॉर्क में नेशनल फुटबॉल लीग (एनएफएल) के मुख्यालय का दौरा किया। बीसीसीआई ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय खेल सहयोग को बढ़ावा देना है। बीसीसीआई सचिव शाह मौजूदा टी-20 विश्व कप के लिए अमेरिका में हैं। बीसीसीआई ने ट्वीट में कहा जब दुनिया की दो सबसे बड़ी खेल लीग एक हो गईं। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने न्यूयॉर्क में एनएफएल मुख्यालय का दौरा किया और आयुक्त श्री रोजर गुडेल और उनकी टीम से मुलाकात की। इस बैठक में सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने, नवीन विचारों का आदान-प्रदान करने और प्रशंसक को जोड़ने पर ध्यान केंद्रित किया गया। बीसीसीआई आईपीएल का आयोजन करता है जो प्रति मैच मूल्य के मामले में अमेरिका के एनएफएल के बाद दुनिया की दूसरी सबसे अमीर खेल लीग बन गई है। वर्ष 2008 में पहले सत्र के बाद से आईपीएल और टी20 क्रिकेट में तेजी से वृद्धि हुई है। दौरे के दौरान शाह ने गुडेल और उनकी टीम के साथ महत्वपूर्ण चर्चा की। शाह ने गुडेल को बीसीसीआई के लोगो वाला 'कस्टमाइज्ड' (विशेष रूप से तैयार) हेलमेट और टीम इंडिया की जर्सी भेंट की। सहयोग के प्रतीक के रूप में शाह को बदले में एक एनएफएल गेंद मिली।

# पिच के मिजाज ने तेज की गेंदबाजों की धार

## गेंदबाजी से हो रहा मुकाबलों का फैसला, 21 मैचों में हावी रहे गेंदबाज

नई दिल्ली, एजेंसी



अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में हो रहे टी-20 विश्वकप में पिचों के मिजाज को देखते हुए इस बार अभी तक खेले गए लीग मैचों में बल्ले की जगह गेंद का जलवा दिख रहा है और गेंदबाज कर रहे मैचों का फैसला। अभी तक खेले गए 21 लीग मुकाबलों में गेंदबाज इस तरह हावी रहे कि कोई भी बल्लेबाज सैकड़े तक नहीं पहुंच सका है। फिर चाहे कमजोर टीम के साथ मुकाबला रहा हो या धुरंधर के साथ।

सबसे अधिक विकेट लेने के मामले में अफगानिस्तान के गेंदबाज फजलहक फारुकी दो मैचों में नौ विकेट लेकर सबसे आगे चल रहे है। वहीं दक्षिण अफ्रीका के एनरिक नॉर्खिया तीन मैचों में नौ रन प्रति ओवर की औसत के साथ आठ विकेट लेकर दूसरे स्थान पर है। वेस्टइंडीज के अकील हुसैन दो मैचों में सात की औसत से छह विकेट के साथ तीसरे, चौथे स्थान पर अफगानिस्तान के राशिद खान दो मैचों में आठ रन की औसत के साथ छह विकेट लिये है। ओमान के मेहरान खान तीन मैच आठ रन प्रति ओवर की औसत से छह विकेट पांचवें स्थान पर है।

भारत के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह दो मैच में 8.40 की औसत से छह विकेट चटका कर छठें स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका के ओट्टनील बार्टमैन तीन मैच 14.40 के साथ पांच विकेट के साथ सातवें स्थान पर है। श्रीलंका के नुवान तुषारा और नीदरलैंड के लोगन वैन वीक दो मैच में 8.40 की औसत से पांच-पांच विकेट के साथ संयुक्त रुप से आठवें और नौवें स्थान पर है। युगांडा के ब्रायन मसाबा तीन मैच 14.40 की औसत के साथ पांच विकेट लेकर दसवें स्थान पर है। टी-20 विश्वकप में कुल सात गेंदबाज को सबसे अधिक विकेट लेने की उपलब्धि हासिल है, जिसमें चार गेंदबाज एशिया से हैं। वर्ष 2007 और 2009 में पाकिस्तान के उमर गुल, साल 2021 और 2022 में श्रीलंका के वनिंदु हसरंगा दो ऐसे गेंदबाज हैं जिन्होंने इस प्रतियोगिता में दो बार सबसे अधिक विकेट हासिल करने की उपब्लब्धि हासिल थी। टी-20 विश्वकप 2024 की शुरुआत और जून से हुई है और इसका फाइनल 29 जून को केनसिंग्टन ओवल में खेला जाएगा।



### नासाउ जैसी पिचों से अमेरिका में क्रिकेट का प्रसार करना मुश्किल

**न्यूयॉर्क।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने नासाउ काउंटी क्रिकेट ग्राउंड की पिच और आउटफील्ड की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि अगर आईसीसी टी-20 क्रिकेट के लिए अमेरिका में बाजार तलाश रहा है तो इस तरह की परिस्थितियों में ऐसा करना बेहद मुश्किल होगा। इस मैदान की ड्रॉप इन पिचों पर बल्लेबाजी करना बेहद मुश्किल है। भारत ने टी-20 विश्व कप में इस पिच पर 119 जबकि दक्षिण अफ्रीका ने 113 रन का सफलतापूर्वक बचाव किया। क्लासेन ने कहा निश्चित तौर पर अगर आप दुनिया को दिखाना चाहते हैं और यहां बाजार तलाश रहे हैं तो मुझे नहीं लगता कि इस तरह की परिस्थितियों में ऐसा करना संभव होगा। क्रिकेट के लिहाज से यह कड़ी प्रतिस्पर्धा है। इससे शीर्ष टीमों और अन्य टीमों के बीच अंतर कम हो गया है। बल्लेबाज इस तरह की पिच पर खेलना पसंद नहीं करेंगे जबकि गेंदबाज ऐसी पिचों पर खेलना चाहेंगे। आईसीसी पहले ही स्वीकार कर चुका है कि उसने जिस तरह की पिचों की उम्मीद की थी यह वैसी नहीं हैं।

# सुपर आठ से एक कदम दूर भारत

न्यूयॉर्क, एजेंसी

**मैच : रात 8:00 बजे**



• अमेरिका के खिलाफ बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन करने उतरेगी भारतीय टीम

भारत के चोटी के बल्लेबाज अमेरिका के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले टी-20 विश्व कप के मैच में बेहतर प्रदर्शन करके आगे के कड़े मैचों के लिए लय हासिल करने की कोशिश करेंगे। अमेरिका की टीम भले ही अनुभवहीन है लेकिन उसने प्रभावशाली प्रदर्शन किया है और भारत उसे किसी भी तरह से कम आंकने की कोशिश नहीं करेगा। भारत के कितने भी अंक हों उसे अगले चरण के लिए ए1 के रूप में वर्गीकृत किया है और वह अमेरिका के खिलाफ जीत दर्ज करके सुपर 8 में अपनी जगह सुनिश्चित करना चाहेगा।

नासाउ काउंटी मैदान की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल नहीं रही है लेकिन भारतीय बल्लेबाज पाकिस्तान के खिलाफ अपने प्रदर्शन को दोहराने से बचना चाहेंगे जब टीम ने 30 रन के अंदर अपने अंतिम सात विकेट गंवा दिए थे। अमेरिका के खिलाफ ढीला रवैया भारत को भारी पड़ सकता है क्योंकि यह टीम पहले पाकिस्तान को भी हरा चुकी है। अमेरिका की टीम में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जिनका भारत की तरफ से खेलने का सपना पूरा नहीं हो पाया था। इनमें सौरभ नेत्रवलकर और हरमीत सिंह भी शामिल हैं जिन्होंने अपनी टीम की तरफ से अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। पिच के व्यवहार ने भले ही टीमों के बीच के अंतर को कम कर दिया है लेकिन अमेरिका के लिए भारतीय टीम से पार पाना आसान नहीं होगा। अमेरिका की टीम दूसरी भारतीय टीम की तरह नजर आती है क्योंकि उसमें भारतीय मूल के आठ खिलाड़ी हैं। इसके अलावा पाकिस्तानी मूल के दो तथा वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड का एक खिलाड़ी उसकी टीम का हिस्सा है।

### करो या मरो के मुकाबले में नेपाल को हराने उतरेगी श्रीलंका

**लॉडरहिल (फ्लोरिडा)।** दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के खिलाफ शिकस्त के बाद अंक तालिका में खाता खुलने का इंतजार कर रहा पूर्व चैंपियन श्रीलंका ग्रुप डी के करो या मरो के मुकाबले में नेपाल को हराकर अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेगा। नेपाल को अपने एकमात्र मैच में नीदरलैंड के खिलाफ छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। बांग्लादेश को पिछले मैच में हराकर दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले ही सुपर आठ में जगह बना चुकी है। वानिंदु हसरंगा की अगुआई वाली टीम की जीत दूसरे स्थान की दौड़ को और भी रोमांचक कर देगी क्योंकि बांग्लादेश, नीदरलैंड और नेपाल की दावेदारी भी बरकरार है। श्रीलंका को अगर जीत दर्ज करनी है तो बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। नेपाल के खिलाफ हार का मतलब होगा कि श्रीलंका का अभियान पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह पांच बजे शुरू होगा।

### ऑस्ट्रेलिया की भिड़ंत नामीबिया से, नजर सुपर आठ पर

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा)।** लगातार दो जीत से आत्मविश्वास से भरा पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया बुधवार को यहां कम रैंकिंग वाले नामीबिया के खिलाफ ग्रुप बी मुकाबले में उतरेगा तो उसकी नजरें आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में जगह पक्की करने पर टिकी होंगी। ऑस्ट्रेलिया ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया है और मौजूदा टूर्नामेंट में 200 रन के आंकड़े को पार करने वाली एकमात्र टीम है। नामीबिया को हराकर ऑस्ट्रेलिया की सुपर आठ में जगह पक्की हो जाएगी जिसके बाद टीम स्कॉटलैंड के खिलाफ ग्रुप बी का अपना अंतिम मैच खेलेगी। वहीं नामीबिया को उम्मीद होगी कि ओमान के खिलाफ सुपर ओवर में जीत के दौरान शानदार प्रदर्शन करने वाले अनुभवी ऑलराउंडर डेविड वाइसे एक बार फिर अच्छा प्रदर्शन करेंगे। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे शुरू होगा।

# राइफल व पिस्टल टीम घोषित दो स्पर्धाओं में भाग लेगी मनु

**ओलंपिक की तैयारी**

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय निशानेबाजी महासंघ ने पेरिस ओलंपिक के लिए मंगलवार को 15 सदस्यीय राइफल और पिस्टल टीम की घोषणा की जिसमें स्टार पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर अकेली ऐसी खिलाड़ी है जो दो स्पर्धाओं में भाग लेगी। टीम का चयन वर्चुअल बैठक में किया गया। टीम में आठ राइफल और सात पिस्टल निशानेबाज शामिल हैं।

चयन समिति ने ट्रायल्स के परिणामों को प्राथमिकता देने का फैसला किया जिससे विश्व चैंपियन रुद्राक्ष पाटिल जैसे निशानेबाजों के लिए दरवाजे बंद हो गए। पाटिल अपनी पसंदीदा 10 मीटर एयर राइफल में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन इसके बावजूद वह ओलंपिक टीम में शामिल करने की गुहार लगा रहे थे क्योंकि उन्होंने कोटा हासिल किया था। निशानेबाजी में कोई व्यक्तिगत खिलाड़ी नहीं बल्कि देश को कोटा दिया जाता है। टीम के सभी सदस्य, कोच और सहयोगी स्टाफ अभी फ्रांस के वोल्मेरेंज लेस माइंस में शिविर में भाग ले रहे हैं। ओलंपिक में जाने से पहले सभी खिलाड़ी स्वदेश लौटेंगे। शॉटगन टीम की घोषणा इटली के लोनाटो में होने वाले विश्व कप के बाद की जाएगी, जिसमें प्रतियोगिताएं बुधवार से शुरू होकर 18 जून तक चलेंगी। पेरिस ओलंपिक खेल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित किए जाएंगे। भारतीय निशानेबाजों ने इस बार संभावित 24 में से 21 कोटा स्थान हासिल किए हैं।



### क्वालीफाई करने का प्रयास करेंगे शॉटगन निशानेबाज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता श्रेयसी सिंह बुधवार को इटली के लोनाटो में शुरू होने वाले आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में भाग लेने वाले 12 भारतीय निशानेबाजों में शामिल होंगी। पुरुष और महिला ट्रैप क्वालीफायर के पहले तीन दौर में भारत प्रत्येक स्पर्धा में तीन सदस्यों के साथ मजबूत टीम उतारेगा। इस विश्व कप में जीते गए पदक निशानेबाजों को अंक दिला सकते हैं जिससे शॉटगन टीम की घोषणा से पहले उन्हें पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने में मदद मिलेगी।

# पाकिस्तान ने कनाडा को हराया



**स्कोर बोर्ड**

**कनाडा :** 106/7, 20 ओवर। अरोन जॉनसन 52, कलीम सना 13 नाबाद। **विकेट :** आमिर 2, हारिस 2, शाहीन अफरीदी 1।

**पाकिस्तान :** 107/3, 17.3 ओवर। रिजवान 53, बाबर 33। **विकेट :** ढिल्लोन 2, जर्मी 1।

न्यूयॉर्क, एजेंसी

मोहम्मद रिजवान नाबाद (53) और कप्तान बाबर आजम की (33) रनों जुझारु पारी के दम पर पाकिस्तान ने मंगलवार को टी-20 विश्वकप के 22वें मुकाबले में 15 गेंदें शेष रहते कनाडा को सात विकेट से हरा दिया है। यह टूर्नामेंट में पाकिस्तान की पहली जीत है और इसने पाकिस्तान की अगले दौर की उम्मीदों को जिंदा रखा है।

107 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की मोहम्मद रिजवान और सईम अयूब की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 20 रन जोड़े। उसके बाद कप्तान बाबर आजम ने मोहम्मद रिजवान के साथ मिलकर दूसरे विकेट लिये 63 रनों की साझेदारी की। बाबर आजम (33) और फखर जमान चार रन बनाकर आउट हुए। मोहम्मद रिजवान ने 53 गेंदों में नाबाद 53 रनों की पारी खेली। पाकिस्तान ने 17.3 ओवर में 107 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया। इससे पहले सलामी बल्लेबाज ऐरन जॉनसन 44 गेंदों में 52 रनों की अर्धशतकीय पारी के दम पर कनाडा ने पाकिस्तान को जीत के लिए 107 रनों का लक्ष्य दिया था।

### टी-20 विश्वकप अंक तालिका

| ग्रुप ए | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट | रद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 2 | 2 | 0 | 4 | 1.455 | 0 |
| अमेरिका | 2 | 2 | 0 | 4 | 0.626 | 0 |
| पाकिस्तान | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.191 | 0 |
| कनाडा | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.493 | 0 |
| आयरलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.712 | 0 |
| **ग्रुप बी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| स्कॉटलैंड | 3 | 2 | 0 | 5 | 2.164 | 1 |
| ऑस्ट्रेलिया | 2 | 2 | 0 | 4 | 1.875 | 0 |
| नामीबिया | 2 | 1 | 1 | 2 | -0.309 | 0 |
| इंग्लैंड | 1 | 0 | 1 | 1 | -1.800 | 1 |
| ओमान (बा) | 3 | 0 | 3 | 0 | -1.613 | 0 |
| **ग्रुप सी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| अफगानिस्तान | 2 | 2 | 0 | 4 | 5.225 | 0 |
| वेस्टइंडीज | 2 | 2 | 0 | 4 | 3.574 | 0 |
| युगांडा | 3 | 1 | 2 | 2 | -4.217 | 0 |
| पापुआ न्यू गिनी | 2 | 0 | 2 | 0 | -0.434 | 0 |
| न्यूजीलैंड | 1 | 0 | 1 | 0 | -4.200 | 0 |
| **ग्रुप डी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| दक्षिण अफ्रीका | 3 | 3 | 0 | 6 | 0.603 | 0 |
| बांग्लादेश | 2 | 1 | 1 | 2 | 0.075 | 0 |
| नीदरलैंड | 2 | 1 | 1 | 2 | 0.024 | 0 |
| नेपाल | 1 | 0 | 1 | 0 | -0.539 | 0 |
| श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | -0.777 | 0 |

# सात्विक-चिराग ने गंवाई नंबर एक रैंकिंग

नई दिल्ली, एजेंसी



पिछले हफ्ते इंडोनेशिया ओपन में खिताब की रक्षा के अपने अभियान से हटने वाली सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार को जारी बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की नवीनतम रैंकिंग में दो स्थान के नुकसान से तीसरे स्थान पर खिसक गई।

चीन के लियांग वेई केंग और वैंग चैंग नई पुरुष युगल नंबर एक जोड़ी है। उनके बाद डेनमार्क के किम एस्ट्रूप और एंडर्स स्कारूप रासमुसेन का नंबर आता है जिन्होंने दो स्थान की छलांग लगाई है। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने मई में थाईलैंड ओपन जीतकर नंबर एक रैंकिंग हासिल की लेकिन पिछले महीने सिंगापुर ओपन में पहले दौर से बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी ने मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई ओपन से भी नाम वापस ले लिया है। पुरुष एकल में एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन क्रमशः 10वें और 14वें स्थान पर बने हुए हैं। किदांबी श्रीकांत चार स्थान गिरकर 32वें स्थान पर खिसक गए हैं जबकि प्रियांशु राजावत (34वें स्थान पर) और किरण जॉर्ज (एक स्थान के फायदे से 35वें स्थान पर) अगले सर्वश्रेष्ठ भारतीय हैं। पीवी सिंधू महिला एकल रैंकिंग में 10वें स्थान पर बनी हुई हैं। महिला युगल में पेरिस ओलंपिक के लिए जाने वाली जोड़ी तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा एक पायदान ऊपर 19वें स्थान पर पहुंच गई। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद भी एक पायदान के फायदे से 24वें स्थान पर हैं।

### ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में हारी हर्षिता-श्रुति की जोड़ी

**सिडनी।** हर्षिता राउत और श्रुति स्वेन की भारतीय जोड़ी मंगलवार को यहां महिला युगल के पहले दौर में सीधे गेम में हार के साथ ऑस्ट्रेलियाई ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई। हर्षिता और श्रुति की जोड़ी को डानिया नुगरोहो और काइ की बर्नाइस टियोह की स्थानीय जोड़ी के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी। अन्य भारतीयों में अभिषेक येलिगर ने पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई किया। अभिषेक ने पहले दौर में शाश्वत दलाल को हराने के बाद ऑस्ट्रेलिया के जेई यिंग चेन को हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। वह पहले दौर में इजराइल के मिशा जिल्बरमैन से भिड़ेंगे। एचएस प्रणय इस टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे और बुधवार को पुरुष एकल के पहले दौर में ब्राजील के यगोर कोएलहो से भिड़ेंगे।

### नागल इटली में एटीपी चैलेंजर के प्री क्वार्टरफाइनल में

**पेरूगिया (इटली)।** भारत के शीर्ष वरीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने मंगलवार को यहां बोस्निया के नर्मन फैटिक पर सीधे सेटों में जीत से एटीपी 125 पेरुगिया चैलेंजर के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। छठे वरीय भारतीय ने एक घंटे 52 मिनट तक चले पहले दौर के मुकाबले में 7-6(1), 6-2 से जीत दर्ज की।

पहला सेट बराबरी पर रहा और दोनों खिलाड़ियों के बीच ज्यादा अंतर नहीं था। लेकिन नागल टाईब्रेक में फैटिक को मात देने में सफल रहे। नागल अब दूसरे दौर में स्थानीय खिलाड़ी एलेसांद्रो जियाननेसी से भिड़ेंगे। इस जीत ने एटीपी लाइव रैंकिंग में नागल चार पायदान ऊपर 73वें स्थान पर पहुंच गए हैं जो करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। नागल ने पेरिस ओलंपिक पुरुष एकल ड्रॉ में जगह लगभग पक्की कर ली है।

# लेवांडोव्स्की और स्वाइडरस्की चोटिल यूरोपीय चैंपियनशिप में खेलना संदिग्ध

**वारसॉ (पोलैंड)।** पोलैंड के स्टार स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवांडोव्स्की और करोल स्वाइडरस्की तुर्की के खिलाफ अभ्यास मैच में चोटिल हो गए और उनका यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में खेलना संदिग्ध है। पोलैंड ने यह मैच 2-1 से जीता लेकिन दो प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल हो जाने से यूरो 2024 के शुरू होने से पहले उसकी चिंता बढ़ गई है। स्वाइडरस्की ने लेवांडोव्स्की की मदद से 12वें मिनट में पहला गोल किया लेकिन जश्न मनाते समय उनके टखने में चोट लग गई और उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। पोलैंड की तरफ से सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड रखने वाले कप्तान लेवांडोव्स्की भी 32 मिनट तक ही मैदान में रहे। उन्हें दाहिने पांव में चोट लगने के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा। लेवांडोव्स्की और स्वाइडरस्की के पास रविवार तक फिट होने का समय है, जब पोलैंड हैम्बर्ग में नीदरलैंड के खिलाफ यूरोपीय चैंपियनशिप में अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

### फ्रेंकी डी जोंग यूरो 2024 से बाहर

**रोटरडम (नीदरलैंड)।** नीदरलैंड के मिडफील्डर फ्रेंकी डी जोंग टखने की चोट के कारण यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में नहीं खेल पाएंगे जिससे टीम की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। नीदरलैंड के फुटबाल महासंघ ने बताया कि बार्सिलोना की तरफ से खेलने वाला यह स्टार फुटबॉलर जर्मनी में होने वाले यूरो 2024 के लिए उपलब्ध नहीं रहेगा। नीदरलैंड की आइसलैंड के खिलाफ अभ्यास मैच में 4-0 से जीत के दौरान डी जोंग बाहर बैठे रहे। नीदरलैंड के कोच रोनाल्ड कोमैन ने कहा वह अगले तीन सप्ताह तक शीर्ष स्तर की फुटबॉल खेलने के लिए पर्याप्त फिट नहीं हैं। उन्हें टीम में बनाए रखने का कोई मतलब नहीं बनता है। यूरोपीय चैंपियनशिप में 1988 का विजेता नीदरलैंड यूरो 2024 में अपना पहला मैच रविवार को पोलैंड के खिलाफ खेलेगा।



<< रॉबर्ट लेवांडोव्स्की

### चेन्नईयन एफसी ने विलमर जॉर्डन गिल से किया अनुबंध



**चेन्नई।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम चेन्नईयन एफसी ने आगामी सत्र से पहले कोलंबिया के स्टार स्ट्राइकर विलमर जॉर्डन गिल के साथ अनुबंध किया है। क्लब ने यह घोषणा करते हुए कहा कोलंबिया का यह फुटबॉलर काफी अनुभवी है और इससे पहले दो सत्र में आईएसएल में खेल चुका है। विलमर ने 2022 में नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड एफसी की तरफ से आईएसएल में पदार्पण किया था। इसके अगले सत्र में उन्होंने पंजाब एफसी की तरफ से प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। वह अभी तक आईएसएल ने 15 मैच में 8 गोल कर चुके हैं। चेन्नईयन ने विलमर के साथ एक साल का अनुबंध किया है। वह एल्सिन्हो डायस और चीमा चुक्वू के बाद इस क्लब से जुड़ने वाले तीसरे विदेशी खिलाड़ी हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।




यूक्रेन रिकवरी सम्मेलन का आयोजन जर्मनी की राजधानी बर्लिन में होगा, यूक्रेन के पुनर्निर्माण पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन से पहले सोमवार को रेडियो टावर को यूक्रेनी राष्ट्रीय ध्वज के रंगों से रोशन किया गया है। • एजेंसी

# इजराइल-हमास में संघर्ष विराम प्रस्ताव को संरा की मंजूरी

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र (संरा) सुरक्षा परिषद ने गाजा में इजराइल और हमास के बीच आठ महीने से जारी युद्ध को समाप्त करने के उद्देश्य से सोमवार को पहले प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। अमेरिका समर्थित संघर्ष विराम प्रस्ताव की घोषणा राष्ट्रपति जो बाइडन ने की।

अमेरिका का कहना है कि इजराइल ने इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। वहीं सबकी निगाहें चरमपंथी फलस्तीनी समूह हमास पर हैं, जिसने तीन चरण वाले इस योजना प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया है। सुरक्षा परिषद के 15 सदस्य देशों में से 14 ने इसका समर्थन करते हुए मंजूरी दी, हालांकि रूस मतदान से नदारद रहा। इस प्रस्ताव में इजराइल और हमास से बिना किसी शर्त और विलंब के इसके नियमों को पूर्ण रूप से लागू करने का



- अमेरिका समर्थित प्रस्ताव की घोषणा राष्ट्रपति बाइडन ने की
- अमेरिका बोला- इजराइल ने इस प्रस्ताव को कर लिया स्वीकार
- हमास ने तीन चरण वाले प्रस्ताव को नहीं किया स्वीकार

आह्वान किया गया है। वहीं, हमास ने कहा कि वह प्रस्ताव का स्वागत करता है और इसे लागू करने के लिए इजराइल के साथ सीधी बातचीत न कर मध्यस्थों के साथ कार्य करने को तैयार है। हमास का ये बयान अब तक दिए सबसे कड़े बयानों में से एक था। हमास ने बयान में इस बात पर जोर दिया है कि इजराइल के कब्जे को समाप्त करने के लिए संघर्ष जारी रखेगा और फलस्तीन को पूर्णतया संप्रभु देश बनाने के लिए काम करता रहेगा। हमास के प्रवक्ता जिहाद ताहा ने मंगलवार को कहा कि इजराइल द्वारा समझौते का कार्यान्वयन सुनिश्चित करने को कुछ मामलों का अध्ययन और स्पष्टीकरण करने के प्रयास जारी हैं।

### ब्लिंकन ने इजराइल पर योजना लागू करने के लिए बनाया दबाव

**तेल अवीव।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन सोमवार को इजराइल पहुंचे, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से गाजा में युद्ध के बाद के लिए योजना को स्वीकार करने का आग्रह किया। इतना ही नहीं, उन्होंने संघर्ष विराम प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए हमास पर और अंतर्राष्ट्रीय दबाव बनाने की भी वकालत की। हालांकि समझौते के प्रति नेतन्याहू का रवैया संदेहास्पद है और उन्होंने कहा कि इजराइल, हमास को नेस्तनाबूद करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### युद्ध अपराध करने की आशंका: मानवाधिकार

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने सप्ताहांत पर इज़राइली बलों द्वारा घातक हमला कर चार बंधकों को छुड़ाने को लेकर इज़राइली बलों और फलस्तीनी सशस्त्र समूहों की ओर से युद्ध अपराध को अंजाम देने की आशंका जताई है। कार्यालय के प्रवक्ता जेरेमी लॉरेंस ने शहरी नुसैरात शरणार्थी शिविर में इज़राइल के किए हमले से स्थिति में अंतर समझने और सावधानी बरतने के नियमों को कथित रूप से तोड़े जाने पर चिंता व्यक्त की। फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि दर्जनों महिलाओं और बच्चों समेत 274 फलस्तीनी मारे गए हैं। लॉरेंस ने कहा कि फलस्तीनी सशस्त्र समूहों ने घनी आबादी वाले इलाके में बंधकों को रखकर आसपास के आम लोगों और बंधकों की जिंदगी को खतरे में डाला।

### इजरायली हमले में फिलिस्तीन में 4 की मौत, 8 घायल

**गाजा।** फिलिस्तीन में वेस्ट बैंक के पास कफर नीमा गांव पर इजरायली हमले में चार लोग मारे गए और आठ घायल हो गए। अल जज़ीरा ने फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से कहा गया कि इजरायली बलों ने पहले कफर नीमा के पास एक कार पर हमला किया। घटना के बाद इजरायली सैनिकों ने गांव पर धावा बोला, जिससे फिलिस्तीनी लोग घायल हो गए।

## एक नजर

### गुवाहाटी हाईकोर्ट के दो अतिरिक्त जज प्रोन्नत

**नई दिल्ली।** गुवाहाटी हाईकोर्ट के दो अतिरिक्त न्यायाधीशों को मंगलवार को प्रोन्नत कर स्थायी न्यायाधीश बनाया गया। ये दोनों प्रोन्नतियां, नरेन्द्र मोदी सरकार के नौ जून को तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में आने के बाद न्यायालय में अधिसूचित की जाने वाली पहली प्रोन्नतियां हैं। कानून मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया है कि हाईकोर्ट की दो न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुष्मिता फूकन खौंड और न्यायमूर्ति मिताली ठाकुरिया को इसी कोर्ट में न्यायाधीश बनाया गया है। उनकी प्रोन्नतियां उनके द्वारा अपना- अपना प्रभार संभालने की तारीख से प्रभावी होंगी।

### रूस में प्रशिक्षु विमान दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत

**मॉस्को।** रूस के उत्तरी ओसेशिया में प्रशिक्षु विमान के तकनीकी खराबी के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से चालक दल के सदस्य की मौत हो गयी। रूस के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि उत्तरी ओसेशिया-अलानिया गणराज्य में रूसी एयरोस्पेस बल का एक प्रशिक्षु एसयू-34 विमान निर्धारित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान पहाड़ी क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मंत्रालय के अनुसार विमान निर्जन क्षेत्र में गिर गया और चालक दल के सदस्य की मौत हो गयी।

### मिस्र में साढ़े छह लाख से अधिक शरणार्थी पंजीकृत

**काहिरा।** मिस्र में 6,60,000 शरणार्थी पंजीकृत हैं जिनमें से ज्यादातर सूडान के है। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त के कार्यालय की प्रवक्ता क्रिस्टीन बेशाय ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि सूडान में संकट से शरणार्थियों की संख्या में वृद्धि हुई है। इनमें 3,78,000 शरणार्थी सूडानी हैं। 15 अप्रैल 2023 को सूडानी सेना और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज में झड़पें हुईं। संघर्ष के पक्षों ने तब से कई अस्थायी राष्ट्रव्यापी युद्ध विराम लागू किए हैं। अक्टूबर के अंत में जेद्दा में सऊदी अरब की मध्यस्थता से दोनों पक्षों ने बातचीत शुरू की, लेकिन संघर्ष जारी है।

### फर्जी दस्तावेज में 4 बांग्लादेशी गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने भारतीय पासपोर्ट हासिल करने के लिए जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करने के आरोप में चार बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि एक गोपनीय सूचना के आधार पर एटीएस की जुहू इकाई ने हाल ही में रियाज हुसैन शेख (33), सुल्तान सिद्दीक शेख (54), इब्राहिम शफीउल्ला शेख (44) और फारुक उस्मानगनी शेख (39) को गिरफ्तार किया।

# हमजा के निर्देश पर आतंकी हमला

## रियासी आतंकी हमला : स्केच जारी, जानकारी देने वाले को 20 लाख का इनाम

किशोर कुमार, जम्मू

**अमृत विचार :** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में श्रद्धालुओं से भरी बस पर रविवार को आतंकवादियों ने हमला कर नौ लोगों की हत्या कर दी थी। इस हमले में शामिल आतंकवादियों का पता लगाने और उनको पकड़ने के लिए सोमवार और मंगलवार को पूरे इलाके में सुरक्षा बलों ने सर्च अभियान चलाया है और सुरक्षा बलों की 11 टीमें इस कार्य में लगाई गई है। वहीं पोनी तेरयाथ इलाके की कई तरफ से घेराबंदी कर तलाशी ली जा रही है।

सुरक्षा बलों को संदेश है कि यह हमला लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर अबू हमजा के निर्देश पर किया गया है। वहीं पुलिस ने इस आतंकी हमले में शामिल आतंकिवादियों के ठिकाने की जानकारी देने वाले को 20 लाख का इनाम देने की घोषणा की है। प्रत्यक्षदर्शियों के बताए हुलिए के अनुसार पुलिस ने आतंकवादी का स्केच बनाकर उसको जारी किया है। रियासी आतंकी हमले में नौ लोगों की मौत (जिनमें बच्चे भी थे) और 41 लोगों के जख्मी होने के बाद सुरक्षा बलों ने जम्मू और राजौरी जिले में हाई अलर्ट घोषित कर दिया है तथा जांच तेज करने के साथ ही पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी।

आतंकियों का पता लगाने के लिए 20 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। आतंकवादियों ने श्रद्धालुओं को शिव खोरी से कटरा में माता वैष्णों देवी मंदिर ले जा रही 53 सीट वाली बस पर पोनी में तेरयाथ गांव के पास रविवार को गोलीबारी कर दी थी। गोलीबीर के दौरान चालक नियंत्रण खो बैठा और बस खाई में जा गिरी थी। बस में उत्तर प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली के श्रद्धालु सवार थे। सुरक्षा बलों को संदेह है कि हमले के बाद पाकिस्तानी आतंकवादी राजौरी और रियासी के पहाड़ी इलाकों में छुपे हुए हैं। वह सुरक्षित संचार के माध्यम से आईएसआई से निर्देश ले रहे हैं। ऐसी रिपोर्ट हैं कि एक स्थानीय मददगार सहित 4 आतंकी इस हमले में शामिल थे, जिसे लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर अबू हमजा के निर्देश पर अंजाम दिया गया। ड्रोन और खोजी कुत्तों सहित निगरानी उपकरणों से लैस सुरक्षाकर्मियों ने सोमवार और मंगलवार को भी तलाशी अभियान शुरू किया है।



आतंकी अबू हमजा (लाल घेरे में)।



पुलिस की ओर से जारी आतंकी का स्केच।

- पोनी तेरयाथ इलाके की कई तरफ से की गई घेराबंदी
- जम्मू और राजौरी में हाई अलर्ट पहाड़ी इलाकों में छीपे हैं आतंकी

### आतंकवादी हमले के विरोध चौमू में धरना-प्रदर्शन

**जयपुर।** जम्मू के रियासी में श्रद्धालुओं की बस पर हुए आंतकी हमले में राजस्थान के मारे गए चार लोगों के शव आज सुबह जयपुर पहुंचे वहीं हमले के विरोध एवं मृतकों के परिजनों को मुआवजा एवं आश्रितों को स्थाई नौकरी की मांग को लेकर जयपुर के मुरलीपुरा एवं चौमूं में धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। शव जयपुर पहुंचने के बाद मृतक राजेन्द्र एवं ममता के शव चौमूं पहुंचने से पहले सुबह दस बजे से परिजनों एवं ग्रामीणों ने पांच्यावाली ढाणी में धरना शुरु कर दिया और लोग आक्रोशित हो गए और वे सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शनकारी मुआवजा एवं स्थाई नौकरी की मांग कर रहे है और इनसे बातचीत के लिए प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारी मौके पहुंचे और इनसे वार्ता की है।

### सुरक्षाबलों के 11 दल कर रहे आतंकियों की तलाश

उधमपुर-रियासी रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) रईस मोहम्मद भट ने कहा कि पुलिस, सेना, सीआरपीएफ के 11 दल आतंकियों को खत्म करने के लिए दो छोर पर काम कर रहे हैं और सुरक्षा बलों को कुछ सुराग मिले हैं। पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने जानकारी दी कि मंगलवार को भी हमले के क्षेत्र में और उसके आसपास के इलाके की तलाशी ली गई है और इस कार्य में सुरक्षा बलों के 11 दलों को लगाया गया है। इसके अलावा (पोनी-तेरयाथ) पट्टी के चारों ओर घेराबंदी भी की गई है। हमले में घायल हुए लोगों के बयानों के आधार पर उन्होंने इस संभावना से इनकार नहीं किया है कि घटनास्थल पर कोई चौथा व्यक्ति भी मौजूद था जो तीनों आतंकियों के लिए वहां पर नज़र रख रहा था।

## हत्या के मामले में कन्नड़ अभिनेता दर्शन गिरफ्तार छह दिन की हिरासत में

**बेंगलुरु।** कन्नड़ अभिनेता दर्शन थूगुदीप और अभिनेत्री पवित्रा गौड़ा को एक व्यक्ति की हत्या के मामले में मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक, अभिनेता ने कथित तौर पर एक व्यक्ति की हत्या कर दी, जिसने उनके करीबी दोस्त के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। दर्शन और 12 अन्य लोगों को मंगलवार को हिरासत में लेने के बाद पुलिस ने उनसे पूछताछ की और बाद में उन्हें रेणुकास्वामी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। रेणुकास्वामी का शव नौ जून को बरामद हुआ था। दर्शन और पवित्रा बेंगलुरु की मजिस्ट्रेट अदालत में पेश हुए, जहां से उन्हें छह दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

# रूसी सेना में भर्ती दो भारतीय मारे गए हैं : विदेश मंत्रालय

मास्को, एजेंसी

- सरकार दोनों के पार्थिव शरीर को स्वदेश लाने का कर रही है प्रयास

रूस और यूक्रेन में चल रहे संघर्ष में रूसी सेना में भर्ती दो भारतीय नागरिक हाल ही में मारे गए हैं। सरकार उनके पार्थिव शरीर को स्वदेश लाने का प्रयास कर रही है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार देर रात यह जानकारी देते हुए कहा कि हमें यह बताते हुए दुख हो रहा है कि रूसी सेना में भर्ती किए गए दो भारतीय नागरिक हाल ही में रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष में मारे गए हैं।

मंत्रालय के बयान में कहा गया कि हम मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। मास्को में हमारे दूतावास ने रक्षा मंत्रालय सहित रूसी अधिकारियों पर नश्वर अवशेषों की शीघ्र स्वदेश वापसी के लिए दबाव डाला है। विदेश मंत्रालय और मास्को में भारतीय दूतावास ने रूसी सेना में शामिल सभी भारतीयों की शीघ्र रिहाई और वापसी के लिए क्रमशः नई दिल्ली में रूसी राजदूत और मास्को में रूसी अधिकारियों के साथ मामले को दृढ़ता से उठाया है। यह भी मांग की कि रूसी सेना द्वारा भारतीयों की आगे की भर्ती पर रोक लगाई जाए। ऐसी गतिविधियां हमारी साझीदारी के अनुरूप नहीं होंगी। मंत्रालय ने कहा कि हम भारतीयों से आग्रह करते हैं कि वह रूस में रोजगार तलाशते समय सावधानी बरतें।

## 1000 रुपये मानदेय को लेकर आतिशी के आवास पर प्रदर्शन

नई दिल्ली, एजेंसी

महिला मंच की सदस्यों ने मंगलवार को दिल्ली की मंत्री आतिशी के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और आप सरकार से शहर की महिलाओं को 1000 रुपये मानदेय देने की बजट की घोषणा को पूरा करने की मांग की। मथुरा रोड स्थित मंत्री के आवास के बाहर महिलाओं ने नारे लगाए।

सफिया फहीम ने कहा कि आप सरकार ने अपने बजट में महिलाओं को 1000 रुपये प्रति माह मानदेय देने की घोषणा की थी। यह कोई चुनावी वादा नहीं था, इसलिए सरकार को महिलाओं को यह पैसे देने चाहिए। पुलिस अधिकारी ने कहा कि कुछ महिलाएं मंत्री आतिशी के आवास पर महिलाएं शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहीं थी, जिससे किसी को हिरासत में नहीं लिया गया। लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए तिहाड़ से जमानत पर आए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आश्वासन दिया था कि महिलाओं को 1000 रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे। 2024-25 के लिए विधानसभा में पेश बजट में मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के तहत पैसे देने का वादा किया था। आतिशी ने पहले कहा था कि आचार संहिता हटने के बाद योजना को अधिसूचित किए जाने की संभावना है।

## हूती विद्रोहियों का दावा, अमेरिकी और इजराइली जासूसों को पकड़ा

काहिरा, एजेंसी

- अंतर्राष्ट्रीय और संरा की आड़ में अपने विध्वंसक एजेंडे को जारी रखा : हूती खुफिया एजेंसी

यमन के हूती विद्रोहियों ने कहा कि उन्होंने सहायता संगठनों के सदस्यों के साथ संयुक्त राष्ट्र के 11 कर्मचारियों को हिरासत में लेने के कुछ दिन बाद एक अमेरिकी-इजराइली जासूसी तंत्र के सदस्यों को पकड़ा है। हूती खुफिया एजेंसी के प्रमुख मेजर जनरल अब्दुलहकीम अल-खायेवानी ने गिरफ्तारियों की घोषणा करते हुए कहा कि जासूसी तंत्र पहले सना में अमेरिकी दूतावास से संचालित होता था।

उन्होंने कहा कि 2015 में राजधानी सना और उत्तरी यमन पर हूतियों के कब्जे के बाद इसे बंद कर दिया गया था, लेकिन उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय और संरा संगठनों की आड़ में अपने विध्वंसक एजेंडे को जारी रखा। संयुक्त राष्ट्र ने शुक्रवार को यमन के 11 कर्मचारियों की गिरफ्तारी की घोषणा की थी। इनमें से छह संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार संस्था के लिए काम करते थे, जबकि एक-एक कर्मचारी इसके विशेष दूत के कार्यालय, इसकी विकास शाखा, संयुक्त राष्ट्र बाल कोष, विश्व खाद्य कार्यक्रम और संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन' के लिए काम करता था। अन्य सहायता समूहों ने भी कर्मचारियों को हिरासत में लिए जाने की सूचना दी, हालांकि कुल संख्या पता नहीं चली।

# मलावी के उप राष्ट्रपति और 9 अन्य लोगों की विमान हादसे में गई जान

ब्लांटायर (मलावी), एजेंसी

मलावी के उपराष्ट्रपति सोलोस चिलिमा और नौ अन्य लोगों की एक विमान दुर्घटना में मौत हो गई। देश के राष्ट्रपति लाजारस चकवेरा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जिस सैन्य विमान में चिलिमा यात्रा कर रहे थे, उसका मलबा देश के उत्तर में एक पहाड़ी क्षेत्र में मिला। एक दिन से अधिक समय तक चली खोज के बाद विमान का मलबा मिला।

राष्ट्रपति चकवेरा ने सरकारी टेलीविजन पर कहा कि इस दुर्घटना में कोई भी जीवित नहीं बचा है। उप राष्ट्रपति चिलिमा और आठ अन्य लोगों को लेकर विमान इस दक्षिणी अफ्रीकी देश की राजधानी लिलोंग्वे से सोमवार सुबह 9.17 बजे रवाना हुआ था और इसे करीब 45 मिनट बाद राजधानी से 370 किलोमीटर दूर मजुजु अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरना था।

राष्ट्रपति ने कहा कि हवाई यातायात नियंत्रक ने खराब मौसम के कारण विमान को मजुजु हवाई अड्डे पर उतरने का प्रयास नहीं करने और वापस लिलोंग्वे की ओर मुड़ने के लिए कहा। इसके बाद हवाई यातायात नियंत्रक का विमान से संपर्क टूट गया और विमान रडार से गायब हो गया। विमान में सात यात्री और सैन्य चालक दल के तीन सदस्य सवार थे।



- सैन्य विमान में चिलिमा यात्रा पर जा रहे थे उपराष्ट्रपति देश के उत्तर में पहाड़ी क्षेत्र में मिला विमान का मलबा

## नए वाद नीति दस्तावेज को विधि मंत्रालय ने दी मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय विधि मंत्रालय ने राष्ट्रीय मुकदमा नीति के दस्तावेज को अंतिम रूप दिया

विचार-विमर्श के बाद, केंद्रीय विधि मंत्रालय ने मंगलवार को राष्ट्रीय मुकदमा नीति पर एक दस्तावेज को अंतिम रूप दिया, जिसका उद्देश्य लंबित मामलों के शीघ्र समाधान पर जोर देना है। विधि मंत्री का कार्यभार संभालने के तुरंत बाद अर्जुन राम मेघवाल ने मंगलवार को राष्ट्रीय वाद नीति दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए। राष्ट्रीय वाद नीति दस्तावेज को मंजूरी के लिए आने वाले दिनों में केंद्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष रखा जाएगा।

सूत्रों ने बताया कि यह नीति मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिवसीय एजेंडे का हिस्सा है। कार्यभार संभालने के बाद मेघवाल ने कहा कि मंत्रालय की प्रमुख प्राथमिकता सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालयों, निचली अदालतों, न्यायाधिकरणों और उपभोक्ता अदालतों में लंबित मामलों में तेजी से न्याय दिलाना होगी। वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि दस्तावेज में लंबित मामलों से संबंधित मंत्री द्वारा उठाए गए मुद्दों को शामिल किया गया है। पदाधिकारी ने बताया कि यह पहली फाइल थी जिस पर वह हस्ताक्षर करना चाहते थे। राष्ट्रीय वाद नीति का मसौदा कई वर्षों से तैयार किया जा रहा है तथा विभिन्न सरकारों द्वारा इसकी रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया जा रहा है।

## बॉलीवुड हलचल

### बचपन से अभिनेत्री बनना चाहती थी सिंपल कौल

**मुंबई।** अभिनेत्री सिंपल कौल का कहना है कि उनके अंदर बचपन से ही एक कलाकार की भावना थी, इसलिए वह अभिनेत्री हीं बनना चाहती थी। कुसुम, तीन बहुरानियां, सास बिना ससुराल, तारक मेहता का उल्टा चश्मा और जिद्दी दिल माने ना जैसी फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्री सिंपल कौल बचपन के दिनों से ही अभिनेत्री बनने का सपना देखा करती थी। उन्होंने कहा, मेरे अंदर बचपन से ही एक कलाकार की भावना थी, इसलिए शुरू से ही मुझे पता था कि मैं एक अभिनेत्री बनना चाहती हूं। जब मुझे अभिनय के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी, तब भी मैं शीशे के सामने अभिनय करती थी और ऐसे अभिनय करती थी जैसे मैं कोई सेलिब्रिटी हूं। मैंने अपने सपनों को तब साकार किया जब अभिव्यक्ति की अवधारणा के बारे में व्यापक रूप से बात नहीं की गई थी। मैं सिर्फ़ एक ही चीज़ जानती थी कि अपने सपनों पर ध्यान केंद्रित रखना है और उन्हें जीना है : मशहूर होना, कैमरे के सामने अभिनय करना और अलग-अलग किरदार निभाना। उन्होंने कहा, यदि मैं अभिनय या प्रदर्शन नहीं कर सकती थी, तो जीने का कोई कारण नहीं था। समय के साथ मेरा जुनून और मजबूत होता गया।

### फिल्म गिल्ट 3 को मिली प्रतिक्रिया से खुश सारा खान



**मुंबई।** अभिनेत्री सारा खान अपनी नवीनतम फिल्म गिल्ट 3 को मिली प्रतिक्रिया से खुश हैं। सार ने फिल्म गिल्ट 3 में कृति का किरदार निभाया है और उनका दावा है कि वह अपने किरदारों को जीती हैं। उन्होंने कहा, बेशक, अपने प्रोजेक्ट के बारे में अच्छी बातें सुनना अच्छा लगता है। हर फिल्म या शो एक अभिनेता के लिए खास होता है और हम अपना सर्वश्रेष्ठ देते हैं। अब तक, मैंने अच्छी बातें सुनी हैं और मुझे खुशी है कि लोगों को यह पसंद आया। जहां तक मेरे किरदार की बात है, वह चुलबुली, सकारात्मक, युवा और कुछ और थी, जो मेरे लिए बहुत ताज़ा थी। मैंने बस कृति को जिया, क्योंकि मैं हमेशा किरदार को जीने, सोचने और किसी भी स्थिति पर प्रतिक्रिया की कोशिश करती हूं। मुझे लगता है कि मनोरंजन केवल मनोरंजन के रूप में देखने से कहीं अधिक एक व्यवसाय है।

### अपने करियर की यात्रा से खुश हैं झुम्मा मित्रा

**मुंबई।** प्रतीक शर्मा और पार्थ शाह के स्टूडियो एलएसडी के प्यार का पहला अध्याय : शिव शक्ति में पद्मा का किरदार निभाने वाली झुम्मा मित्रा अपने करियर की यात्रा से खुश हैं। उन्होंने कहा, मेरा करियर लंबा और फलदायी रहा है, यह रातों-रात मिली सफलता नहीं है, बल्कि धीमी, स्थिर और क्रमिक प्रगति है। मैं यह सोचना चाहती हूं कि आज मैं अपने सहकर्मियों और कास्टिंग बिरादरी द्वारा अच्छी कलाकार के रूप में जानी जाती हूं, और मुझे लगता है कि यह एक उपलब्धि है। मित्रा का मानना है कि महत्वाकांक्षा, प्रेरणा, धैर्य और अनुशासन महत्वपूर्ण हैं, खासकर अभिनय जैसे अस्थिर और असुरक्षित पेशे में और मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि इन कुछ कारकों के साथ, कोई व्यक्ति न करियर में, बल्कि जीवन में भी उत्कृष्टता प्राप्त कर सकता है।

**ब्रह्माड के रहस्य** 600 किमी प्रति सेकंड की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है यह तारा

# आकाशगंगा मिल्की वे को पार कर जाएगा एक तारा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** पहली बार एक ऐसे तारे का पता चला है, जो हमारी आकाशगंगा मिल्की वे को पार कर जाएगा। यह तारा 600 किमी प्रति सेकंड की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। खगोल वैज्ञानिक इस तारे पर नजर बनाए हुए हैं। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है।

इस तारे का नाम सीडब्ल्यूआईएसई जे 124909 है। इसकी अत्यधिक रफ्तार देख वैज्ञानिक हैरान हैं। इसकी तुलना सूर्य की गति से करें तो हमारा सूर्य 220 किमी प्रति सेकंड की चाल से आगे बढ़ता है और एक निश्चित कक्षा में रहता है। साथ ही मिल्की वे आकाशगंगा के चारों ओर परिक्रमा करता है। इसका पता प्लैनेट 9 की खोज के दौरान चला। यह दुर्लभ हाइपर वेलोसिटी एल सबड्वार्फ तारा है। अपने द्रब्यमान के कारण इसकी गति बेहद अधिक है। जिस कारण वह आकाशगंगा को पूरी तरह से छोड़ देगा। प्रो एडम बर्गेसर के नेतृत्व में यह खोज की गई है। विस्कॉन्सिन, अमेरिकन एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी (एएएस) की 244वीं राष्ट्रीय बैठक के दौरान संवाददाता सम्मेलन में इसका खुलासा किया गया है।

वैज्ञानिको का कहना है कि इसकी तेज गति आकाशगंगा के गुरुत्वाकर्षण से बचने के लिए पर्याप्त है। इसकी गति मापने के लिए हवाई स्थित मौना केआ में केक वेधशाला की दूरबीन का सहारा लिया गया। दूरबीन से प्राप्त आंकड़ों से पता चला कि यह एक दुर्लभ एल सबड्वार्फ तारा है। सबड्वार्फ आकाशगंगा के सबसे पुराने सितारों का प्रतिनिधित्व करते हैं।



तेज गति वाला तारा।

### इसके प्रभाव की जानकारी जुटाई जाएगी

**नैनीताल :** ब्रह्मांड के रहस्यों का तेजी से खुलासा हो रहा है। यह एक अनूठी खोज है, जो किसी तारे के आकाशगंगा से बाहर जाने के बाद प्रभाव की नई जानकारी देगी। वैज्ञानिको का कहना है कि कुशल तकनीक के चलते नित नई जानकारियां सामने आ रही हैं। पिछले एक दशक के दौरान सैंकड़ों नई खोजें हुई हैं। जिसने खगोल विज्ञान को नई दिशा दी है।